राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





03 एनडीए की सरकार ने बिहार की छवि...

तालिबान की धमकी के बाद ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 310 | पटना, शनिवार, 23 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 26°C
न्यूनतम तापमान 21°C

**बाजार**

सोना 68,255
चांदी 78,700
सेंसेक्स 72,832
निफ्टी 22,096

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार भारतीय संस्कृति, शिक्षा का ऐतिहासिक केंद्र: मुर्मू

बिहार के स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति ने दी बधाई

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को बिहार के लोगों को राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई दी और राज्य की प्रगति की कामना की। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्यबिहार दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। बिहार भारतीय संस्कृति और शिक्षा का ऐतिहासिक केंद्र रहा है। उन्होंने कहा, अपने दृढ़ निश्चय, कर्तव्य के प्रति समर्पण और त्याग के लिए मशहूर बिहार के लोगों ने देश-विदेश में अपनी जगह बनाई है। मेरी कामना है कि यह प्रदेश सदैव प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे। बिहार को 22 मार्च 1912 को पश्चिम बंगाल से अलग कर एक राज्य बनाया गया था।

### मोदी ने बिहार दिवस पर राज्यवासियों को दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार दिवस के अवसर पर राज्य के लोगों को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में बिहारवासियों का अमूल्य योगदान रहने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बिहार दिवस पर राज्य के अपने सभी परिवारजनों का हार्दिक अभिनंदन! अपनी सांस्कृतिक विरासत और वैभव के लिए दुनियाभर में विशिष्ट पहचान रखने वाला हमारा यह प्यारा प्रदेश विकास के एक नए युग की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हमारे मेहनती और प्रतिभाशाली बिहारवासियों का अमूल्य योगदान रहने वाला है। बिहार दिवस हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है।

### ओडिशा में बीजद भाजपा में गठबंधन नहीं

नई दिल्ली। ओडिशा में भाजपा और राज्य में सत्तारूढ़ बीजद के बीच गठबंधन की संभावनाएं शुक्रवार को उस समय लगभग समाप्त हो गईं, जब केंद्र की सत्ताधारी पार्टी ने आगामी लोकसभा और राज्य विधानसभा के चुनावों में सभी सीट पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की। भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 4.5 करोड़ ओडिशावासियों की आशा, अभिलाषा और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत तथा विकसित ओडिशा बनाने के लिए भाजपा इस बार लोकसभा की सभी 21 और विधानसभा की सभी 147 सीट पर अकेले चुनाव लड़ेगी।

**सुपौल के बकोर और मधुबनी जिले के बीच पुल का हो रहा निर्माण, गार्डर गिरने से मचा हड़कंप**

# कोसी नदी पर बने रहे पुल का गार्डर गिरा, कई मजदूर दबे; एक की मौत

## मृतक के परिवार को 10 लाख एवं घायलों को 1-1 लाख मुआवजा का भुगतान

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। सुपौल में कोसी नदी पर बन रहे पुल का गार्डर गिर गया। हादसे में कई मजदूर दब गए। इनमें से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने घायल सात मजदूरों को अस्पताल में भर्ती करवाया। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि सुपौल के बकोर और मधुबनी जिले के बीच यह पुल बन रहा है। सुबह सात बजे अचानक पुल के पिलर नंबर 50, 51 और 52 के गार्डर भरभरा कर गिए गए। इधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि गार्डर के नीचे करीब 15 मजदूरों के दबने की आशंका है। इनमें से आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि हमलोगों ने कहा था कि पुल की गुणवत्ता में काफी कमी है। हमलोगों ने इसका विरोध भी किया। लेकिन, पुल निर्माण कंपनी ने ध्यान नहीं दिया।

वहीं सुपौल के डीएम कौशल कुमार ने कहा कि भेजा-बकौर के बीच मरीचा के पास एक निमाणार्धीन पुल का एक हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। मामले की जांच चल रही है। निर्माण कार्य में लगी कंपनी से संपर्क किया जा रहा है। आगे की कार्रवाई चल रही है।

**भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत देश का सबसे लंबा पुल का निर्माण:**

केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत देश के सबसे लंबे पुल का निर्माण हो रहा है। परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से 1200 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। इसकी लंबाई 10.2 किलोमीटर से ज्यादा है। एप्रोच रोड मिलाकर पुल की कुल लंबाई 13.3 किलोमीटर होगी। पुल निर्माण का काम ट्रांस रेल कंपनी करवा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे के बाद कंपनी के अधिकारी और इंजीनियर मौके पर नहीं आए। लोगों का यह भी कहना है कि पुल का निर्माण 2023 तक पूरा होना था, लेकिन कोरोना और बाढ़ के कारण पुल निर्माण का समय बढ़ गया।



### उच्चस्तरीय टीम करेगी जांच, बख्शे नहीं जाएंगे दोषी : विजय

#### पथ निर्माण मंत्री ने विभागीय अधकारियों के साथ की समीक्षा

- कहा-भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

पथ निर्माण मंत्री विजय सिंह ने कहा कि यह घटना बहुत दुखद और मन को पीड़ा देने वाली है। प्रशासन को घायलों की अविलंब मदद करने और समुचित मुआवजा देने का निर्देश दे दिया गया है। निर्माणधीन पुल गिरने की जांच कराई जाएगी और दोषी पदाधिकारी अभियंताओं और कार्यरत कंपनी के विरुद्ध नियम अनुसार जांच की कार्रवाई की जाएगी डबल इंजन की सरकार में भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लोक निधि की लूट की छूट किसी को नहीं दी जा सकती। यदि जांच में यह बात सामने आएगी तो जिम्मेदार कर्मियों और कंपनी पर विधि सम्मत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि सुपौल-मधुबनी के भेजा-बकौर के बीच कोशी नदी पर निमाणार्धीन पुल के एक हिस्से की गिरने की मुझे सूचना मिली है, जिसमें एक मजदूर की मृत्यु और कुछ अन्य कार्य मजदूर के घायल होने की सूचना मिली है। दुर्घटना स्थल का उच्च स्तरीय टीम करेगी दौरा : पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, सचिव संदीप आर पुदगलकत्ती एवं अन्य विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर भेजा-बकौर में कोसी नदी पर निमाणार्धीन पुल गिरने के मामले की समीक्षा की। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग के पदाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता के आलोक में श्री सिन्हा ने कहा कि सदस्य (परियोजना) अनिल चौधरी एवं तीन प्रतिष्ठित पुल विषेषज्ञ क्रमशः श्री ए के श्रीवास्तव, महेश टंडन, जी एल वर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी दुर्घटना की जाँच करने घटना स्थल पर पहुँच रहे हैं। जाँच के बाद दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिये भी निदेशित किया गया है। श्री सिन्हा ने समीक्षा बैठक में पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों की एक टीम घटना स्थल पर भेजने का निदेश दिया है। श्री सिन्हा ने कहा कि वे स्वयं घटना स्थल का दौरा करना चाहते हैं और आदर्श आचार संहिता के कारण राज्य निर्वाचन आयोग से अनुमति माँगी गई है। अनुमति प्राप्त होने पर वे घटना स्थल का दौरा करेंगे। श्री सिन्हा ने कहा कि दुर्घटना में मृतक के परिवार को 10 लाख एवं घायलों को 1-1 लाख मुआवजा का भुगतान कर दिया गया है।

**शराब नीति घोटाला : दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में हुई सुनवाई**

# अरविंद केजरीवाल को 10 दिनों की ईडी हिरासत में भेजा गया

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 10 दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया है। ईडी ने केजरीवाल को दस दिनों के लिए हिरासत में भेजने की मांग की थी। ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने कहा कि अरविंद केजरीवाल शराब नीति घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता हैं। ईडी को केजरीवाल के घर पर छापेमारी में कई अहम दस्तावेज मिले हैं। इन दस्तावेज से पता चला है कि केजरीवाल ईडी अधिकारियों की जासूसी कर रहे थे। राजू ने कहा कि विजय नायर केजरीवाल के पास दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत को दिए गए घर में रह रहे थे। नायर ने साउथ ग्रुप और आम आदमी पार्टी के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई। अरविंद केजरीवाल ने साउथ ग्रुप से रिश्वत मांगी थी। इस बात की पुष्टि बयानों से होती है। केजरीवाल ने के. कविता से भी मुलाकात की थी।

राजू ने कहा कि अरविंद केजरीवाल आम आदमी पार्टी की प्रमुख गतिविधियों को संचालित करते हैं। वे पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक हैं। उन्होंने कहा कि आबकारी नीति को आम आदमी पार्टी के गोवा चुनाव में फंडिंग के लिए बदला गया। राजू ने कहा कि पैसे के लेन-देन की पूरी पड़ताल के लिए अरविंद केजरीवाल को दूसरे आरोपितों के सामने बैठाकर पूछताछ करनी है। उन्होंने कहा कि आबकारी घोटाला मामले में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को मिटाया गया है। कई फोन नष्ट किए गए या फॉर्मेट किए गए ताकि जांच में परेशानी हो। राजू ने कहा कि अरविंद केजरीवाल समन के पहले गिरफ्तार नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कब किसको गिरफ्तार करना है, ये जांच अधिकारी के दायरे में आता है। ऐसा कुछ भी नहीं है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी मनी लांड्रिंग एक्ट की धारा 19 के प्रावधानों का उल्लंघन करके की गई है। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हिरासत स्वतः नहीं होती। हिरासत के लिए मनी लांड्रिंग एक्ट की धारा 19 को संतुष्ट करना होता है। सिंघवी ने कहा कि हिरासत में लेने के लिए जरूरत बतानी होती है। उन्होंने कहा कि ईडी को गिरफ्तार करने का अधिकार है लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उसे पूछताछ के लिए भी गिरफ्तारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिरासत में लेने की पूरी अर्जी में कुछ पैरा को छोड़कर गिरफ्तार करने की वजह को ही कॉपी-पेस्ट किया गया है। दरअसल, 21 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी से संरक्षण नहीं मिलने के बाद ईडी ने 21 मार्च को ही देर शाम अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

### जेल में रहूं या बाहर, मेरा जीवन राष्ट्र को समर्पित : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि उनका जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित है, चाहे वह जेल के अंदर हों या जेल के बाहर। प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को यहां राउज एवेन्यू अदालत में पेश किया और उनकी 10 दिन की हिरासत का अनुरोध किया। अदालत में पेश किये जाने के दौरान केजरीवाल ने टीवी9 नेटवर्क से कहा, मेरा जीवन देश की सेवा के लिए समर्पित है, चाहे मैं जेल के अंदर रहूं या बाहर। ईडी द्वारा बृहस्पतिवार की रात गिरफ्तार किये जाने के बाद केजरीवाल की यह पहली प्रतिक्रिया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने की एक राजनीतिक साजिश बताया है।

उनकी गिरफ्तारी के बाद पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। आईटीओ पर विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्रियों आतिशी, सौरभ भारद्वाज, पूर्वी दिल्ली से लोकसभा उम्मीदवार कुलदीप कुमार सहित पार्टी के कई नेताओं को हिरासत में ले लिया गया।

## भोजपुर सड़क हादसा : बेकाबू ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, चार की मौत

- दो की हालत गंभीर, आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

प्रात : किरण



आरा। भोजपुर जिले में बेकाबू ट्रक ने शुक्रवार को बाइक सवार छह लोगों को रौंद दिया, जिसमें चार की मौत हो गई जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक भोजपुर जिले के बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर दो बाइक पर छह लोग सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान बेकाबू ट्रक ने दोनों बाइकों को टक्कर मार दी और रौंदते हुए आगे बढ़ गया। बाइक सड़क पर कई मीटर तक घिसटती रही। दुर्घटना में मौके पर ही दो लोगों ने दम तोड़ दिया जबकि अन्य दो की मौत इलाज के दौरान हुई। मृतकों में सिकरहटा की नऊवां गांव निवासी संजू देवी, शिवानी कुमारी, ओमजी और वीर कुवर राम हैं। गंभीर रूप से घायलों में अभिषेक कुमार और अन्टू कुमार हैं। पीरो के डीएसपी राहुल सिंह के अनुसार पहले दो बाइक के बीच टक्कर होने के बाद पीछे से ट्रक द्वारा कुचले जाने की बात सामने आ रही है। घटनास्थल पर पीरो थाना के अलावा सिकरहटा और इमादपुर थाना की पुलिस पहुंचकर सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाने बुझाने में लगी हुई है। हादसा पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे के आसपास की है। डीएसपी ने बताया कि पुलिस हादसे की जांच-पड़ताल कर रही है।

**सीट बंटवारे किये बिना महागठबंधन में उम्मीदवारों का किया जा रहा चयन**

## अवधेश राय होंगे बेगुसराय से भाकपा के उम्मीदवार

प्रात : किरण



पटना। लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में सीट शेयरिंग से पहले ही गठबंधन में शामिल दलों के बीच उम्मीदवार उतारने की होड़ मच गई है। राजद और सीपीआई के बाद अब सीपीएम ने भी बिहार की एक सीट पर अपने उम्मीदवार का एलान कर दिया है। सीपीएम ने खगड़िया सीट पर अपना उम्मीदवार उतार दिया है हालांकि कांग्रेस अभी भी लालू की हरी झंडी का इंतजार कर रही है। दरअसल, महागठबंधन में सीटों के बंटवारे का अभी इंतजार हो ही रहा था कि लालू प्रसाद ने अपने उम्मीदवार उतारने शुरू कर दिए। 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए बिहार की चार सीटों पर लालू ने सबसे पहले अपने उम्मीदवार उतार दिए। अब वाम दल भी राजद की तरह उम्मीदवार का नाम फाइनल करने लगें। बिना सीट शेयरिंग के ही सीपीआई ने भी शुक्रवार को बेगूसराय सीट पर अपना उम्मीदवार उतार दिया। पूर्व विधायक अवधेश राय उम्मीदवार होंगे।

भाकपा महासचिव डी राजा ने शुक्रवार को यह घोषणा की। राजा ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी बिहार से लोकसभा की 40 सीट में से कम से कम एक और सीट चाहती है, लेकिन उन्होंने इस बारे अधिक खुलासा नहीं किया। राजा ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और बृहस्पतिवार शाम को उनके बेटे एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात करने की बात स्वीकार की। महागठबंधन द्वारा बिहार में सीट साझा करने का फामूर्ला अबतक नहीं घोषित किये जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा, बिहार में महागठबंधन एकजुट है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सीपीएम ने भी अब बिहार की खगड़िया सीट से अपना उम्मीदवार उतार दिया है।

खगड़िया संसदीय सीट से संजय कुमार सीपीएम के उम्मीदवार बनाए गए हैं हालांकि अभी इसका औपचारिक ऐलान होना बाकी है। उधर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि जल्द ही सीट बंटवारे की घोषणा कर दी जाएगी। राजद द्वारा अपने उम्मीदवारों का सिंबल दिये जाने के बारे में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इसकी जानकारी नहीं है।

## सुप्रीम कोर्ट में ईडी की याचिका खारिज

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने अपने उस फैसले पर पुनर्विचार संबंधी केंद्र की याचिका खारिज कर दी है, जिसमें कहा गया था कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को बिना किसी अपवाद के किसी आरोपी की गिरफ्तारी का आधार लिखित रूप में बताना होगा। न्यायालय ने कहा कि उसके निर्णय में कोई त्रुटि नहीं है, जिसपर पुनर्विचार की आवश्यकता हो। न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने चैंबर में समीक्षा याचिका पर विचार किया और आदेश पारित किया। पीठ ने 20 मार्च को सुनाए गए अपने आदेश में कहा, ह्यह्यहमने पुनर्विचार याचिकाओं और संबंधित कागजातों का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया है। हमें विवादित आदेश में ऐसी कोई त्रुटि नहीं मिली है, जो अस्पष्ट हो और इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता हो। तदनुसार, पुनर्विचार याचिकाएं खारिज की जाती हैं। (साथ ही) यदि कोई लंबित याचिका हो, तो उसका निपटारा किया जाता है। न्यायालय ने पुनर्विचार याचिका की सुनवाई खुली अदालत में किये जाने के केंद्र के अनुरोध को भी खारिज कर दिया। केंद्र ने शीर्ष अदालत के तीन अक्टूबर के उस आदेश की समीक्षा का अनुरोध किया था, जिसमें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों के साथ-साथ गिरफ्तारी मेमो को भी रद्द कर दिया गया था। साथ ही न्यायालय ने धनशोधन के एक मामले में गुरुग्राम स्थित रियल्टी समूह एम3एम के निदेशकों- बसंत बंसल और पंकज बंसल- को रिहा करने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने ईडी को कड़ी फटकार लगाई थी और कहा था कि उससे अपने आचरण में प्रतिशोधी होने की उम्मीद नहीं की जाती है और उसे पूरी ईमानदारी एवं निष्पक्षता के साथ काम करना चाहिए। न्यायालय के आदेश में कहा गया था कि देश में धनशोधन के आर्थिक अपराध को रोकने की कठिन जिम्मेदारी वाली जांच एजेंसी होने के नाते ईडी की हर कार्रवाई पारदर्शी और निष्पक्षता के मानकों के अनुरूप होनी चाहिए।

## भारत का 21वीं सदी का पुष्पक विमान सफलतापूर्वक हुआ लॉन्च

**इसरो : पृथ्वी पर वापस लाकर दोबारा किया जा सकता है इस विमान का प्रयोग**

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने शुक्रवार सुबह कर्नाटक के चित्रदुर्ग में पुष्पक विमान को सफलतापूर्वक लैंड करवाया। इसरो ने एक्स हैंडल पोस्ट में यह जानकारी दी। पुष्पक एसयूवी के साइज का पंखों वाला रॉकेट है। इसे स्वदेशी स्पेश शटल भी कहा जा रहा है। ये रि-यूजेबल विमान है। इसे पृथ्वी पर वापस लाकर दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। इसरो ने एक्स पर कहा कि रि-यूजेबल लॉन्च व्हीकल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आरएलवीएलईएक्स-02 लैंडिंग एक्सपेरिमेंट के जरिए मील का पत्थर साबित हुआ। यह टेस्ट चित्रदुर्ग के एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में सुबह 7:10 बजे किया गया। पुष्पक को वायुसेना के हेलिकॉप्टर चुनूक से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। इस मिशन को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र ने तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र और इसरो जड़त्व प्रणाली इकाई के साथ पूरा किया था। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने इस जटिल मिशन के सफलतापूर्वक पूरा होने के लिए टीम को बधाई दी। वीएसएससी के निदेशक डॉ. एस उन्नीकृष्णन नायर ने यह सफलता भविष्य के ऑर्बिटल रि- प्रवेश मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुष्पक विमान मिशन की टीम का मार्गदर्शन सुनील पी, कार्यक्रम निदेशक, उन्नत प्रौद्योगिकी और सिस्टम कार्यक्रम, वीएसएससी ने किया।

**यात्रा** | **प्रधानमंत्री दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे भूटान, जनसमूह को किया संबोधित**

# भारत-भूटान की साझेदारी केवल जमीन और पानी तक ही सीमित नहीं : मोदी

## पीएम मोदी भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द ड्रूक ग्यालपो से सम्मानित

- कहा - भूटान अब अपने अंतरिक्ष अभियानों में भारत का भागीदार

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित हुए। उन्होंने सम्मान के प्रति आभार प्रगट करते हुए इसे 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित किया। दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को भूटान पहुंचे प्रधानमंत्री ने सम्मान के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ये सम्मान मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, ये भारत और 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। भूटान की इस महान भूमि पर मैं सभी भारतवासियों की ओर से ये सम्मान नम्रता से स्वीकार करता हूं। इस सम्मान के लिए आप सभी का हृदय से कोटि-कोटि धन्यवाद करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-भूटान की साझेदारी केवल जमीन और पानी तक ही सीमित नहीं रही है। भूटान अब अपने अंतरिक्ष अभियानों में भारत का भागीदार है। भूटान के वैज्ञानिकों ने इसरो के साथ मिलकर सैटेलाइट लॉन्च किया है। उन्होंने कहा कि भारत और भूटान के युवाओं की आकांक्षाएं एक जैसी हैं। भारत ने 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का निर्णय लिया है। भूटान ने 2034 तक उच्च आय देश बनने का फैसला किया है। भूटान को उसके लक्ष्यों को पाने में सहयोग का आश्वासन देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत बीबी - ब्रांड भूटान और भूटान बिलीव के लिए आपके साथ खड़ा है।

### भारत और भूटान के बीच सात करार पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के बीच थिंपू में शुक्रवार को द्विपक्षीय वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच इस दौरान सात करार पर हस्ताक्षर किए गए। यह करार तेल, खाद्य, ऊर्जा, खेल, स्वास्थ्य, अंतरिक्ष और शिक्षा से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान दोनों देशों के बीच कुछ करार हुए। इस करार के तहत भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण भूटान खाद्य और औषधि प्राधिकरण के प्रमाणपत्र को मान्यता देगा। इससे व्यापार करने में आसानी होगी। इसके अलावा अंतरिक्ष सहयोग पर संयुक्त कार्य योजना को मंजूरी दी गई है। दोनों देश रेलवे से जोड़ने के लिए भी करार किए जाने पर सहमत हुए हैं। इसके अलावा भारत से भूटान को पेट्रोलियम, तेल और संबंधित उत्पादों की सामान्य आपूर्ति, ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण उपायों के क्षेत्र में सहयोग, खेल और युवा क्षेत्र में सहयोग, औषधीय उत्पादों के संदर्भ मानक, फामार्कोपिया, सतर्कता और परीक्षण साझा करने से संबंधित सहयोग पर समझौता ज्ञापन हुए हैं। वहीं भारत के राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क और भूटान के ड्रुक रिसर्च एंड एजुकेशन नेटवर्क के बीच समन्वय व्यवस्था पर समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### वार्षिक रिजल्ट में छात्रों को किया पुरस्कृत



फतुहा। शुक्रवार को आदिलपुर गांव स्थित बाल ज्ञान सहयोगी कॉन्वेंट में वार्षिक परीक्षाफल का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कार्टूनिस्ट सह पत्रकार अमरेन्द्र कुमार ने बच्चों को परीक्षाफल के साथ पुरस्कार वितरण किया जिसमें ब्यूटी कुमारी, आर्यन कुमार और मानसी कुमारी स्कूल टॉपर चुने गए। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा रूपी हथियार से ही समाज में व्याप्त समस्या को दूर किया जा सकता है। वहीं विद्यालय के डायरेक्टर विरेन्द्र कुमार राय ने अतिथियों को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### साईं सेवकों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत शुक्रवार को सांई अंगना मंदिर में साईं सेवकों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।मध्याह्न आरती के बाद सभी सेवक सेविकाओं ने बाबा के चरणों में सबसे पहले अबीर-गुलाल लगाए। उसके बाद एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दिए। सेवकों ने सांई बाबा पर आधारित होली गीतों पर नाचते हुए अबीर-गुलाल भी उड़ाए। उसके सभी पुआ पकवान खाए और लोगों को भी खिलाऐं।पुजारी दयानंद पांडेय ने सभी सेवकों को अबीर लगाए। समारोह को संजय सेठ,अरविंद बिहारी, श्वेता बिहारी, रामबाबू गुप्ता, अविनाश अमन,रोहित समेत अन्य सेवकों ने मिलकर सफल बनाए।

### जिला अदालतों में मार्निंग कोर्ट एक से

पटना सिटी (प्राकि)। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यालय आदेश संख्या भवन 24 के तहत आदेश जारी किया गया है इसमें माननीय न्यायालय के पत्र संख्या 26505- 26541/ फाइल नंबर ५ (पीएफ) 226- 2008/एडी विविध धारा, 26 अप्रैल, 23 के आलोक में तथा पटना जज शिप के बार एसोसिएशन के पदाधिकारी से परामर्श कर प्रातःकालीन न्यायालय कार्य शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह एक अप्रैल से शुरू होगा और जून, 2024 के अंतिम शनिवार यानी 29 जून तक चलेगा। इस अवधि में न्यायालय का समय सुबह 7.30 से शुरू होकर पूर्वाह्न 10 बजे तक, 10 से 10.30 बजे तक लंच। इसके बाद पूर्वाह्न 10.30 बजे से लेकर अपराह्न एक बजे तक कोर्ट का काम संचालित होगा।

### फूल-चंदन व मालपुआ के साथ विस अध्यक्ष का होली मिलन आज

पटना सिटी (प्राकि)। कोरोना को लेकर पूर्व में कुछ वर्षों से होली मिलन समारोह स्थगित रहा था। मगर इस बार होली लहालहोट होगी। कुछ नया करेंगे। हम सब रंग-अबीर की नहीं, फूलों और चंदन की होली खेलेंगे। मालपुआ सहित सुस्वादु व्यंजन का स्वाद तो चखेंगे ही, ईश्वर से देश और प्रदेश की सुख, शांति व समृद्धि की कामना भी करेंगे, ताकि हर साल होली मनाने का हमलोगों का उत्साह और उल्लास कायम रहे। दरअसल गुरु गोविंद पथ के मनोज कमलिया स्टेडियम से सटे रामदेव महतो सामुदायिक भवन परिसर में इसका आयोजन किया गया है। आयोजन नंदकिशोर यादव फैंस एसोसिएशन ने किया है। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष और विधायक नंदकिशोर यादव भी लोगों के साथ पुष्प व चंदन की होली खेलेंगे। इस दौरान बिहार सरकार के मंत्रीगण, भाजपा के राष्ट्रीय, प्रदेश, महानगर आदि के पदाधिकारीगण, नेता, कार्यकर्ताओं की भागीदारी होगी।

### चोरी गये 33 कार्टून दूध पाउडर के साथ एक ट्रक चालक व दो दुकानदार को गिरफ्तार किया

दानापुर खगौल। रेल पुलिस आरपीएफ के द्वारा फतुहा यार्ड से चोरी गये 33 कार्टून अमूल स्प्रे दूध पाउडर मामले के उद्भेदन करते हुए एक ट्रक चालक को गिरफ्तार किया। आरपीएफ ने उसके निशान देही पर 31 कार्टून अमूल दूध पाउडर बरामद किया साथ दो दुकानदार को गिरफ्तार किया। जबकि दो फरार बताये जाते है। जप्त दूध पाउडर की कीमत एक लाख अस्सी हजार बतायी जा रही है।17 मार्च को फतुहा यार्ड से मालगाडी से चोरी कर ली गयी थी। इस बाबत मामला दर्ज किया गया। जिसकी जांच को लेकर पोस्ट कमांडर दानापुर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। टीम में पोस्ट कमांडर फतुहा विनोद कुमार विश्वकर्मा, निरीक्षक अपराध दानापुर प्रदीप बरनवाल, ऊनि किउल ललन सिंह, ऊनि दानापुर विमल कुमार आरक्षी राजेश चौबे, आरक्षी राजेश रौशन शामिल थे। जांच में जुटी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दानापुर यार्ड में काम करने वाले ट्रक चालक शाहपुर थाना क्षेत्र के सरारी निवासी अमरजीत कुमार उर्फ बौना को गिरफ्तार किया। जिसके निशानदेही पर आरपीएफ ने छापेमारी कर सरारी इलाके से 31 कार्टून दूध पाउडर बरामद किया। इसके साथ ही सरारी निवासी दुकानदार अमित कुमार एवं मनेर के सतर निवासी दुकानदार अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया।

# नकली विदेशी शराब कारखाने पर छापा, 59 कार्टन शराब बरामद

## 40 लीटर स्प्रिट, रैपर, कार्क, बोतल आदि जेठुली से बरामद



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

उत्पाद विभाग के द्वारा अवैध शराब के कारखाना, भंडारण एवं पीने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जेठुली स्थित पेट्रोल पंप के बगल के रास्ते से अंदर जाकर उपेंद्र राय के ठिकाने पर छापेमारी की गई। हालांकि इस धंधे में लगे लोग फरार होने में सफल रहा, मगर झोपड़ी से 59 कार्टन नकली विदेशी शराब, पैकिंग करने का सामान, स्प्रिट, खाली बोतल, कार्क आदि बरामद किया गया। इस संबंध में सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि सूचना मिली थी कि जेठुली पेट्रोल पंप के बगल से अंदर जाकर रास्ते में उपेंद्र राय के द्वारा शराब का बड़े पैमाने पर कारोबार किया जा रहा है।

इसके बाद उत्पाद निरीक्षक अजीत कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इसमें उत्पाद दारोगा सोनम कुमारी, सहायक अवर निरीक्षक विद्यानंद, जितेंद्र झा और आरक्षी शामिल थे। जैसे ही उत्पाद विभाग का वाहन पेट्रोल पंप के पास रुका, उसे देखते ही अवैध शराब के धंधे में लगे सरगना और उसका सहयोगी भागने में सफल रहा। सहायक आयुक्त ने बताया कि अवैध शराब का धंधा करने के कारण उपेंद्र राय के घर को पहले ही सील किया जा चुका है। अब वह घर के पास ही बने अनेक झोपड़ियों में से एक बड़ी झोपड़ी में शराब का धंधा कर रहा था। यहां करीब 59 कार्टन नकली विदेशी शराब जब्त किया गया है।

कुल 775 बोतल में 531 लीटर विदेशी शराब था। इसके अलावा 40 लीटर स्प्रिट, रैपर, खाली बोतल, ढक्कन, होलोग्राम आदि था। उपेंद्र राय पूर्ण शराब का कारोबारी है वह झोपड़ी को चारों ओर से पार्टी लगाकर बंद किए हुए था वह इस झोपड़ी में अवैध शराब का निर्माण भंडारण किया करता है।

**10 कार्टन शराब बरामद :** उत्पाद विभाग की टीम ने दीदारगंज थाना क्षेत्र के शुकुलपुर में भी छापेमारी की यहां मैदान अनुमान खेत में विदेशी शराब रखा हुआ था इसे बेचे जाने की सूचना मिली थी इसी दौरान उत्पाद विभाग की टीम के पहुंचने के बाद मंसूबा सफल हो गया यहां से 10 कॉटन विदेशी शराब जप्त किया गया है किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है इसका नेतृत्व उत्पाद निरीक्षक विजय कुमार कर रहे थे

**ट्रेन से शराब लाते धराया:** उत्पाद विभाग की टीम को सूचना मिली कि दिल्ली-जयनगर के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन से शराब लेकर पटना जंक्शन उतरने वाला है। टीम को ट्रॉली बैग का रंग और इसे लेकर आने वाले के कपड़े का रंग भी बता दिया गया था। सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि जैसे ही वह सब शराब लेकर प्लेटफार्म से बाहर निकला, उसे पकड़ लिया गया। इन सबों के पास से 225 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया है। गिरफ्तार लोगों में बख्तियारपुर का गोविंद कुमार, खुसरूपुर का प्रकाश कुमार, मालसलामी का बजरंगी कुमार और गांधी मैदान थाना क्षेत्र के बंपर टोला का अर्जुन कुमार शामिल है।

**केन बीयर के साथ गिरफ्तार:** इधर उत्पाद विभाग ने आलमगंज थाना क्षेत्र के दादर मंडी से केन बीयर के साथ गिरफ्तारी की है। बेलदारी चक्र का रहने वाला अमन कुमार को दादर मंडी से 180 पीस केन बीयर के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## नकली शराब मानक के अनुरूप नहीं, बन सकता है जानलेवा



पटना सिटी। यदि शराब की लत है और इसके सेवन के बिना नहीं रह सकते या फिर पर्व-त्योहार या किसी खास अवसर पर ही शराब पीने का शौक रखते हैं, तो संभल जाइए। बिहार में नकली शराब का निर्माण किया जा रहा है। न केवल देसी, बल्कि विभिन्न ब्रांडों का विदेशी शराब स्थानीय स्तर पर तैयार किया जा रहा है। इसमें स्प्रिट, थिनर और रंग का इस्तेमाल किया जाता है। यहां तक कि मेथेनॉल का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर बनाए जाने वाला विदेशी शराब का मानक स्टैंडर्ड नहीं हो पाता है। दरअसल विदेशी शराब बनाने में स्प्रिट, पानी आदि केमिकल का एक मानक तैयार किया जाता है।

इसकी जांच लैब में कराई जाती है। इसके बाद उत्पादन किया जाता है। नकली शराब बनाने वाला तो सबसे पहले पानी की गुणवत्ता ही सही नहीं रख पाता है। शराब सेवन करने के पहले यदि बोतल को हिलाया जाए, तो उसमें कण-कण टाइप का तैरता हुआ मिलेगा, जो गंदा पानी की ओर इशारा करता है। ऐसे गुणवत्ता रहित निर्मित देसी या विदेशी शराब का सेवन किए जाने से आदमी अपने आंख की रोशनी गंवा देता है। उसकी जान भी जा सकती है या फिर पेट और त्वचा के गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि चोरी-छिपे बिना मानक के तैयार विदेशी शराब का सेवन करने से बचें और अपने जीवन को सुरक्षित करें। बिना मानक के निर्मित जहरीली शराब पीने से लोगों ने अपनी आंख की रोशनी और जान गंवाने का काम किया है। इस संबंध में पटना के सहायक उत्पाद आयुक्त प्रेम प्रकाश ने भी लोगों से अपील की है कि बिहार में शराबबंदी है। ऐसे में यहां बिना मानक के अनुरूप चोरी-छुपे तैयार किए गए देसी और विदेशी शराब सेहत के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। ऐसा शराब सेवन करने वाले की जान भी ले सकता है। इसलिए शराब का सेवन न करें।

## सर कटी लाश को अपने बेटे के रूप पहचान के दावे करने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को सौपा

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत सर कटी लाश को अपने बेटे के रूप पहचान के दावे करने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव नागेश्वर दास को सौप दिया।पुलिस ने तीन लोगो को थाना ला पुछताछ में जुटी है। वही देर रात पुलिस ने घटना स्थल बंगले के झाड़ी में ही शव के कुछ दुरी पर सर का भी बरामद कर लिया। उधर दुल्हिन बाजार के शेरपुरा के मुल निवासी वर्तमान में सुलतानपुर में रहने वाले नागेश्वर दास शव का अंतिम संस्कार कर दिया। शव मिलने के बाद से सरकटी शव को अपने लापता बेटे समेर कुमार का होने का दावा करते हुए पुलिस से शव सौपने की मांग कर रहे थे। पुलिस एफएसएल की टीम भी जांच को लेकर बुलायी थी। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि नागेश्वर दास व उनके स्वजन द्वारा सरकटी शव को अपने लापता पुत्र सरेम कुमार के रूप में पहचान के दावा करने के बाद उसे सौप दिया गया। उसके ब्यान पर तीन लोगो के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। छानबीन की जा रही है। घटना स्थल के कुछ दूरी पर सर भी बरामद कर लिया गया।

## रघुनन्दन टीचर्स टेनिंग कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत रघुनन्दन टीचर्स टेनिंग कॉलेज में पर बिहार के विरासत विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम होली मिलन एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एन के अग्रवाल प्रोङ्ग उपेन्द्र प्रसाद सिंह, कॉलेज के सचिव रवीन्द्र सिंह रिक्की कुमार व प्राचार्य प्रो कमल प्रसाद बौद्ध ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य ने कहा कि बिहार में कई वैज्ञानिक और विद्धान का जन्म हुआ। जिसका लाभ पूरे विश्व को मिल रहा है।

रिक्की कुमार ने बिहार दिवस के साथ होली के महत्व एवं बिहार की देश में योगदान के बारे में विस्तार से बताया। डॉ सुनीता कुमारी ने बिहार के विकास में छात्रें के योगदान एवं कर्तव्यों विस्तार से महत्वपूर्ण व्याख्या प्रस्तुत किये। इस क्रम में छात्र छात्राओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से बिहार के लोकनृत्य व पर्व त्योहार को प्रस्ततु किया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना श्रीवास्तवा एवं धन्यवाद राहुल सिंह, सहायक ने किया।

# दादी मंदिर में मंगल पाठ व होली महोत्सव का हुआ आयोजन

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता



मंदरिया में उड़े रे गुलाल दादी जी के कीर्तन में, होली आई होली आई होली आई मस्ती छाई मस्ती छाई मस्ती छाई, सरब सुहागन मिला मंदरिया में आई तो दादी जी के हाथ रचाई जी या मेहंदी... जैसे भजन से शुक्रवार को मिरचाई गली स्थित श्री

श्री राणी सती दादी मंदिर भक्तिमय हो गया। मौका था श्री नारायणी महिला मंडल एवं श्री दादी जी भक्त मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक मंगल पाठ व होली महोत्सव का। इसका भव्य आयोजन किया गया। आचार्य लखन मिश्रा की देखरेख में मंगल पाठ वाचिका अनिता कानोडिया की देखरेख में महिलाओं ने सामूहिक मंगल पाठ किया। मंगल पाठ के बीच मारवाड़ी महिला समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न तरह की झांकियों के द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। रंगारंग फूलों की होली, दादी जी को मेहंदी के साथ सभी महिलाएं एक परिधान में दिखाई पड़ी। मंगल पाठ का नेतृत्व उर्मिला साह, तारा झुनझुनवाला, श्वेता ड्रोलिया, सुमन बरेलिया, रमा भरतिया, चंद्र प्रकाश झुनझुनवाला, राजाराम शर्मा, अशोक झुनझुनवाला, पवन बूबना, कृष्ण मुरारी झुनझुनवाला, संजय झुनझुनवाला आदि सक्रिय थे।

## प्राइवेट लिमिटेड की तरह पार्टी चलाते हैं लालू प्रसाद : सम्राट

पटना। उपमुख्यमंत्री सह भाजपा, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि दो बेटियों को टिकट देकर लालू प्रसाद ने अपनी पांच अन्य बेटियों की उपेक्षा की है। उन्होंने किडनी के बदले अपनी सगी बेटी को टिकट दिया है।श्री चौधरी ने सवाल किया है कि आखिर किडनी लेने से पहले लालू प्रसाद ने बेटी को टिकट क्यों नहीं दिया? लालू प्रसाद को अपने बेटे-बेटियों के अलावा पार्टी के कार्यकताओं में काबलियत क्यों नहीं दिखती है? क्या परिवार तक सीमित रहना या कार्यकताओं का हक मारकर अपनी पत्नी, बेटे, बेटियों को लोकसभा,राज्यसभा, विधान सभा और विधान परिषद का टिकट देना किसी लोकतांत्रिक पार्टी का चरित्र है? श्री चौधरी ने कहा है कि प्राइवेट लिमिटेड की तरह पार्टी चलाने वाले लालू प्रसाद घोर परिवारवादी है। बेटी अगर चुनाव हार जाय तो उसे चोर दरवाजे से राज्यसभा भेजने की कला में माहिर लालू प्रसाद विधान परिषद में पत्नी तो विधान से सभा में बेटा को नेता बनाते है।

# साईं बाबा संग खेली फूलों की होली, भजनों पर थिरके भक्त

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



साईं मंदिर, लोदी कटरा नित्यानंद का कुआं में साईं बाबा संग होली मिलन का आयोजन भजन-कीर्तन के साथ किया गया। इसमें अनेक साईं भक्तों ने रंग-बिरंगे टोपी पहन हाथों में गुलाब की पंखुड़ियां एवं रंग-बिरंगे गुलाल लिए साईं बाबा संग होली खेली। साथ ही एक-दूसरे को गुलाल लगा कर बधाइयां दीं। साईं बाबा का दरबार फूलों से आकर्षक तरीके से सजाया गया था। बड़ी संख्या में उमड़े भक्तों की भीड़ ने साईं भजन एवं होली खेले रघुवीरा अवध में जैसे गानों पर बाबा का जयकारा लगा कर धमाल मचाया। मंदिर के छत से फूल एवं गुलाल की वर्षा से सभी भक्त भाव विभोर दिखे।

नागरिकों एवं भक्तजनों के लिए होली पर बनने वाली विशेष पकवान पुआ, पकौड़ी एवं ठंडई की व्यवस्था की गई थी, जो संध्या आरती के बाद वितरित की गई। उपस्थित स्थाई भक्तों में मदन कुमार, ओंकार आनंद, प्रभात सिन्हा, विकास कुमार, शंकर जायसवाल, अमन जयसवाल, सुजीत कुमार, राजू माल्या, रंजीत प्रभाकर, मनीष जायसवाल, अजय कुमार ठाकुर, मनोहर कुमार, उमाशंकर मुन्ना जी, गुड्डू कुमार, अमित कुमार, ओम पटवा, रजत कुमार, सुमन सिन्हा, अनिल कुमार, राजीव सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, रिंकी सोनी, पुतुल सिंह, विभा साई, अंजली कुमारी, डॉ रश्मि साई, प्रीति साई, शोभा देवी सक्रिय रहीं।

# बिहार दिवस पर छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया उत्प्रेरित



पटना सिटी। बिहार दिवस पर श्री श्याम इंफोटेक में छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें उत्प्रेरित किया गया। दरअसल यहां कुशल युवा केंद्र में निःशुल्क कंप्यूटर सीख रहे सफल छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसकी शुरूआत बिहार गान से हुआ। इस दौरान बिहार के गौरव, इतिहास आदि पर नृत्य नाटिका भी पेश किया गया। संस्था के निदेशक अमित कानोडिया ने सफल छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के बाद कहा कि बिहार का अतीत गौरवशाली रहा है। हम सबों को बिहारी होने पर गर्व महसूस करना चाहिए। बिहार के छात्र विश्व में अपनी प्रतिभा का डंका बजवा रहे हैं। बिहार परिचय आधारित नाटिका में देवराज, श्रीकांत, सागर जायसवाल व पायल ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में शिक्षक रितु वर्मा, तानिया वर्मा, जय किशन रजक, शुभम कुमार, शिल्पी राय, नीलम कोठारी, शमा परवीन, रवि शर्मा तथा छात्र-छात्राओं में स्नेहा कुमारी, नकुल, विनीत विनायक आदि मौजूद थे।

# अधिवक्ता संघ का तीन दिनों से चल रहे आमरण अनशन शुक्रवार को हुआ समाप्त

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। बिहार बार काउंसलर व चेयरमैन एक्जीक्यूट कमिटी श्री प्रेम कुमार झा एवम पूर्व वाइस चेयरमैन धर्मनाथ यादव बिहार बार कौंसिल ने संयुक्त रूप से अनशन पर बैठे संघ के अध्यक्ष अमरनाथ, महासचिव अशोक कुमार यादव को जूस पिलाकर अनशन तोड़वाया। बता दें कि तीन दिनों से चल रहा आमरण अनशन को लेकर अधिवक्ताओं ने लगातार आंदोलन जारी रखे हुए थे। माननीय उच्च न्यायालय के आश्वासन एवम निर्देशन पर अनशनकारियों ने अपना अनशन समाप्त किया। न्यायलय ने कहा कि आपकी सभी जायज मांगों पर विचार किया जा रहा है उसपर सकारात्मक विचार किया जा रहा है। उक्त बातें बार के सदस्य श्री शैलेश सिंह व जिला अधिवक्ता संघ पटना के मीडिया प्रभारी महेश कुमार ने दी। ज्ञात हो की ' अधिवताओं ने काला बिल्ला लगाकर न्यायिक कार्य में हिस्सा लिया। तत्पश्चात संध्या 3 बजे सिविल कोर्ट परिसर स्थित अधिवक्ता संघ भवन के पास एक आम सभा बुलाई गई।

आम सभा में महासचिव ने दिनांक 21.09.2023 के सूचनार्थ के आलोक में लोगों से मत मागा था की जुबली क्लब के सदस्यों की सदस्यता जिला अधिवक्ता संघ से समाप्त की जाए इस पर सभी माननीय अधिवक्ताओं ने एक मत से करतल ध्वनि से इसको पास किया और आज से ही उन लोगों की सदस्यता जिला अधिवक्ता संघ पटना से उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई। आम सभा की कारवाई के दौरान ही माननीय बार कौंसिल के सदस्य का आगमन हुआ और अनशन समाप्त करने का आग्रह किया। तत्पश्चात अनशन समाप्त किया गया। आन्दोलन की करवाई में मुख्य रूप अधिवक्ता श्री राजेश्वर प्रसाद सिन्हा, संजीव सिन्हा, मधुसूदन लाल जमुआर, दिगंबर सिंह, सहायक सचिव सत्य प्रकाश नारायण, सह सचिव शैलेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी महेश कुमार, ममता कुमारी, निशा यादव, अनिल कुमार, अमरेंद्र कुमार, विजय कृष्ण तिवारी, उपाध्यक्ष उपेश पाठक समेत दर्जनों अधिवक्तागण शामिल थे।

# विपक्ष के खिलाफ चौतरफा युद्ध, जनता देगी जवाब : दीपंकर

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी निंदनीय

पटना। भाकपा-माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि चुनाव आयोग भले ही चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करने का दावा कर रहा हो, लेकिन मोदी सरकार ने विपक्ष के खिलाफ चौतरफा युद्ध छेड़ दिया है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी और कांग्रेस के बैंक खाते को जब्त करना इस युद्ध के बड़े पैमाने पर बढ़ने के स्पष्ट संकेत हैं। झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के बाद अरविन्द केजरीवाल दूसरे ऐसे चुने हुए मुख्यमंत्री हैं जिन्हें राजनीतिक कारणों से ऐसे आरोपों में जिन्हें साबित कर पाना भी मुश्किल होगा, गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह भी जेल में हैं। जैसा कि मोदी राज में दस्तूर बन गया है, कि अभी तक न तो चार्जशीट बन पायी है और न ही मुकदमा चलने की कोई स्थिति है फिर भी इन नेताओं को जमानत नहीं मिल पायी है. पिछले दस सालों में इडी द्वारा लगाये गये मुकदमों में 95 प्रतिशत विपक्षी नेताओं पर लगे हैं। स्पष्ट है मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बोलने वाले सभी विपक्षी दल व नेताओं को राजनीतिक बदले की भावना से फंसाया जा रहा है। भाजपा केन्द्रीय ऐजेन्सियों का दुरुपयोग विपक्ष के नेताओं को डराने-धमकाने के लिए इस्तेमाल कर रही है। इनमें गैर-भाजपा शासित राज्यों के नेताओं को खासतौर पर निशाना बनाया जा रहा है।

अब तो कांग्रेस पार्टी का बैंक अकाउण्ट भी फ्रीज कर दिया गया है। जब इलेक्टोरल बॉण्ड घोटाले में पूंजीपतियों से हजारों करोड़ जमा करने के आरोप में भाजपा खुद कठघरे में है, ऐसे में अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी सवाल खड़े करती है। सर्वोच्च न्यायालय ने इलेक्टोरल बॉण्ड को असंवैधानिक करार देकर उनका हिसाब मांग लिया है, तब यह तानाशाहाना गिरफ्तारी भी माहौल को बदलने में भाजपा के काम नहीं आ पायेगी।

# किसान महासभा और भाकपा-माले की उच्चस्तरीय जांच टीम पहुंची बनारपुर, कोचाढ़ि गाँव

प्रात :किरण संवाददाता

पटना ।बक्सर के चौसा में चौसा थर्मल पावर प्लांट के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों पर बर्बर पुलिस दमन और उसके बाद बनारपुर, कोचाढ़ि व मोहनपुरवा गाँव के किसानों के घरों में घुस कर बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गो सहित सभी को बर्बर तरीके से पीटने एवं उनके घरों में तोड़ - फोड़ एवं लूट - पाट करने की घटना के तमाम पहलुओं की किसान महासभा और भाकपा माले की उच्चस्तरीय टीम ने जांच की । जांच टीम में माले के डुमराँव विधायक डॉ० अजीत कुशवाहा के साथ जिला कमिटी के सदस्य व इटाढ़ी प्रखण्ड के सचिव जगनारायण शर्मा, बक्सर के सचिव नीरज कुमार, जिला कमिटी सदस्य व किसान नेता राजदेव सिंह और तेजनारायण सिंह शामिल थे ।

टीम ने बनारपुर, कोचाढ़ि व मोहनपुरवा गाँव का दौरा किया जहां किसानों के घरों में घुस कर बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गो को बर्बर तरीके से पीटा तथा उनके घरों में तोड़ - फोड़ एवं लूट - पाट किया । इस घटना को अंजाम देने के दौरान शाहाबाद के डीआईजी नवीन चंद्र झा, एसपी मनीष कुमार, एसडीपीओ धीरज कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी धीरेन्द्र मिश्रा के साथ कई थानाअध्यक्ष एवं पुलिस के जवान शामिल रहें । चौसा में किसान भूमि अधिग्रहण के मुआवजे की मांग को लेकर 17 अक्टूबर 2022 से चौसा थर्मल पावर प्लांट के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं । यह पूरा मामला रखश्ठ (सतलुज जल विद्युत निगम) कंपनी के निर्माणाधीन 1320 मेगावाट के चौसा थर्मल पावर प्लांट, रेलवे कॉरिडोर एवं पाइप लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण से जुड़ा हुआ है । इस परियोजना में पावर प्लांट के लिए करीब 20 गांव के सैकड़ों किसानों की जमीन जा रही है । लेकिन, सरकार के द्वारा 2022 में मुआवजे की रकम 2013 के न्यूनतम मूल्य रजिस्टर (एमवियार) के सर्किल रेट से दी जा रही है । 1320 मेगावाट के चौसा पावर प्लांट में भूमि अधिग्रहण के विरोध में 17 महीने से किसान जमीन के उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं । बीते कुछ महीनों से किसान अपनी 11 सूत्री मांगों के समर्थन में निर्माणाधीन थर्मल पावर प्लांट के मुख्य गेट पर ही धरना दे रहे थे । 19 मार्च 2024 को दिन मंगलवार को प्रशासन के द्वारा माननीय उच्च न्यायलय के आदेश एवं अचार संहिता के तहत धारा 144 लागु होने का हवाला देते हुए मुख्य गेट से किसानों को हटाने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया था । लेकिन किसान गेट से नहीं हटे । उसके बाद बुधवार को दोपहर के बाद प्रशासन भारी पुलिस बल के साथ धरना स्थल पर पहुंची और धरना दे रहे किसानों को बलपूर्वक हटाने लगी । इस दौरान किसानो एवं पुलिस के झड़प हुई । किसानों को हटाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया । लाठीचार्ज में कई किसान बुरी तरह से घायल हुए हैं । इसके बाद पुलिस द्वारा प्रभावित किसानों के गाँव बनारपुर, मोहनपुरवा, कोचाढ़ि गाँव के किसानों के घरो में घुस कर बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों सहित सभी को बर्बर तरीके से पीटा गया और उनके घर के सामानों को तोड़ - फोड़ दिया, और उनके घरों में लूट - पाट भी किया गया है ।

प्रशासन द्वारा किये गए मुकदमे में अभी तक 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें 07 महिलाएं शामिल हैं । लगभग 50 किसानों पर नामजद मुकदमा किया गया है । कोचाढ़ि के नेटुआ परिवार के लोगों को गिरफ्तार किया गया है । किसान आंदोलन के अग्रणी नेता रामप्रवेश यादव को गिरफ्तार कर पुलिस ने बंद कर दिया है । जाँच टीम ने बनारपुर के प्रभावित किसानों से उनके घर जाकर उनसे मुलाकात किया तथा हुए नुकसान का जायजा लिया । पीड़ित परिवारों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के द्वारा बानरपुर, मोहनपुरावा, कोचाढ़ी गांव में किसानों के घर घुसकर बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों सभी को पुलिस द्वारा पीटा गया । साथ ही घर में रखें सामनों के साथ तोड़ - फोड़ किया गया एवं घर के कीमती सामानों को पुलिस द्वारा लूट लिया गया है । बनारपुर के वार्ड नंबर 09 के निवासी एवं किसान आंदोलन के समर्थक शमशेर खान ने बताया कि जब पुलिस वाले पहुंचे तो रमजान के दौरान इफ्तार का समय था । हम लोग इफ्तारी की तैयारी में थे कि पुलिस आ धमकी और घरों के घुसने लगी । दरवाजा नहीं खोलने पर उन्होंने खिड़की और दरवाजा तोड़ दिया और घर में घुस गए ।

# होली मिलन पर बिहार दिवस को याद कर बनाएं विकसित : ऋतुराज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



सुलतानगंज क्षेत्र वार्ड 51 के चौधरी टोला स्थित पेट्रोल पम्प के पास मैरेज हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता वार्ड पार्षद ज्योति रंजन दास उर्फ बैजू लाल दास ने की। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी एवं पार्षद सुशीला देवी ने कहा कि होली का पाव हर दूरियों को मिटाने वाला एकता और भाईचारे का पर्व है। साथी आज बिहार दिवस भी है हम सबको एक विकसित बिहार का संकल्प लेना चाहिए हमारा प्रदेश ऋषि मुनियों तपस्वियों महान गुरुओं साधकों का प्रदेश रहा है यहां ज्ञान की गंगा वही है ऐसे में अब यहां उद्योग धंधा के साथ रोजगार के अवसर पैदा कर बिहार को भी देश के विकसित राज्य की श्रेणी में लाना है। बिहार ने अनेक रत्न दिए हैं, जिनमें पांच-छह को भारत रत्न मिला है। इनमें डॉ राजेंद्र प्रसाद, बिस्मिल्लाह खां, कपूर्री ठाकुर आदि हैं। कार्यक्रम में शामिल होने आए लोगों का स्वागत सुयश कुमार ज्योति ने किया। पार्षद बैजू लाल दास ने भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री रितुराज सिन्हा, उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, अन्य पार्षद को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम नवयुवक बाल मंडली, सबलपुर से आए कलाकार व्यास दीना दिवाना ने भक्ति और होली गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में मेयर प्रतिनिधि शिशिर कुमार, गणेश कुमार, संजय गुप्ता, नुरुद्दीन अनवर, सूरज शर्मा, संजय यादव, प्रेरणा कुमारी, पूनम कुमारी, पंकज मेहता शामिल थे। वार्ड 47 के चंद्रवंशी समाज ने कस्तूरबा कम्युनिटी हॉल, रोड नंबर 5 में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगा सम्मान किया। अध्यक्षता हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अजय कुमार ने की। इस दौरान मुख्य अतिथि मंत्री डॉ प्रेम कुमार, सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पद्मश्री आनंद कुमार, विशिष्ट अतिथि सांसद डॉ भीम सिंह चंद्रवंशी, एमएलसी डॉ प्रमोद चंद्रवंशी, डॉ रामबली सिंह चंद्रवंशी, डिप्टी मेयर श्रीमती रेशमी चंद्रवंशी, पटना महानगर भाजपा अध्यक्ष अभिषेक चंद्रवंशी, प्रमोद कु चंद्रवंशी, पार्षद सह स्टैंडिंग कमेटी सदस्य इंद्रदीप चंद्रवंशी एवं वार्ड पार्षद विनय कुमार बाला की उपस्थिति रही। एनएमसीएच के डॉ सचिन्द्र कुमार आस्तिक, डॉ बिंदु आर्या, पूर्व मुख्य अभियंता (विद्युत) जेपीएन सिंह, संयुक्त सचिव सुबोध जी, ज्वाइंट कमिशनर योगेंद्र कुमार, श्रीमती नीलम सिंह, एसडीएम राजू कुमार, डॉ अरुण कुमार, डॉ सीमा, विकास कुमार आदि को इस समारोह में चंद्रवंशी परिवार ने अबीर-गुलाल लगा सह मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

विशेष आग्रह पर बाजार समिति फ्रूट्स मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष भुट्टो खान को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक वार्ड 47 के छोटे लाल सिंह चंद्रवंशी, राजेश रमण, मुरारी प्रसाद चंद्रवंशी, सुनील सम्राट, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, शंकर सिंह, राजीव वर्मा, तारकेश्वर सिंह चंद्रवंशी, महेश सिंह चंद्रवंशी,संजीव चंद्रवंशी, सत्यजीत चंद्रवंशी, गौतम चंद्रवंशी ने मेहमानों का स्वागत माल्यार्पण कर किया। अतिथियों ने समाज के लोगों से कहा कि किसी भी क्षेत्र में अगर सामाजिक सम्मान चाहते हैं, तो छोटा या बड़ा सभी मिलकर एक सूत्र मे रहें और शिक्षा घर-घर पहुंचाएं।

# तुलसी मंडी में जाम से लोग हैं हलकान, निदान नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



आलमगंज थाना क्षेत्र के सुदर्शन पथ के नवाब बहादुर रोड का दक्षिणी छोर से लेकर गुलजारबाग ऑटो स्टैंड और तुलसी मंडी तक पिछले अनेक दिनों से यातायात के दबाव के कारण जाम का संकट झेल रहा है। स्थिति यह है कि महज दो से पांच मिनट में वाहन की मदद से जो दूरी तय की जा सकती है, उसे पूरा करने में आधा घंटा से अधिक समय लग जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पटना से हाजीपुर की ओर जाने और आने को लेकर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। चालकों के द्वारा ओवरटेक किए जाने के कारण और कुछ वाहनों के ब्रेकडाउन होने, रोड किनारे बालू का ढेर या अवैध रूप से कामर्शियल और अन्य वाहनों के पार्किंग होने से जाम की स्थिति बन रही है। सुदर्शन पथ के नवाब बहादुर रोड मोड़ से लेकर अगमकुआं आरओबी के पूर्वी फ्लैंक के बीच वाहनों का जाम जबरदस्त रूप से लग रहा है। दरअसल गुलजारबाग सब्जी मंडी एरिया में होरहा का मंडी लगता है। होली को लेकर यहां रात से लेकर अल सुबह तक होरहा यानी झिंगरी उतारने का काम होता है। पूरे दिन इसकी बिक्री होती रहती है। खुदरा और थोक खरीदारों की संख्या अधिक है। वहीं सब्जी मंडी होने के कारण भी लोग वहां रोक कर खरीदारी करते हैं। बगल में ही गुलजारबाग स्टेशन है। इससे भी यात्रियों के आने-जाने का दौर जारी रहता है। वहीं इस दूरी में फुटपाथ की कौन कहे, सड़क तक पर दुकान आबाद है। नतीजतन वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है। एक तो रोड पहले से ही संकरा है। उस पर से अतिक्रमण ने इसे और बदहाल कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### 14 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

आलमनगर मधेपुरा आलमनगर थाना पुलिस द्वारा 14 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया इस बाबत आलमनगर थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि अंचलाधिकारी आलमनगर दिव्या कुमारी पुलिस बल के साथ मध निषेध के विरुद्ध छापामारी हेतु थाना चौक से आगे बाबा धर्म कांटा के पास पहुंचकर चेकिंग प्रारंभ किया इसी क्रम में एक मोटरसाइकिल पर एक व्यक्ति आलमनगर बाजार की ओर जा रहा था जिसे पुलिस पदाधिकारी द्वारा रोकने के लिए कहा गया परंतु उक्त व्यक्ति मोटरसाइकिल घुमकर भागने लगा पुलिस वालों के सहयोग से मोटरसाइकिल को पकड़ा गया पकड़े गए व्यक्ति सुशील कुमार पिता शंभू सिंह आलमनगर नगर पंचायत के गनियारी निवासी को एक प्लास्टिक के बोरे में लगभग 14 लीटर देसी देसी शराब बरामद किया गया एवं मोटरसाइकिल को जप्त कर लिया गया पकड़े गए व्यक्ति को मध निषेध अधिनियम के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किए गए नगर थाना अध्यक्ष राजेश शरण

प्रात: किरण, संवाददाता



हाजीपुर ।हाजीपुर नगर थाना परिसर में आज होली ,रमजान, लोकसभा चुनाव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना अध्यक्ष राजेश शरण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नगर परिसद कार्यपालक पदाधिकारी शुशील कुमार,व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष अनिल चंद्र कुशवाहा, डॉक्टर प्रोफेसर अजीत सिंह ,डॉक्टर प्रोफेसर सत्येंद्र सिंह ,डॉक्टर रंजन,नागेंद्र राय, मो.नसीम अहमद,अजय सिंह,संजय कुमार सिंह,रवि कुमार, अभय कुमार,विशाल कुमार,उमेश कुमार राय,विपिन कुमार सिंह,अधिवक्ता अविनाश कुमार,अधिवक्ता विजय कुमार सिंह,डॉ अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में शहर के गण मन लोग शामिल हुए ।उपस्थित लोगों ने हाजीपुर शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अपने-अपने विचार रखें ।मुख्य रूप से हाजीपुर शहर में बढ़ रहे नाबालिक में नशा कारोबार , कोचिंग मंडी क्षेत्र में लफंगों की उपस्थित ,डीजे पर प्रतिबंध, कॉलेज में छात्रों से संवाद,पेट्रोलिंग व्यवस्था इत्यादि बिंदु पर आकृष्ट कराया गया। सभी ने हाजीपुर नगर क्षेत्र का इतिहास बदलते हुए कहा यहां होली या अन्य किसी पर्व त्यौहार में दंगे फसाद नहीं होते हैं सभी लोग मिलकर एक दूसरे के पर्व में सहयोग करते हैं और उत्साह के साथ पर्व मनाया जाता है।

नगर थाना अध्यक्ष राजेश शरण ने सभी को आश्वस्त किया कि पुलिस से किसी भी सामान्य व्यक्ति को डरने की आवश्यकता नहीं है ।पुलिस आम लोगों के साथ मिलकर काम करेगी और शहर को अपराध मुक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि अपराधी तत्व को किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाएगा और उनकी ऐसी हालत की जाएगी जिसकी कल्पना भी वह नहीं कर सकते ।अतः अपराधी गतिविधि में लिप्त आसामाजिक तत्व पूरी तरह सचेत हो जाए या शहर छोड़ दें ।थाना अध्यक्ष ने कहा कि शहर में डीजे बजाने पर पूर्णत प्रतिबंध है ।डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा ।शराब पीने वालों और इसका कारोबार करने वालो के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है और हर दिन शराबी और कारोबारी पकड़े जा रहे हैं ।उन्होंने कहा कि आम लोगों को थाना आने में कोई परेशानी नहीं होगी। लोग अपनी समस्याओं को सीधे थाने में आकर या उनसे साझा कर सकते हैं। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि उनके द्वारा दी गई सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई होगी और मरते दम तक सूचना देने वाले का नाम उजागर नहीं किया जाएगा।

इस मौके पर पातालेश्वर नाथ मंदिर कमेटी की तरफ से शिवरात्रि के अवसर पर बेहतर कार्य करने के लिए सर्वसम्मति से मंदिर की तरफ से कमेटी के सचिव अनिल चंद कुशवाहा ,सोनू कुमार द्वारा नगर थाना अध्यक्ष को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## बच्चों ने बिहार स्थापना दिवस पर निकाली प्रभात फेरी




प्रात: किरण, संवाददाता

राजापाकर । बिहार स्थापना के 112 वी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड के कई सरकारी विद्यालयों में बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। सभी प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में बच्चों ने हिस्सा लिया। क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड मुख्यालय के मध्य विद्यालय राजापाकर और उच्च विद्यालय राजापाकर के शिक्षकों के सहयोग से अपने-अपने पोषक क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें : जन जागरूकता हम फैलाए, आओ बिहार दिवस मनाए। जन जन का नारा है, अपना बिहार हमारा है। मेधा मेहनत और संस्कार देश में अव्वल राज्य बिहार आदि नारे लगाए।वहीं दूसरी ओर विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर बिहार गौरव गान के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकल गई जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## अकीदत मंदो ने रमजान के दूसरे जुमा के नमाज अदा कर भाईचारे ओर तरक्की की दुआ मांगी



प्रात: किरण, संवाददाता

कुमारखंड मधेपुरा अकीदतमंदों ने पाक महीना रमजानुल मुबारक के दूसरे जुमआ की नमाज प्रखंड के सभी जामा मस्जिदों में अदा कर लोगों की खुशी के लिए दुआ मांगी। प्रखंड के टिकुलिया, बिशनपुर बाजार , रामनगर बाजार, पुरैनी , सिकरहटी , रहटा, रौता , चैनपुर, भतनी, घौडदौल, रहमतगंज समेत अन्य मस्जिदों में रोजेदारों ओर नमाजियों ने अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदा किया। मुस्लिम भाइयों ने मुल्क में आपसी भाईचारे और अमन चैन और देश की तरक्की की दुआ मांगी । मुस्लिम समुदाय के महिलाओं ने घरों में अकीदत के साथ नमाज अदा किया। सुबह से ही मस्जिदों की साफ सफाई की गई। बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला। नये नये कपड़े पहनकर सर पे टोपी और जुबान पर अल्लाह का नाम से वातावरण गुंजता रहा ।अल्लाह से गुनाहों से बचने के लिए दुआ मांगी। अहले सुबह मुस्लिम रीति रिवाज के साथ रोजेदारों ने सेहरी कर रोजा रखा फिर जुमां की नमाज के लिए दोपहर के वक्त साढ़े 12 बजे आजान की आवाज सुनते ही जुमां की नमाज की तैयारी शुरू कर दिए। सभी मस्जिदों में वलमा ए कराम ने नमाज अदा करने से पहले माहे रमजान की महीने के बारे में और इबादत के बारे अकीदतमंदो को जानकारी देते हुए मस्जिदों में जुमां की नमाज अदा करवाया। इस दौरान जामा मस्जिद टिकुलिया के शाही इमाम खुर्शीद आलम ने कहा कि सिर्फ पूरे दिन भूखे रहकर गुजार देने से रोजा नहीं होता है । रोजा में पूरे एहतराम के साथ अदा करना ही रोजा है। रमजान माह की अहमियत व फजीलत पर रौशनी डालते हुए उन्होंने कहा कि रोजा रखने के साथ पांच वक्त की नमाज अदा करना, हर बुराई से परहेज रहना, रमजान की पूरे माह इबादत में मशगूल रहना, रोजेदार तरावीह की नमाज अदा करना ये सभी फजीलत बयान किये। ईमानवाले के लिए रमजान माह का 30 रोजा रखना फर्ज है। ईमानवाले के लिए अल्लाह ने तीन चीजो से नवाजा है । ईमान वाले पर पहला रहमत नाजिल होता है, दूसरा गुनाहों से छुटकारा होता है और तीसरा जहन्नम की आग से छुटकारा मिलता है। इस पवित्र माह में अल्लाह ईमान वालों के लिए जन्नत के दरवाजे खोल देते हैं ।उन्होंने कहा इस माह में सभी अकीदतमंद जमकर इबादत करें और कुरआन की तिलावत करें ।हर बिमारी से निजात पाने के लिए अल्लाह से दुआ मांगे।

## 11 हजार विधुत तार टूटकर गिरने से दो भैंस की घटना स्थल पर मौत

प्रात: किरण, संवाददाता



कुमारखंड मधेपुरा भतनी थाना क्षेत्र के बिशनपुर सुंदर पंचायत स्थित सत्यबेड़ कुपड़ी गांव में शुक्रवार को सड़क किनारे विधुत के खंभे में लगे 11 हजार विधुत पवार की तार टूटकर बथान पर बंधे हुए दो भैंस पर विधुत तार की गिर गए। तार की चपेट में आने से दोनों भैंस की घटना स्थल पर मौत हो गई। बताया गया कि सत्यबेड़ कुपड़ी गांव निवासी पशुपाल अरविंद यादव अपने दरवाजे पर बने बथान पर दो गर्ववती भैंस को चारा खिलाने के लिए बांध दिए थे। बथान के ऊपर से गुजर रहे 11 हजार विधुत पवार की तार अचानक टूटू कर भैंस पर गिराया । विद्युत तार की चपेट में आने से दोनों भैंस की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पशुपाल अरविंद यादव के घर में मातम पसरा हुआ है। घटना की जानकारी मनोज यादव ने अंचला अधिकारी कुमारखंड को देकर पीड़ित पशुपाल को मुआवजा देने की मांग किया है । अंचला अधिकारी आकांक्षा ने बताया कि जानकारी मिली है आवेदन मिलते ही पशु चिकित्सा पदाधिकारी को जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट मिलते ही आगे कार्यवाई की जाएगी।

## बीएसएस चन्द्रकान्ता कॉलेज में विज्ञान संकायों में डिग्री प्रारंभ करने की लगी मोहर

प्रात: किरण, संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) बी एस एस चन्द्रकान्ता महाविद्यालय को बी एन मंडल विश्वविद्यालय के सिंडिकेट, सीनेट के द्वारा कला, विज्ञान संकायों में डिग्री प्रारंभ करने की मोहर लगी। महामहिम कुलाधिपति (राज्यपाल, बिहार) की अध्यक्षता में पिछले दिन सम्पन्न सीनेट की बैठक में इस आशय का अनुमोदन सर्वसम्मत निर्णय के साथ हुआ। विदित हो कि बी एस एस चन्द्रकान्ता महाविद्यालय को पूर्व में कला, विज्ञान, वाणिज्य संकायों में सत्र 1993 से पांच सत्रों के लिए बिहार सरकार द्वारा मान्यता मिली थी, जिसे विधिवत सम्पन्न किया गया। इलाके के छात्र छात्र-छात्राओं को पूर्ण सुविधा उपलब्ध कराई गई, परन्तु आगे की प्रगति अपरिहार्य कारणों से शिथिल रहा, लेकिन वर्तमान में इलाके की आवश्यक आवश्यकता के अनुरूप संस्थापक ने पुनः जनमानस के बल पर हिम्मत जुटाई और सकारात्मक परिणाम हासिल की , जिसमें माननीय विधानपरिषद सदस्य प्रो० (डॉ०) संजीव कुमार सिंह की भूमिका अहम बताई जा रही है। संस्थापक प्रो॰ अमोल राय के द्वारा महामहिम कुलाधिपति एवं विद्वान कुलपति प्रो० (डॉ०)बिम्वलेन्दु शेखर झा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सांसद दिनेश चंद्र यादव, विधान सभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव विधान परिषद सदस्य, डा॰ संजीव कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ अजय कुमार सिंह , डॉ एन के यादव, प्रो० रामनरेश सिंह, डॉ॰ जवाहर पासवान, प्रो. केप्टन गौतम के साथ साथ सभी अधिषद सदस्यों एवं डीन डॉ. नवीन कुमार, कुलसचिव ह्रमिहिरह्व, डॉ. (प्रो.) गोपाल सिंह, प्रो. भुपेंद्र कुमार सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. रेणु कुशवाहा, पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों, अधिकारियों को कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया गया। वहीं इलाके के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने भी विश्वविद्यालय के निर्देश की सराहना की।

## विधायक द्वारा विधानसभा स्तरीय होली मिलन समारोह आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता



हाजीपुर। हाजीपुर के विधायक अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आज भाजपा कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।विधायक अवधेश सिंह ने इस मौके पर कहा कि होली मिलन का त्यौहार है। सभी शिकवे शिकायत भूल कर हम लोग होली में मिलते हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन कोई राजनीतिक आयोजन नहीं है ।होली मिलन समारोह में सभी जाति वर्ग के लोगों ने अपनी उत्साह पूर्वक उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर लोजपा रामविलास नेता अवधेश सिंह, भाजपा जिला प्रेम सिंह कुशवाहा,कमल सिंह , नंदकिशोर सिंह ,संजीव चौरसिया ,डॉक्टर ज्योति ,राजकुमार पासवान ,श्रीकांत पासवान, पूर्व विधायक सतीश कुमार नगर परिषद सभापति संगीता कुमारी, पूर्व सदस्य हेमलता वर्मा सहित एनडीए के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मंदिर में चोरों का आतंक दानपेटी ले उड़े चोर, घटना सीसीटीवी मे कैद



प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा सदर थाना क्षेत्र के भीरखी मोहल्ले के बजरंगबली मंदिर में देर रात चोरों ने मंदिर का ग्रिल का ताला तोड़कर दान पेटी की चोरी। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद। बता दें कि मधेपुरा नगर भीरखी मोहल्ले के बजरंगबली मंदिर में देर रात चोरों ने बजरंगबली मंदिर में गेट के ग्रिल में लगे ताला को तोड़कर मंदिर के दान पेटी को क्षतिग्रस्त करते हुए दान पेटी में रखें श्रद्धालुओं को दिए गए दान में रुपया की चोरी हुई ,पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना के थाना अध्यक्ष एवम पुलिस इंस्पेक्टर कमांडो सिंपू सिंह एस आई निसार अहमद पुलिस बल के साथ भीरखी बजरंगबली मंदिर पहुंचकर चोरी की घटना का जांच की स्थानीय लोगों ने पुलिस इंस्पेक्टर विमलेंदु कुमार को चोरी की घटना की विस्तृत जानकारी दी ।लोगों ने बताया कि इन दोनों चोरों के द्वारा मंदिर को निशाना बनाया जा रहा है जहां दान पेटी एवं अन्य सामान चोरों के द्वारा चोरी की जा रही है। अभिलंब ऐसे चोरों को पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में मंदिर एवं शहर में किसी भी प्रकार की घटना पर अंकुश लगे ।

## गणतंत्र की जननी वैशाली में मनाया गया बिहार दिवस

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर । वैशाली समाहरणालय सभा कक्ष में आज जिला पदाधिकारी यशपाल मीना और पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने दीप प्रज्वलित कर बिहार दिवस समारोह की शुभारंभ की। इसके बाद बिहार स्थापना दिवस के 112 वी वर्षगाठ पर केक काटने के उपरांत उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों , कर्मियों और उपस्थित सभी लोगों को इसकी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार के साथ साथ वैशाली का एक समृद्ध गौरवशाली इतिहास रहा है। वैशाली के पावन धरती से ही गणतंत्र का किसलय फूटा था। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सुबह में प्रभात फेरी निकाला गया। उनके बीच पेंटिंग, निबंध आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। बिहार दिवस समारोह के उद्घाटन सत्र में एडीएम विनोद कुमार सिंह, डीडीसी शम्स जावेद अंसारी, एडीएम (आपदा )अरुण कुमार सिंह, डीपीजीआरओ राखी केसरी , एसडीएम रामबाबू बैठा, जिला जन संपर्क पदाधिकारी नीरज सहित जिले के सभी पदाधिकारी, कर्मी एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## सुढ़ी समाज का होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता




हाजीपुर। हाजीपुर के एक निजी सभागार में वैशाली सुढ़ी समाज के होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। पारिवारिक होली मिलन समारोह में जिले के अलावे पटना से भी सूड़ी समाज के परिवारों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चो के बीच होली पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ। कार्यक्रम के दौरान लोगो ने एक दूसरे को रंग गुलाल से सराबोर कर एक दूसरे को बधाई दी। सालाना होली मिलन की परम्परा के अनुसार आयोजित कार्यक्रम में सूड़ी समाज से जुड़े जिले भर के लोगो ने मिलकर एक दूसरे को होली की अग्रिम शुभकामना दिया। वैशाली जिले के महुआ , सलहा , जंदाहा , बेलसर , लालगंज , महनार , जुड़ावनपुर , कल्याणपुर , चकसिकन्दर , बिद्दूपुर से लोग हिस्सा लेने पहुंचे थे। कार्यक्रम की शुरूआत में संगठन के अध्यक्ष श्री अमरनाथ गुप्ता ने सभी का स्वागत किया और आगत सदस्यों को होली की शुभकामना दी तथा सदस्यों से होली के मौके पर समाज में शान्ति एवं सद्भाव बनाने की अपील की । कार्यक्रम का सञ्चालन करते हुए संगठन के सचिव डाक्टर एस के मंडल ने होली की शुभकामना दी। बच्चो के बीच चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन में बेहतरीन चित्रकला के लिए अनिकेत राज , इशिका और अंविका आनंद को मुख्य अतिथि ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम के आयोजन में अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता , उपाध्यक्ष नथुनी महतो सचिव डाक्टर एस के मंडल , अजय कुमार , आनंद कुमार , , डाक्टर प्रणय पुंज , मथुरा प्रसाद , डाक्टर सतीश मंडल , डा सपना मंडल , के लावे पटना से पहुंचे ओम प्रकाश , राजीव रंजन , संतोष कुमार , श्याम सुन्दर प्रसाद ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## महुआ के विभिन्न विद्यालयों में मनाया गया बिहार दिवस और होली मिलन समारोह



प्रात: किरण, संवाददाता

महुआ बिहार दिवस के 112 वी वर्षगांठ पर आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर महुआ में प्रभात फेरी के साथ-साथ रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता कराई गई। इस अवसर पर शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने बिहार की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बिहार भारत का हृदय है जिसमें पूरे देश की झलक मिलती है। बिहार सभी धर्मो एवं सभी संस्कृतियों को अपने आंचल में समेटे पूरे देश दुनिया को हर परिस्थिति में बेहतर से बेहतर बनने एवं सम्मान, स्वाभिमान,शांति, सदभाव के साथ तेज रफ्तार से विकास की प्रेरणा देता है ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आलोक, सहायक शिक्षिका सुधा कुमारी, सुमन लता, मोहम्मद अफजल हुसैन, संगीता कुमारी, रंजीता कुमारी, सारिका कुमारी, सजीना परवीन, गीता कुमारी के अलावा काफी संख्या में छात्र उपस्थित थे। वही आर्यन फाउंडेशन अंतर्गत आर्यन सेंट्रल स्कूल फुदेनी चौक स्थित विद्यालय में बिहार दिवस के साथ साथ होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया ।बिहार दिवस के मौके पर विद्यालय के बच्चो द्वारा एक से बढ़कर एक कविता एवम गायन पेश किया गया ।तत्पश्चात होली मिलन समारोह का शुभारंभ सभी विद्यालय के बच्चो द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर किया गया ।वही सभी शिक्षक शिक्षिका द्वारा भी सभी बच्चे को गुलाल लगाया गया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक दीपक कुमार ने बिहार दिवस के साथ साथ होली के त्योहार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है ।होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति का भी संदेश देता है। बिहार दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा बिहार दिवस बिहार के लोगों के लिए अत्यधिक महत्व रखता है, क्योंकि यह राज्य के समृद्ध इतिहास, संस्कृति और राष्ट्र के लिए योगदान का जश्न मनाता है ।प्राचार्या हेमा वर्मा ने कहा कि यह त्योहार एकता का संदेश देता है। हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए ।इस समारोह में गोपाल कुमार,संजीव कुमार सावन, राधिका,खुशबू, सोनाली ,ब्यूटी सभी शिक्षक शिक्षिका के साथ साथ विद्यालय के कई अभिभावक भी उपस्थित थे। वही महुआ नगर परिषद क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विधालय भूषा महुआ में बिहार दिवस समारोह के मौके पर प्रभात फेरी निकाली गई ।वही इस मौके पर विधालय के प्रधानाध्यापक शत्रुधन पासवान के द्वारा वृषारोपण करते हुए दर्जनों की संख्या में पेड़ पौधे लगाए।

## अंतिम लीग मैच में मुरलीगंज ने सुपौल को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे



प्रात: किरण, संवाददाता

मुरलीगंज मधेपुरा शहर के बीएल इंटर स्कूल मैदान पर आयोजित सात दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट के अंतिम लीग मैच में मुरलीगंज ने सुपौल को हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। गुरूवार की रात सुपौल टीम के खिलाड़ियों ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 107 रन बनाकर ऑल आउट हो गए। जबाव मुरलीगंज न्यू टॉउन स्पोर्ट कल्ब के खिलाड़ियों ने 14 वें ओवर में छह विकेट खोकर जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाया। इससे पहले चौथे लीग मैच का शुभारंभ लायंस कल्ब अध्यक्ष डॉ रूपेश कुमार ने कराया। मौके दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचित हुए। टूनार्मेंट में निर्णायक नीरज कुमार बंटी और राहुल कुमार थे। कमेंट्री अजीत कुमार, बच्चन कुमार और स्कोरिंग लोकनाथ ने किया। पहला सेमीफाइनल न्यू टॉउन स्पोर्ट कल्ब मुरलीगंज और मधेपुरा टीम के बीच खेला गया।

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर 107 का बाण्ड भरवाया

प्रात: किरण, संवाददाता



आलमनगर थाना में शिविर लगाकर 107 का बाण्ड भरवाया गया जिसमें 109 लोगों ने बन्ध पत्र भरवारा गया आगामी मई महीने में होने वाली लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है। इसको लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार छापामारी, फ्लैग मार्च कर लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। थाना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थानाध्यक्षों के द्वारा लोगों पर 107दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत मामला दर्ज कर बाउंड भरवाया जा रहा है जा रहा है। इस बाबत आलमनगर थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि आलमनगर थाना क्षेत्र में धारा 107के तहत 800 लोगों पर निरोधात्मक कार्यवाही के तहत य ने थाना स्तर पर कैंप कोर्ट का अयोजन कर कर लोगों से बाउन्ड लिए जाने की व्यवस्था करवाया है । जिसमें 109लोगों ने न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए बन्ध पत्र दाखिल किया।

## जिरौल हॉस्पिटल में महज तीन घंटे कूल्हे का सफल ऑपरेशन किया गया

प्रात: किरण, संवाददाता

मधुबनी हरलाखी प्रखंड क्षेत्र जिरौल गांव स्थित सत्यम शिवम सेवा सदन सुपर स्पेशियलिटी रजिस्टर्ड हॉस्पिटल में अब आर्थोपेडिक सर्जरी की शुरूआत की गई है। हालांकि पिछले कई वर्षो से यहां सफल आर्थोपेडिक सर्जरी का काम चल रहा है। लेकिन कुछ क्रिटिकल केस को सॉल्व करने के बाद इस सूदूर ग्रामीण इलाके में इस बड़ी उपलब्धि की चर्चा बनी हुई है। आपको बता दें कि हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. बीके यादव के द्वारा ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की दिशा में यह सफल प्रयास शुरू किया गया है। जो इस छोटे से रिहायशी इलाके के लिए वरदान साबित हो रहा है। दरअसल हड्डी से संबंधित ऑपरेशन या प्लास्टर अथवा टूटे हड्डियों में स्टील लगाने व बाद फिर उसे रिमूव करने के लिए जहां ग्रामीण इलाके के लोगों को महंगे अस्पताल में शहरों की तरफ रुख करना पड़ता था वहां अब लोगों ग्रामीण इलाके में भी कम खर्च पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने से जरूरतमंदों को काफी हद तक सहुलियत होंगी। बताते चलें कि बृहस्पतिवार को आर्थोपेडिक सर्जन, एमबीबीएस, एमएस डॉ. अजय कुमार कुंदन, दिनेश कुमार,व डॉ. बीके यादव ओटी अस्सिस्टेंट मनीष कुमार समेत पांच डॉक्टर की टीम ने एक युवक के पैर की कुल्हा का ळ्ळफ ऑपरेशन किया जो पूरी तरह सफल रहा। दरअसल चानन गांव निवासी 25 वर्षीय दिलीप राम चलने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता था। जिसका इलाज सत्यम शिवम सेवा सदन में कराया गया और वहां ऑपरेशन कर पैर में कुल्हा भी डाला गया। ऑपरेशन सफलता पूर्वक हुआ वही मरीज की हालत खतरे से बाहर है। ग्रामीण इलाके के इस हॉस्पिटल की इस बड़ी उपलब्धि पर आस पास के इलाके के लोगों में काफी हर्ष है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर गांव में ही कम कीमत पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो तो भीड़भाड़ में दलालों के बीच शहरों की तरफ रुख नहीं करना पड़ेगा। मोके पर उपस्थित डॉ नरेश कुमार यादव, जगरनाथ मुखिया, बिपिन कुमार, पंकज कुमार, नंदकिशोर कुमार, आरती कुमारी, मौजूद थे ।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी दरभंगा ने बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को निषेधाज्ञा की परिधि के रखा बाहर

प्रात: किरण, संवाददाता

दरभंगा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 की घोषणा 16 मार्च 2024 को किए जाने के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला दंडाधिकारी दरभंगा राजीव रौशन द्वारा पूर्व में स्वच्छ, निर्भीक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव का संपन्न कराने हेतु दं.प्र.सं. की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण दरभंगा जिले में निम्नांकित निषेधाज्ञा जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि इस बीच बिहार सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश की आलोक में 22 मार्च 2024 को बिहार दिवस की आयोजन के क्रम में प्रभात-फेरी एवं संस्कृति कार्यक्रम आयोजन किया जाना है। उक्त के आलोक में जिला दण्डाधिकारी, दरभंगा राजीव रौशन द्वारा बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले प्रभात-फेरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को निषेधाज्ञा की परिधि से बाहर रखने का आदेश जारी किया गया।

सम्पादकीय

## इलेक्ट्रोल बांड : छिपाइए नहीं, बताइए

लोकतांत्रिक शासन में चुनाव से ही पारदर्शिता और निष्पक्षता बरतने का आग्रह एक न्यूनतम अपेक्षा है। आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा एवं इनसे जुड़े विदेशी समझौतों को ही इसके दायरे से बाहर रखा जा सकता है। पर देश के राजनीतिक दलों को जिस इलेक्ट्रोल बांड के जरिए चंदा देने की व्यवस्था अपारदर्शी भीत्ति पर बनाई गई थी। इससे यह खुलासा नहीं हो रहा था कि कब, कौन, किस पार्टी को और कितना धन चंदे में दे रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने बांड जारी करने वाला एकमात्र बैंक एसबीआई है, नियमतः यह काम आरबीआई का था, उसे 15 फरवरी को ही इसके सारे ब्योरों को चुनाव आयोग को देने की बात कही थी ताकि वह अपनी साइट पर सार्वजनिक करे। पर एसबीआई जो वित्त मंत्रालय के अधीन है, उसने न्यायालय के निर्देश का दो हिस्सों में और वह भी आधा-अधूरा पालन किया। बैंक ने पहले हिस्से में बांड खरीद की तारीख, खरीदने वालों के नाम और उसकी कीमत बताई है। दूसरे में बांड को भुनाने की तारीख, पार्टी के नाम और उसकी कीमत दी है। एक तीसरी कॉपी भी जारी की है, जिसमें बांड की कीमत, उसे देने और भुनाने वालों के नाम और तिथियां हैं। ये आयोग की वॉल पर हैं। पर इनमें वह यूनिक कोड नहीं है, जिससे तमाम ब्योरों का समग्रता में खुलासा करने और इस तरह सरकार बनने की पहली दहलीज से ही पण्राली में पारदर्शिता लाने का न्यायालय का मूल मकसद ही नहीं पूरा हो रहा है। इसलिए मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को बांड के यूनिक कोड के साथ तमाम ब्योरे 21 मार्च को शाम 5 बजे से पहले अंतिम रूप से जारी करने के लिए एसबीआई को कड़ी फटकार लगानी पड़ी। न्यायालय चाहता है कि बैंक यूनिक कोड के साथ एक समग्र और अंतिम ब्योरा दे। इसके लिए उसे दो हिस्सों में ब्योरा देना होगा। पहले में बांड के खरीदने की तारीख, खरीदने वालों के नाम, उसके यूनिक कोड, और उसकी कीमत हो। दूसरे हिस्से में, बांड भुनाने की तारीख, भुनाने वाली पार्टी, बांड के यूनिक कोड और उसका मूल्य दिया जाए ताकि आम जन बांड खरीदने वाले और इसको भुनाने वाले के साथ मिलान कर सके। इससे पार्टियां और उन्हें चंदे देने वाली कंपनी-घरानों की नींद उड़ी हुई है। पर सर्वोच्च न्यायालय की पहल से चुनावी चंदे की स्वीकार्य नैतिक व्यवस्था बनेगी जिसका असर चुनावों के बेलगाम खर्चे पर नियंतण्रके रूप में होगा। इसके लिए देश में कब से चल रही बहस एक निर्णायक आकार ले सकेगी।

## शक्ति की असल शक्ति

मेरे लिए तो हर मां-बेटी शक्ति का रूप है। मैं इनको शक्ति के रूप में पूजता हूं और इनकी रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन पर मुंबई की रैली में कहा। चुनाव में लड़ाई शक्ति के विनाशकों और शक्ति के उपासकों के बीच है और चार जून को स्पष्ट होने की बात भी की कि कौन शक्ति का विनाश करने वाला है और किसे शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त है। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर मुंबई में आयोजित रैली में कहा था, हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं, एक शक्ति से लड़ रहे हैं। हालांकि राहुल ने अपने बयान के विवाद के बाद कहा कि प्रधानमंत्री ने उनकी बातों का अर्थ बदलने की कोशिश की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया-मैंने गहरी सच्चाई बोली है। जिस शक्ति का मैंने उल्लेख किया, जिस शक्ति से हम लड़ रहे हैं, उस शक्ति का मुखौटा मोदी जी हैं। मोदी ने किसी का नाम न लेते हुए कहा, ये कहते हैं कि जिस शक्ति की मैं बात कर रहा हूं, उन्होंने उनका गला पकड़ कर उनको भाजपा की ओर किया है और वह सब डर गए हैं। जाहिर है, लोक सभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही सभी राजनैतिक दल पूरी मशक्कत से जुट गए हैं। वे आरोपों-प्रत्यारोपों द्वारा, एक-दूसरे पर कीचड़ उछाल कर तथा निशाने लगा कर जनता को लुभाने के वही पुराने तरीके अपना रहे हैं जिनके बूते अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को जितवाने की संभावनाएं प्रतीत हो रही हों। राहुल गांधी को अभी पिछले दिनों ही प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने पर अदालत से चेतावनी मिल चुकी है। पिछले कई चुनावों से देखने में आ रहा है कि सत्ताधारी दल और विपक्ष चुनावी भाषणों में शालीनता बनाए रखने में चूकते जा रहे हैं। व्यक्तिगत आरोप और छींटाकशी भरे जुमलों का भरपूर प्रयोग होने लगा है। कुछ भी हो नेताओं को भाषा और शब्दों के चयन की खास शालीनता का ख्याल रखना चाहिए। चुनाव आयोग द्वारा कड़ाई से आदर्श चुनाव संहिता लागू किए जाने के बावजूद नेताओं द्वारा यह चूक होती नजर आती है। शक्ति स्त्री को कहें या सत्ता को, दरअसल यह तो चार जून को मतदाता ही दिखाएगा कि असली शक्ति किसके हिस्से जाती है। यह मूल रूप से इस शक्ति के ही हाथ है कि वह किसे शक्तिवान बनाती है, और किसे शक्तिहीन कर देती है।

## इक तेरी, इक मेरी कांग्रेस

कांग्रेस के अपने ही सवाल पीछा नहीं छोड़ रहे, तो पार्टी चुनावी प्रश्नों पर अपना मत कैसे जुटाएगी। यहां कांग्रेस की जीती हुई सीटें क्यों निराश हुईं, सियासत ने तो बंद दरवाजों को हंसते देखा है। आश्चर्य है कि छह घंटियों के शोर से भी कांग्रेस के कान नहीं खुले, तो अब नया शोर कान फाडे पर उतारू है। सियासत के अपने दुर्ग और वीरभद्र की विरासत की प्रतीक मानी गईं प्रतिभा सिंह जो कह रही हैं, उसे प्रदेश तो सुन रहा है- कांग्रेस सुने या न सुने। पिछली संसद में जब प्रतिभा सिंह सांसद बनीं, तो कांग्रेस का रुतबा भाजपा की सत्ता को परेशान कर गया। तब अगर पार्टी ने हिमाचल में जीत की प्रतिभा को अंगीकार किया तो आज प्रतिभा सिंह की शिकायत को सुनें या वकालत को सुनें। मोहतरमा प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष हैं, बेटे विक्रमादित्य सिंह सुक्खू सरकार में काबीना मंत्री हैं, लेकिन राजनीति के रहट को अपने ही कुएं के पानी से शिकायत है। नाराजगी का आलम यह कि जिस मंडी संसदीय सीट पर कांग्रेस का पलड़ा भारी दिख रहा था, वहां पूर्व सांसद चुनाव के विरोध में अंगद का पांव दिखा रही हैं। यह एक पूर्व सांसद की हैसियत से कहीं आगे निकलकर बतौर पार्टी अध्यक्ष के रूप में जो कह रही हैं, वहां अनेकों कठघरे खाली हैं। इन सर्द हवाओं को छू कर देखना, भीतर से जलाने की अदाकारी छुपी है। हिमाचल कांग्रेस बनाम हिमाचल सरकार के बीच अहम और वहम के युद्ध अभी शांत नहीं हैं। प्रतिभा सिंह न जाने कितने ठीकरे फोड़ रही हैं, ह्यकांग्रेस की आशाओं ने अपनों की शामत, इस हुस्न को आवारगी ने बर्बाद कर दिया ह्यदरअसल स्थिति यह है कि न पार्टी को वांछित का पता और न ही अवांछित से गिला। परिदृश्य में चारों तरफ कई लंकाएं जल रही हैं, फिर भी कहीं किसी को धुएं से शिकायत नहीं। ऐसे में क्यों न माना जाए कि सत्ता और संगठन के बीच एक तेरी-एक मेरी कांग्रेस के द्वंद्व अब जिस मोड़ पर खड़े हैं, वहां सिर्फ फितरतें मांगी जा रही हैं। प्रतिभा सिंह की भाषा में भले ही कोई नया उच्चारण नहीं, लेकिन आरोपों की बुनाई में कई जाल हैं। किसी राज्य की पार्टी अध्यक्ष के ताजा बयानों के बगल में छुरी अगर नहीं देखी जाएगी, तो हलाल होने का यह मर्ज कांग्रेस से बहुत कुछ छीन सकता है। इसके बरअक्स भाजपा की ओर से न केवल लोकसभा की चार सीटों की तैयारी चल रही है, बल्कि उपचुनाव के महाभारत की पटकथा भी लिखी जा रही है। कमोबेश जिन आरोपों की बुनियाद पर कांग्रेस के उम्मीदवार को राज्यसभा चुनाव में शिकस्त मिली है, उन्हीं पर प्रदेशाध्यक्ष अगर तलवार भांज रही हैं, तो विपक्ष की जरूरत है कहां। क्या वाकई इस बार सत्ता का आलम मगरूर है या गफलत में वीरभद्र सिंह परिवार भयानक गलती को अंजाम दे रहा है। कहना न होगा कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व राजस्थान व मध्यप्रदेश की तरह किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति में अपनी ही संभावनाओं पर कुठाराघात करने पर तुला है। यह भी तब जब ऐसे मसलों पर समन्वय समिति का गठन हो चुका है। आश्चर्य यह कि समन्वय समिति का खिलौना भी यहां अपनी बैटरी के बिना दिखाई दे रहा है। कांग्रेस अपने संकट को जिस तरह हल कर रही है, उससे विकराल होती परिस्थिति का एक रूप अगर प्रतिभा सिंह अख्तियार कर रही हैं, तो आगामी संघर्ष में लोकसभा व उपचुनावों में न जाने पार्टी के भीतर कितनी लंकाएं जल सकती हैं। ऐसा नहीं कि भाजपा के भीतर उथल-पुथल नहीं है, फिर भी वहां विरोध को बेजुबान करने का कौशल व अनुशासन है। यहां सत्ता के लाभ में पार्टी के भीतर कई नियुक्तियों की दीवारें खड़ी हो चुकी हैं। जिस पार्टी को अपने छह विधायक खोने का गम नहीं या जहां राज्यसभा की सीट हारने पर कोई मंथन नहीं, वहां शायद ही प्रतिभा सिंह के वक्तव्य को गंभीरता से लिया जाए। आश्चर्य यह कि छह बागी विधायकों का सियासी करियर तबाह करते-करते सत्तारूढ़ पार्टी अपने ही लोगों की कतरब्यौंत में जुट गई है। बगावत और विध्वंस की मनोवृत्ति में आए फैसलों के बाद पार्टी की छिपकलियां चुनावों में अपनी दावेदारी दिखा रही हैं। धर्मशाला नगर निगम के तमाम कांग्रेसी पार्षद उपचुनाव के प्रत्याशी बने बैठे हैं, तो पार्टी को अपनी तासीर का वजन भांप लेना चाहिए, वरना टूट फूट की शब्दावली अब शिकर को भी जमीं सुंघाने की फितरत में कहीं हावी न हो जाए।

# आम चुनाव-2024 : सरोकारी माहौल जरूरी

आधी शताब्दी पहले लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने इसे संबोधित किया था। आज पीछे मुड़कर देखने पर लगता है कि मोरारजी देसाई की सरकार द्वारा जयप्रकाश नारायण के सुझावों की अनदेखी से एक बड़ी बीमारी की शुरूआत हो गई। इस समय हर तरफ आम सहमति है कि हमारी चुनाव व्यवस्था के तीन बहुत बड़े दोष हैं। पहला, लोक शक्ति को धन शक्ति ने पराजित कर दिया है, दूसरा, मतदाताओं को सेवा और संगठन के जरिए प्रभावित करने की बजाय सभी दल मीडिया के माध्यम से प्रभावित करने का सहारा लेने लगे हैं, और तीसरा, कई जगहों पर चुनावों के मौके पर असामाजिक तत्वों की भूमिका उल्लेखनीय हो जाती है। कुछ दल तो असामाजिक तत्वों को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाने में बड़ी शान समझने लगे हैं। सबका विवरण एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स जैसे निर्दलीय नागरिक मंचों द्वारा बराबर सामने आने से अजीब किस्म का असमंजस पैदा हो गया, वोट देने जाएं या न जाएं !क्या हमारा वोट एक उचित प्रतिनिधि का चयन करने में समाज की मदद करेगा ! क्याचुने गए लोग जनप्रतिनिधि हैं, या धन शक्ति के प्रतीक हैं ! ऐसी और भी कई बातें हर चुनाव के बाद सामने आने लगी हैं। इसीलिए इस बार के आम चुनाव में नागरिक समाज की भूमिका के बारे में सावधानी की जरूरत है।





**प्रो. आनंद कुमार-**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

भारतीय जनतंत्र में राजनीतिक दलों, मीडिया और मतदाताओं के लिए आम चुनाव एक महत्वपूर्ण संदर्भ होता है। पिछले दिनों चुनाव के बारे में राजनीतिक दलों और नागरिक समाज का दृष्टिकोण अलग-अलग हो गया है। एक तरफ दल चुनाव को सत्ता की सीढ़ी मानकर इसे जीतने के लिए हर तरह के प्रयास कर रहे हैं, दूसरी तरफ नागरिक समाज में चुनाव में बढ़ रही समस्याओं को लेकर खास तरह का अविश्वास भाव बन रहा है। नागरिक समाज का आग्रह है कि चुनाव व्यवस्था में सुधार किए जाएं और सुधारों की एक लंबी सूची बनती जा रही है। सबसे बड़ा दोष धन शक्ति का बढ़ता प्रभाव था। आधी शताब्दी पहले लोक नायक जयप्रकाश नारायण ने इसे संबोधित किया था। आज पीछे मुड़कर देखने पर लगता है कि मोरारजी देसाई की सरकार द्वारा जयप्रकाश नारायण के सुझावों की अनदेखी से एक बड़ी बीमारी की शुरूआत हो गई। इस समय हर तरफ आम सहमति है कि हमारी चुनाव व्यवस्था के तीन बहुत बड़े दोष हैं। पहला, लोक शक्ति को धन शक्ति ने पराजित कर दिया है, दूसरा, मतदाताओं को सेवा और संगठन के जरिए प्रभावित करने की बजाय सभी दल मीडिया के माध्यम से प्रभावित करने का सहारा लेने लगे हैं, और तीसरा, कई जगहों पर चुनावों के मौके पर असामाजिक तत्वों की भूमिका उल्लेखनीय हो जाती है। कुछ दल तो असामाजिक तत्वों को अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाने में बड़ी शान समझने लगे हैं। सबका विवरण एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स जैसे निर्दलीय नागरिक मंचों द्वारा बराबर सामने आने से अजीब किस्म का असमंजस पैदा हो गया, वोट देने जाएं या न जाएं !क्या हमारा वोट एक उचित प्रतिनिधि का चयन करने में समाज की मदद करेगा ! क्याचुने गए लोग जनप्रतिनिधि हैं, या धन शक्ति के प्रतीक हैं ! ऐसी और भी कई बातें हर चुनाव के बाद सामने आने लगी हैं। इसीलिए इस बार के आम चुनाव में नागरिक समाज की भूमिका के बारे में सावधानी की जरूरत है। हमें अच्छी तरह से याद है कि इमरजेंसी के दौर में चुनाव को एक साल के लिए आगे बढ़ा दिया गया था तो सारा देश खुली जेल जैसा होने लगा था। किसी की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। गैर-संवैधानिक शक्ति केंद्रों ने सिर उठा लिए थे। प्रधानमंत्री सचिवालय से लेकर थाने के स्तर तक हर तरफ गैर-संवैधानिक ताकतों का बोलबाला हो गया। उस समय यानी 1976 में पूरे देश से एक ही मांग आ रही थी कि चुनाव समय पर और ठीक से कराए जाएं। चुनाव का महत्त्व निर्विवाद है। तमाम दोषों के बावजूद अभी भारतीय जनतंत्र के पास सत्ता के संचालन के लिए, देश को सुचारू रूप से चलाने के लिए चुनाव के अलावा कोई विकल्प नहीं है। प्रशासन के संचालन के लिए हमने उम्मीदवारों का मूल्यांकन करने वाली परीक्षाओं का इंतजाम किया है। उसमें लाखों विद्यार्थी बनते हैं, और कुछ सौ चुने जाते हैं। जिनको पुलिस, प्रशासन, विदेश नीति आदि की जिम्मेदारी दी जाती है। विधानमंडल को चलाने के लिए, संसद का संचालन करने के लिए हमारे जनप्रतिनिधि कैसे चुने जाएं, इस प्रक्रिया को चुनाव के माध्यम से पूरा करना लगातार कठिन होता जा रहा है। लगता है कि पूरी गंगा मैली हो गई है। इसलिए लोकतंत्र को बचाए रखने के अब दो ही रास्ते बचे हैं-या तो हम चुनाव के दिन अपने-अपने घरों में बैठ जाएं। मानकर चलें कि चुनाव से कुछ नहीं होगा। दूसरा उपाय है कि चुनाव के हर मोड़ पर यानी चुनाव की घोषणा, घोषणा-पत्रों की तैयारी, प्रतिनिधियों का चयन और प्रचार का तंत्र; हर स्तर पर सक्रिय निगरानी करें, सक्रिय भागीदारी करें और सक्रिय योगदान करें। बहुत पहले राहुल सांकृत्यायन ने कहा, भागो नहीं, दुनिया को बदलो। इ आज लोकतंत्र जिस नाजुक मोड़ पर खड़ा है, उसमें भागने से तो सुधार नहीं होना। बदलने से शायद सुधार हो। वैसे भी, लोकतंत्र की लोकप्रियता सारी दुनिया में घट रही है। दुनिया में जिन देशों का नाम लोकतंत्र के निमार्ताओं के रूप में लिया जाता है, वहां चुनाव के जरिए अलोकतांत्रिक जमातें और ताकतें सत्ता में आ रही हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप से रूस में ब्लादीमिर पुतिन तक के नाम लिए जा सकते हैं। इसलिए 2024 का लोक सभा चुनाव अगले पांच साल की दिशा तय करेगा। नागरिक समाज का क्या अर्थ है ! असल में ये वे लोग हैं, जो सरोकारी नागरिक हैं। संविधान प्रदत्त नागरिक कर्त्तव्य सूची को सम्मान देते हैं।

# मुसलमानों को नागरिकता की मांग का औचित्य

उनके स्वयं के पुरखे भी अरब से आए थे। लेकिन उनका कहना था कि ये पांच प्रतिशत बाबरी मुसलमान अब इस देश की मिट्टी में रच-बस गए हैं। लेकिन मौलाना आजाद के वक्त भी यही पांच प्रतिशत भारतीय मुसलमानों को भडकाया करते थे और आज उनके गुजर जाने के इतने दशकों बाद भी यही भारतीय मुसलमानों को बहका, डरा और धमका रहे हैं। अलबत्ता दारा शकोह ने इस देश की मिट्टी में घुल-मिल जाने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन उसको उन्हीं मुल्लाओं ने निपटा दिया। आज भी नागरिकता संशोधन अधिनियम के सवाल पर इन्हीं पांच प्रतिशत ने, मस्जिदों से आम भारतीय मुसलमानों को बहकाया या भडकाया और दोनों मिल कर कांग्रेस, कम्युनिस्ट और मुस्लिम लीग की राजनीति के मोहरे बन कर सडकों पर तांडव करने लगे। वैसे कांग्रेस, कम्युनिस्ट शायद समझ रहे हों कि वे इन दोनों प्रकार के ही मुसलमानों को अपनी राजनीति का मोहरा बना रहे हैं, जबकि हो सकता है सडकों पर उतर रहे भारतीय और अरब तुर्क मुसलमान इन राजनीतिक दलों को अपनी बड़ी योजना के लिए इस्तेमाल कर रहे हों। लेकिन इन दोनों प्रकार के मुसलमानों को सडकों पर उतार कर कांग्रेस, कम्युनिस्ट और मुस्लिम लीग जो प्रश्न उठा रहे हैं, उस पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। उनका कहना है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम में भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान पाकिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अल्पसंख्यकों के लिए किया गया है।



**कुलदीप चंद अग्निहोत्री-**
लेखक वरिष्ठ स्तभकार हैं




जब से भारत सरकार ने नागरिकता अधिनियम में संशोधन के बाद यह प्रावधान किया है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के प्रताड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई भारत की नागरिकता प्राप्त करने के अधिकारी होंगे, तब से कांग्रेस, मुस्लिम लीग और कम्युनिस्टों की मांग है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के मुसलमानों को भी भारतीय नागरिकता लेने का अधिकार मिलना चाहिए। इसका मोटा अर्थ यह है कि जो लाखों बांग्लादेशी और पाकिस्तानी अवैध ढंग से भारत में घुस आए हैं, उनको भी घुसपैठिए न मान कर शरणार्थी माना जाए और मांग पर भारतीय नागरिकता दी जाए। उनका कहना है कि भारत पंथनिरपेक्ष है, इसलिए किसी पंथ या मजहब के आधार पर किसी को न तो सुविधा दी जा सकती है और न ही भेदभाव किया जा सकता है। लेकिन इसके साथ ही ये यह भी मांग करते हैं कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 इसलिए लागू किया जाए क्योंकि वहां इस्लाम पंथ को मानने वाले बहुसंख्यक में हैं। नागरिकता के प्रश्न पर इन्होंने भारत के दोनों प्रकार के मुसलमानों को सडकों के प्रदर्शन में जोडने का प्रयास किया है और कुछ सीमा तक उन्हें जोडने में सफल भी हुए हैं। इन मुसलमानों में से अधिकांश तो भारतीय मुसलमान ही हैं जिनके पुरखे सल्तनत काल या मुगल काल में मतांतरित होकर मुसलमान बन गए थे। लेकिन एक-आध प्रतिशत अरब, मंगोल, तुर्क या फिर मुगल मुसलमान भी हैं, जिनके पुरखे इन देशों से अरसा पहले आए थे। ये या तो हमलावर थे या फिर देश पर अरबों या तुर्कों का कब्जा हो जाने के बाद यहां आ बसे थे। इन एक-आध प्रतिशत मुसलमानों का भारत की मस्जिदों और जियारतखानों पर कब्जा है। मौलाना अबुल कलाम आजाद, जो भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे, वे इन मुसलमानों की संख्या पांच प्रतिशत बताया करते थे। उनके स्वयं के पुरखे भी अरब से आए थे। लेकिन उनका कहना था कि ये पांच प्रतिशत बाबरी मुसलमान अब इस देश की मिट्टी में रच-बस गए हैं। लेकिन मौलाना आजाद के वक्त भी यही पांच प्रतिशत भारतीय मुसलमानों को भडकाया करते थे और आज उनके गुजर जाने के इतने दशकों बाद भी यही भारतीय मुसलमानों को बहका, डरा और धमका रहे हैं। अलबत्ता दारा शकोह ने इस देश की मिट्टी में घुल-मिल जाने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन उसको उन्हीं मुल्लाओं ने निपटा दिया। आज भी नागरिकता संशोधन अधिनियम के सवाल पर इन्हीं पांच प्रतिशत ने, मस्जिदों से आम भारतीय मुसलमानों को बहकाया या भडकाया और दोनों मिल कर कांग्रेस, कम्युनिस्ट और मुस्लिम लीग की राजनीति के मोहरे बन कर सडकों पर तांडव करने लगे। वैसे कांग्रेस, कम्युनिस्ट शायद समझ रहे हों कि वे इन दोनों प्रकार के ही मुसलमानों को अपनी राजनीति का मोहरा बना रहे हैं, जबकि हो सकता है सडकों पर उतर रहे भारतीय और अरब तुर्क मुसलमान इन राजनीतिक दलों को अपनी बड़ी योजना के लिए इस्तेमाल कर रहे हों। लेकिन इन दोनों प्रकार के मुसलमानों को सडकों पर उतार कर कांग्रेस, कम्युनिस्ट और मुस्लिम लीग जो प्रश्न उठा रहे हैं, उस पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। उनका कहना है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम में भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान पाकिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अल्पसंख्यकों के लिए किया गया है, जबकि वह पाकिस्तान से आने वाले मुसलमानों के लिए भी किया जाना चाहिए। पाकिस्तान और बांग्लादेश के मुसलमान, यदि वे भारत में आ जाते हैं, तो उनकी मांग पर, उनकी भारतीय नागरिकता उन्हें वापस देनी चाहिए। वापस देने का प्रसंग इसलिए उठ रहा है क्योंकि 1947 से पहले इन सभी के पास भारतीय नागरिकता ही थी। यदि भारत विभाजन न होता तो आज इनके पास वही भारतीय नागरिकता बनी रहती। अब यदि पाकिस्तान और बांग्लादेश के लाखों मुसलमान फिर से अपनी भारतीय नागरिकता प्राप्त करना चाहते हैं तो भारत के विभाजन के प्रश्न पर पुनः विचार करना होगा। यदि विभाजन के सत्तर साल बाद भी पाक-बांग्लादेश के मुसलमान नागरिकों को भी यह लगता है कि इससे अच्छी भारत की नागरिकता ही थी, तब देश विभाजन के औचित्य पर तो प्रश्नचिन्ह लगेगा ही। यदि पाकिस्तान के नागरिकों को अंततः भारत की नागरिकता ही वापस लेनी थी तो भारत का विभाजन कर एक नई पाकिस्तानी नागरिकता सृजित करने की जरूरत ही क्या थी? लेकिन इस विवाद के इस मोड़ पर एक और प्रश्न भी खड़ा होता है। पाकिस्तान के इन मुसलमान नागरिकों ने, जो समग्र भारतीय विरासत का हिस्सा ही थे और उनके पूर्वज भी हिंदू ही थे, स्वेच्छा से पाकिस्तानी नागरिकता के लिए संघर्ष किया था। इस संघर्ष में कम्युनिस्टों ने उनका साथ दिया था। कम्युनिस्ट जो मजहब के जनक ईश्वर के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करते, वे ही मजहब के आधार पर पाकिस्तान के निर्माण का समर्थन कर रहे थे। कांग्रेस शुरू में तो मजहब के आधार पर विभाजन का विरोध करती थी, लेकिन कांग्रेस कार्यसमिति ने 12 जून 1947 को भारत विभाजन का समर्थन करते हुए प्रस्ताव पारित कर दिया था। इसके बाद कांग्रेस के बड़े अभिकरण एआईसीसी यानी आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के 14 जून को आहूत अखिल भारतीय अधिवेशन में इस प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया गया। लेकिन इन दोनों प्रस्तावों के पारित करने से भी पहले 3 जून 1947 को कांग्रेस, मुस्लिम लीग और उस समय के ब्रिटिश भारत के वायसराय लार्ड माऊंटबेटन ने संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में ब्रिटिश भारत के विभाजन और एक नए देश पाकिस्तान के निर्माण की घोषणा की। इस प्रकार कांग्रेस ने मुस्लिम लीग की अलग पाकिस्तानी नागरिकता की मांग के आगे हथियार डालते हुए अंतिम दिनों में उनके सहयोगी की भूमिका को स्वीकार किया था। मुस्लिम लीग शुरू से ही भारतीय मुसलमानों के लिए पाकिस्तानी नागरिकता की मांग कर रही थी। लेकिन अब वही कांग्रेस और वही मुस्लिम लीग मानसिकता के संगठन यह कह रहे हैं कि पाकिस्तान (बांग्लादेश उसी का हिस्सा था) के नागरिकों को भी पुनः उनकी भारतीय नागरिकता वापस देनी चाहिए। यदि कांग्रेस, कम्युनिस्टों और मुस्लिम लीग को सचमुच यह लगता है कि पाक-बांग्लादेश के मुसलमानों को भी उनकी भारतीय नागरिकता वापस मिलनी चाहिए तो जिन मुसलमानों को सडकों पर लाकर वे तोडफोड़ और आगजनी कर रहे हैं, पाकिस्तान, बांग्लादेश के हिंदू, सिख और बौद्ध शरणार्थियों को उनकी पुरानी भारतीय नागरिकता देने का विरोध कर रहे हैं, उनको साथ लेकर पहले कदम के तौर पर पाकिस्तान-बांग्लादेश और भारत के एक परिसंघ के निर्माण की मांग उठाएं। जाहिर है कि इसकी शुरूआत कांग्रेस को और ह्यभारत तेरे टुकड़े होंगे हजार, इंशा अल्लाह इंशा अल्लाहह्ण के नारे लगा रहे मुसलमानों को ही करनी होगी। यदि अरब, तुर्क, मंगोल और मुगल मूल के मुसलमान इससे न भी सहमत हों तो केवल भारतीय मुसलमानों को ही सडकों पर भारत विभाजन समाप्त करने के लिए नारे ही नहीं लगाने होंगे, बल्कि उसके लिए प्रयास भी करना होगा। राम मनोहर लोहिया ने बहुत अरसा पहले यह प्रस्ताव रखा था। इसके बाद यदि मुसलमानों को लगे कि उनकी पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकता के कोई मायने नहीं बचे हैं तो फिर वे स्वयं एकीकृत भारत की मांग उठाएं। लेकिन क्या कांग्रेस सचमुच ह्रदय से भारत विभाजन की अपनी मूर्खता को स्वीकार कर पाक, बांग्लादेश के नागरिकों को उनकी पुरानी भारतीय नागरिकता वापस दिलवाना चाहती है या एक बार फिर उनका अपनी सत्ता वापसी के लिए सीढ़ी की तरह इस्तेमाल करना चाहती है, यह देखने वाली बात होगी।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी कहीं अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी तो नही...?

ओमप्रकाश मेहता-

अब इसे मोदी जी के राजनीतिक सलाहकारों की दुर्बुद्धि कहा जाए या और कुछ.... एन चुनाव के वक्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी राजनीतिक दृष्टि से किसी के लिए भी कहां तक उचित है, शायद भारतीय राजनेताओं को देशवासियों की याददास्त पर कुछ गलत फहमी हो गई है, शायद उनकी सोच यह है कि देशवासी हर घटना को जल्दी ही विस्मृत कर देते है, किंतु ऐसा कतई नही है, अन्ना हजारे चाहे जो भी कहे या समझे, किंतु उनके शिष्य राजनेता अरविंद केजरीवाल इतने दिन सत्ता के सिंहासन पर विराजित होने के बाद भी उनकी सेवा भावनाओं में कोई अंतर नही आया है, सिर्फ दिल्ली नहीं, बल्कि पूरे देश में केजरीवाल की अपनी छवि है और उनके लाखों समर्थक भी है, ऐसे में चुनाव के चंद दिन पहले उनकी चार साल पुराने मामले में गिरफ्तारी राजनीतिक दृष्टि से किसके लिए हितकर या अहित कर होगी यह तो समय ही बताएगा, किंतु फिलहाल आसार अच्छे नजर नही आ रहे है। भारत के अधिकांश नागरिकों की आज भी सोच यही है कि देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों में दिल्ली के मुख्यमंत्री की अपनी अलग पहचान है, वह भी उनकी सेवाभावना और निश्छलता के कारण। इतने साल मुख्यमंत्री पद पर रहने के बावजूद उन पर अन्यों की तरह राजनीति हावी नही हुई, फिर ऐसे में देश के ऐसे एकमात्र मुख्यमंत्री को एन चुनाव के समय भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर उनकी गिरफ्तारी करना, आला राजनेताओं के दिमाग का दिवालियापन ही कहा जाएगा। केजरीवाल को गिरफ्तार कर आखिर देश की सरकार संदेश क्या देना चाहते है, क्या देश के अन्य भाजपाई या गैर भाजपाई मुख्यमंत्रीगण केजरीवाल से बेहतर ईमानदारी से कार्य कर रहे है? या ये मान लिया जाए कि केजरीवाल जैसे नेताओं की आज की राजनीति में जरूरत ही नही है, यह सही है कि भाजपा की केन्द्र सरकार की एकदम आंख के नीचे गैर भाजपाई सरकार किरकिरी बन कर खटक रही थी, किंतु क्या ह्यआंखों की किरकिरीह्ण हटाने का यह तरीका सही है? भाजपा के मोदी जी सहित दिग्गज नेता यह क्यों नही समझते कि भारतीय राजनीति में केजरीवाल की अपनी अलग पहचान बन गई है और देश के लोग उनके जैसे नेता अपने प्रदेशों में भी खोज रहे हे, ऐसी स्थिति में केजरीवाल की गिरफ्तारी किसके पैरों पर ह्यकुल्हाड़ीह्ण सिद्ध होगी? इसका उत्तर किसी से भी छुपा नही है, आज कई दृष्टि से आप शासित दिल्ली और पंजाब राज्य अन्य राज्यों के लिए प्रशासनिक मिसाल बने हुए है, ऐसे में आप को तिरस्कृत कर राजनीति करना, किसके लिए श्रेयस्कर होगा? इतनी छोटी सी बात हमारे महान राजनेताओं के दिमाग में क्यों नही आ पा रही? ....फिर सबसे बड़ी बात यह कि केजरीवाल तो इतने समय से मुख्यमंत्री है और जिस मामले में गिरफ्तारी की गई, वह भी चार साल पुराना है, तो अब भाजपा के महान दिग्गज व विद्वान नेताओं को इस समय यह ह्यआत्मघातीह्ण कदम उठाने की जरूरत क्यों आ पड़ी?

## संक्षिप्त खबरें

### दुर्घटना के बाद ट्रक में लगी आग में धू-धू कर जलता रहा युवक

रक्सौल। बीती रात रक्सौल अनुमंडल के रामगढ़वा थाना क्षेत्र में ट्रक और बाईक की एक भयानक दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। दुर्घटना इतना भयंकर था कि ट्रक में आग लग गई और उसमें बाईक सहित फंस कर एक युवक की मौत जलकर हो गई तो दूसरे की मौत ईलाज के लिए ले जाने के क्रम में हुई। मिली जानकारी के अनुसार रक्सौल थाना क्षेत्र के गम्हरिया निवासी रामसूरत राम के 27 वर्षीय पुत्र सोनू राम एवं नंदू राम के 25 वर्षीय पुत्र प्रभु राम रामगढ़वा थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव में सोनू के ससुराल गए थे। जहां से बीती रात वे अपने घर बाईक से लौट रहे थे। हालांकि उनकी सास ने उन्हें उस दिन जाने से मना की थी, नही मानने पर आने दी थी।

### भेल्दी में 140 लीटर देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार

भेल्दी (सारण)। भेल्दी पुलिस ने थाना क्षेत्र के तरवार चार मुहानी के समीप से बाइक पर सवार दो शराब कारोबारी को 140 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए शराब तस्कर नगर धाना क्षेत्र के पूर्वी रौजा गांव के सौरभ कुमार व रौजा पोखरा के रोहित कुमार है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक छपरा से बाइक पर देसी शराब लेकर दोनों धंधेबाज सड़क के रास्ते कहीं डिलीवरी देने जा रहे थे तभी गुप्त जानकारी मिली इसके बाद दलबल के साथ दोनों का पीछा कर तरवार चार मुहानी गांव के समीप से शराब और बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया गया।

# बिहार दिवस पर उप विकास आयुक्त ने सेक्टर पदाधिकारियों से बैठक कर चुनाव कार्य की किया समीक्षा

● सर्वजनिक स्थलों से बैनर पोस्टर हटाने, टोला का नजरी नक्शा बनाने सहित एक बूथ से 10 दस व्यक्तियी के नाम, मोबाइल कलेक्ट करने का निर्देश दिया




प्रात: किरण संवाददाता

बनियापुर। बनियापुर श्रीकृष्ण सभा कक्ष मे उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी ने बिहार दिवस के मौके से चुनाव कार्य की समीक्षात्मक बैठक किया,जहा पुलिस पदाधकारियो एव सेक्टर पदाधिकारियो को तत्परता से चुनाव कार्य को करना है, मतदान केंद्र पर हर तरह के न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं से लैस करना है,बीईओ की हविलचेयर उयलब्ध कराने की जिम्मेदारी सहित सभी पदाधिकारियो को अपने अपने बूथ क्षेत्रो मे मतदान केंद्रो पर भय दशस्त फैलाने वालो की पहचान करने,सहित मतदाताओं सूची मे छूटे लोगो का नाम तुरंत जुड़वाने हेतु जागरूक करना है, सर्वजनिक स्थलों से बैनर पोस्टर हटाने,टोला का नजरी नक्शा बनाने सहित एक बूथ से 10 दस व्यक्तियी के नाम, मोबाइल कलेक्ट करने का निर्देश दिया।जहा बीडीओ कपूर्री ठाकुर सीओ सहजितपुर बनियापुर के थानाध्यक्ष सहित सभी सेक्टर पदाधिकारी शामिल थे।

### प्रखंड में बिहार वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनाया गया

प्रात: किरण, संवाददाता

तरैया। प्रखंड के सभी सरकारी व निजी विद्यालयों व कार्यालयों मे बिहार दिवस धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालयों में प्रभातफेरी,पेंटिंग,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।आर्दश मध्य विद्यालय तरैया, कन्या मध्य विद्यालय तरैया,मध्य विद्यालय डेवढ़ी,मध्य विद्यालय राजधानी सहित अन्य विद्यालयों के छात्र- छात्राओं के बीच बिहार दिवस के अवसर पर वाद विवाद प्रतियोगिता व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे सभी छात्र-छात्राओ ने "नशामुक्ति,जल जीवन हरियाली, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा बिहार दिवस पर अपना विचार रखा।

# होली के उपलक्ष्य में एसएसबी द्वारा रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन




प्रात: किरण, संवाददाता

रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 47 वीं वाहिनी, रक्सौल द्वारा होली के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन वाहिनी चिकित्सालय द्वारा किया गया। इस रक्त-दान शिविर में वाहिनी के जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान कार्यवाहक कमान्डेंट दीपक कृष्ण, उप कमान्डेंट 47वीं वाहिनी की प्रेरणा से उक्त शिविर को भारतीय रेड क्रॉस, मोतिहारी के सहयोग से आयोजित किया गया, ताकि असहायों की निःस्वार्थ सेवा हो सके और बल के ध्येय वाक्य "सेवा सुरक्षा और बन्धुत्व" का मकसद भी पूरा हो सके। इस शिविर में वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट दीपक कृष्ण के साथ दो अधीनस्थ अधिकारी एवं 27 जवानों ने रक्तदान कर कुल 30 यूनिट रक्त-दान किया। एसएसबी अधिकारी द्वारा कहा गया कि 47वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल इसी प्रकार से मानव चिकित्सा शिविर एवं पशु चिकित्सा शिविर लगाकर सीमा क्षेत्र के नागरिकों की सेवा में सदैव तत्पर रहा करती है। साथ ही नागरिक कल्याण कार्यक्रमों के द्वारा नागरिकों को स्वावलम्बी बनाने का कार्य भी करती रहती है। इसी क्रम में यह अनूठा आयोजन कर 47 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल ने देश के नागरिकों के लिए निःस्वार्थ सेवा कर अपने कर्तव्य के उत्तरदायित्व को बखूबी पालन किया है। शिविर में रेडक्रॉस सोसायटी, मोतिहारी के डॉ. अशोक कुमार, प्रयोगशाला तकनीशियन आमोद कुमार एवम् सहायक तकनीशियन विनोद कुमार श्रीवास्तव की महती भूमिका रही। इस दौरान वाहिनी के चिकित्सक डॉ. श्रीराज एम. जे., डॉ. प्रतीक रंजन, उप कमान्डेंट अगाले प्रियदर्शन अरुण, उप कमान्डेंट टी. एच. बसन्ता सिंह, इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा, एएचटीयू अधिकारियों के अलावा अन्य ने अपनी उपस्थिति से आयोजन को सकारात्मक सफलता में महती भूमिका निभाई।

# बिहार दिवस पर निकाली गई प्रभात फेरी मे जय बिहार, "जय जय बिहार" के नारो से गूंज उठे गांव मोहल्ले




प्रात: किरण, संवाददाता

जलालपुरे बिहार दिवस पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयो के बच्चों द्वारा सुबह मे निकाली गई प्रभात फेरी से गांव मोहल्ले जय बिहार ,जय जय बिहार के नारो से गूंज उठेउत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगोलापुर मठिया मे प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर पांडेय के नेतृत्व मे बच्चों ने शुक्रवार की सुबह विद्यालय के पोषक क्षेत्र मंगोलापुर ,मठिया ग्राम मे प्रभातफेरी निकाली"बच्चे" हम सबका है एक ही सपना, पूर्ण साक्षर बने बिहार अपना", अच्छी शिक्षा और संस्कार,इन पर है सबका अधिकार,जैसे श्लोगनो की तख्तियां लिए नारे लगा रहे थेबाद मे विद्यालय परिसर मे प्रधानाध्यापक ने बिहार के गौरवशाली इतिहास को बच्चों को बतायोबिहार की भूमि आर्यभट्ट, चाणक्य ,गौतम बुद्ध राजेन्द्र प्रसाद व जेपी की भूमि हैयह ज्ञान व दर्शन की भूमि हैमौके पर अविनाश तिवारी, राजेश कुमार सिंह, सुनिल कुशवाहा, विकास गुप्ता, अमृता कुमारी ,चन्द्रशेखर पांडेय सहित दर्जनो ग्रामीण भी थे

# दियारा क्षेत्रो के मतदान केंद्रों का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर सोनपुर अनुमंडल अंतर्गत दिघवारा एवम् सोनपुर प्रखंड के दियारा क्षेत्रों में विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से मतदान प्रक्रिया के सफलतापूर्वक संचालन हेतु उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रमसापुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, छितरचक गंगापार, प्राथमिक विद्यालय, गरीबापट्टी, मध्य विद्यालय, अकिलपुर अवस्थित मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा पहुंच पथ, मतदान केंद्रों पर आधारभूत सुविधा एवम् सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। साथ ही उक्त मतदान केंद्रों से संबद्ध स्थानीय मतदाताओं से वार्ता कर भेद्य टोलों एवम् अपना मत का प्रयोग करने में होनेवाली समस्याओं की जानकारी ली गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गए। इसके साथ ही अकिलपुर थाना का स्थलीय निरीक्षण कर वहां के आधारभूत सुविधाओं के संबंध में उत्पन्न समस्याओं की जानकारी लेकर उक्त समस्याओं के निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गए।

### बिहार व विश्व जल दिवस पर निकाली गई प्रभातफेरी

प्रात: किरण, संवाददाता

पानापुर (सारण)बिहार दिवस व विश्व जल दिवस के मौके पर शुक्रवार को थानाक्षेत्र के विभिन्न विद्यालयो मे प्रभातफेरी निकाली गई।उ म वि भोरहॉ मे प्रधानाध्यापक नवल किशोरराय के नेतृत्व मे "जय बिहार,जय बिहार, बिहार के विकास मे, सब मिलकर योगदान करें,सबको शिक्षा सबको मान,यही है बिहार का पैगाम,जल बचाओ, जीवन बचाओ के नारे से पुरे गांव मुहल्ला गुंज उठा।प्रभातफेरी भोरहॉ सारंगपुर गंडक बाध होते हुए क्वार्टर बाजार, रामपुररुद्र बाजार होते हुए पुनः विद्यालय मे पहुँचा।जहां सभी बच्चो को मिठाईयां खाकर अपने अपने घर गए।मौके पर शिक्षक अभिमन्यु सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, आनंद कुमार यादव,अशोक यादव,विनिता श्रीवास्तव, उर्मिला कुमारी,अर्चना सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### रमजान का दूसरा जुमा: हजारों सिर झुके सजदे में

● चल रहा है दूसरा अशरा, हासिल होती है मगफिरत



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा । पाक महीना रमजान के दूसरे जुमा की नमाज अदा करने के लिए मसजिदों में रोजेदारों की खासी भीड़ उमड़ पड़ी. जुमा की नमाज अदा करने के लिए रोजेदारों के मस्जिदों में आने का क्रम दोपहर 12 बजे से ही शुरू हो गया. हजारों रोजेदारों ने नमाज अदा करके मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी. मस्जिदों में वक्ता व इमामों ने कहा कि रमजान माह का दूसरा अशरा चल रहा है. यह असरा मगफिरत का होता है. हर रोजेदार को गुनाहों से तौबा कर अल्लाह ताला से माफी मांगनी चाहिए. एक नई जिंदगी को शुरू करने का इरादा करना चाहिए. रमजान के माह में लोगों के साथ हमदर्दी करना रमजान का सबसे बड़ा काम है. इस माह में प्रत्येक रोजेदार को ईद से पूर्व फितरा निकालना चाहिए. प्रत्येक रोजेदार को पौने दो किलोग्राम गेहूं या उसकी कीमत 65 रुपये, खजूर तीन किलोग्राम अथवा उसकी कीमत या किसमिस तीन किलोग्राम अथवा उसकी कीमत ईद की नमाज से पहले गरीबों को देना चाहिए. अल्लाह ताला इससे रोजे में होने वाली कमियों को पूरी करता है. वहीं इससे गरीबों की भी ईद अच्छी होती है. मौला मस्जिद के इमाम मौलाना जाकिर ने कहा कि इस्लाम मजहब में मगफिरत (मोक्ष) के लिए तकवा (संयम/सत्कर्म) जरूरी है. तकवा के लिए रोजा जरूरी है. रोजा यानी अल्लाह का वास्ता. रोजा यानी मगफिरत का रास्ता. रमजान के मुबारक माह के ग्यारहवें रोजे से मगफिरत का अशरा शुरू हो जाता है. जो बीसवें रोजे तक होता है. इस दूसरे अशरे को मगफिरत का अशरा (मोक्ष का कालखंड) इसलिए कहा जाता है कि इसमें अल्लाह से मगफिरत के लिए खसुसी दुआ की जाती है. बिना किसी पाप के यानी बुराई से बचते हुए रोजे में अल्लाह की इबादत की जाती है. और माफी मांगते हुए मगफिरत की तलब की जाती है. यानी इबादत की टहनी पर मगफिरत का फूल है रोजा. बड़ा तेलपा जामा मस्जिद में खिताब करते हुए मौलाना रज्जबुल कादरी ने कहा कि पवित्र कुरान में जिक्र है ।

# लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई



प्रात: किरण, संवाददाता

कल्याणपुर, समस्तीपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केदो पर सेविका और सहायिका, आशा कार्यकर्ता जीविका द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को रैली निकाली गई। जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर सभी मतदाताओं से वोट गिराने की अपील किया गया।

### प्रो. वाई के झा की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई

प्रात: किरण, संवाददाता

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के वासुदेवपुर निवासी स्मृति शेष प्रोफेसर प्रो युगल किशोर झां की प्रथम पुण्यतिथि उनके निवास स्थान पर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजकुमार राय संपादक के नेतृत्व में मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों उपस्थित गणमान्य लोगों ने सर्वप्रथम उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मोन धारण कर श्रद्धांजलि दिया। वहीं स्मृति शेष प्रोफेसर युगल किशोर झा के द्वारा प्रकाशित की जाने वाली समन्वय पत्रिका को उनके पुत्र आदित्य कुमार ने प्रकाशित कर लोकार्पण कराया। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर परमानंद लाभ, समाजसेवी बम बहादुर सिंह, अनामिका झा, सेवा निर्मित शिक्षक विनय कृष्णा, आदि लोगों ने वाई के झा के द्वारा किए हुए कार्य को विशेष रूप से चर्चा किया।

# सारण्य महोत्सव के होली मिलन समारोह में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित

● बाबू कुंवर सिंह तेगवा बहादुर बांग्ला में उड़ेला अबीर




प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। सारण्य की सभ्यता संस्कृति को अक्षुण्ण बनाएँ रखने व संस्कृति को संरक्षित करने हेतु सारण्य महोत्सव द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन छपरा के सकलधारी प्रसाद आई टीआई मेथवलिया में सारण्य महोत्सव 2024 के बैनर तले होली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ स्वस्ति वाचन, भोजपुरी संस्कार गीत और बटोहिया गीत से हुआ। कार्यक्रम का उद्घघाटन सारण्य महोत्सव के संरक्षक डॉ हरेंद्र सिंह, अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज, महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह, सचिव प्रियन्का कुमारी, डॉ अन्जली सिंह, सोनम मिश्रा, संयुक्त सचिव अमरजीत कुमार सिंह, अमितेश कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद चौरसिया, कोषाध्यक्ष डॉ देवेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। गाई के गोबर महादेव संस्कार गीत से प्रारंभ समारोह में भोजपुरी के राष्ट्रीय गीत सुनदर सुभुमी भईया भारत के देशवा हो के साथ हीं कई होली गीतों की प्रस्तुति स्थानीय व बाहर से आए हुए कलाकारों ने दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रियन्का कुमारी, सोनम मिश्रा, ज्योत्सन पाण्डेय ने होली गीत गाकर सबको झुमने पर मजबूर कर दिया। बाबू कुंवर सिंह तेगबहादुर बंगला में उड़ेला गुलाल, होली खेले रघुवीरा अवध में, रंग बरसे भींगे चुनर वाली रंग बरसे सहित दर्जनो होली गीत पर श्रोता झूम उठे। कुमारी अनिशा के बिहार गान पर कत्थक नृत्य ने सभी से वाहवाही लुटी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्र प्रकाश राज ने किया। कार्यक्रम का संचालन संजय भारद्वाज तथा महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत सुरेन्द्र प्रसाद चौरसिया और धन्यवाद ज्ञापन सीए अमित कुमार ने किया। इस अवसर पर सारण्य महोत्सव के संरक्षक रामदयाल शर्मा, सुरेश प्रसाद सिंह, ज्योतिष पाण्डेय, डॉ विकास कुमार, गुप्ता, राकेश कुमार मिश्रा, राकेश भुषण पाण्डेय, धर्मेन्द्र रस्तोगी, पुरूषोत्तम कुमार, अनुप कुमार, अंकित कुमार, रवि पाण्डेय, आनंद कुमार, रणजीत सिंह, मुन्ना सिंह, धर्मेन्द्र सिंह आदि ने सराहनीय सहयोग किया।

### डेरनी में शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रात: किरण, संवाददाता

दरियापुर।डेरनी थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष रिंकी कुमारी ने की। उन्होंने उपस्थित दोनो समुदाय के लोगो से शांति एवं आपसी सदभाव के साथ होली मनाने की अपील की।वही बैठक को संबोधित करते हुए कहा की होली के दौरान किसी तरह का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी।पुलिस द्वारा हर चौक चौराहों पर पैनी नजर रखी जा रही है। वहीं क्षेत्र में गश्ती तेज कर दी गई है।इसके साथ ही सादे लिबास में भी पुलिस को तैनात की गई है।इस बैठक में अपर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह,समाजसेवी डा0 के एन सिंह,गिरिजा राय,मुखिया उपेंद्र सिंह, उपेंद्र राय,वकील प्रसाद, सरपंच अमित कुमार,अजमत अली,रुस्तम अली,सुनील गुप्ता,युवा भाजपा नेता सुमंत तिवारी,मोनू सिंह आदि मौजूद थे।

### संजीवनी संस्कार स्कूल में बच्चों को बिहार के गौरवशाली इतिहास के बारे में दी गयी जानकारी

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। शहर के श्यामचक आदर्श कॉलोनी स्थित प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान संजीवनी संस्कार स्कूल में बड़े ही धूमधाम से शुक्रवार को बिहार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उदघाटन स्कूल के प्रचार्य रणजीत भगत, शिक्षिका ज्योति सिंह, शिक्षिका ऋतू ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रवजलित कर किया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों को सम्बोधित करते हुए प्रचार्य रणजीत भगत ने बिहार के गौरवशाली इतिहास के में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा की हमें गर्व है कि हमने बिहार की ऐतिहासिक माटी पर जन्म लिया है।देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की इसी धरती से ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद किया था । बिहार की अस्मिता को वर्तमान परिवेश में सहेजने व संरक्षित करने की आवश्यकता है,ताकि परंपरा को प्रगति से जोड़कर इतिहास को आगे ले जाया जा सके। शिक्षिका ज्योति सिंह ने कहा की आखिर इतिहास सिर्फ पढ़ने से नहीं बल्कि समाज को समझने और उसे बदलने का उपकरण है । अपने अतीत को जानना इसलिए जरूरी है कि इससे हमें गौरव बोध होता है ।गौरवशाली इतिहास हमे प्रेरणा देता है,तो कोई कालखंड गलत समय न दोहराने का समय भी देता है। वही इस मौके पर स्कूल की शिक्षिका ऋतू ठाकुर ने कहा की बिहार 112 वर्ष का हो चुका है । 22 मार्च 1912 को बिहार की स्थापना हुई थी। हमारा बिहार प्रगति के पथ पर बढ़ चला है। यह प्रदेश विकास के नए नित मानदंड स्थापित कर रहा है। भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद बिहार के मूल निवासी थे । वही इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने एक -दूसरे से भोजपुरी में बात की।

# छपरा के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल कुमार को एशियन बुक ऑफ रिकार्ड ने किया सम्मानित

● हाल ही में चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए बेस्ट सोशल डॉक्टर अवार्ड से हुए थे सम्मानित



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। विश्व डायबिटीज दिवस पर मधुमेह के प्रति समुदाय के लोगों को जागरूक एवं निःशुल्क जांच करने के लिए छपरा शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं भारत ज्योति अवार्ड से सम्मानित फिजिशियन एवं रि-कंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. अनिल कुमार को एशियन बुक ऑफ रिकार्ड द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनके किए कार्य को देखते हुए दिया गया है. आपको बता दे कि डॉ अनिल कुमार हर समय निःशुल्क जांच शिविर लगाकर मधुमेह रोगियों को जांच करने के साथ साथ उनको जागरूक करते रहते है। इसके लिए एशियन बुक ऑफ रिकार्ड द्वारा वर्ल्ड डायबिटीज डे पर उनको सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनको एशियन बुक ऑफ रिकार्ड द्वारा पोस्ट से सर्टिफिकेट भेज कर किया गया है। उन्होंने कहा कि समय समय पर संजीवनी नर्सिंग होम एवं मेटरनिटी सेंटर परिसर में मधुमेह के प्रति लोगों को जागरूक करने के उदेश्य से एवं इस गंभीर बीमारी से बचाव के लिए निःशुल्क जांच व जागरूक शिविर का आयोजन किया जाता है और लोगों को बताया जाता है की मधुमेह बीमारी क्या है, इसका लक्षण क्या है और इससे बचाव कैसे करें। इसी कार्य के लिए मुझे सम्मानित किया गया है।

### प्रखंड में हर्षोउल्लास के साथ सरकारी एवं निजी विद्यालयों मे भव्य कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

बनियापुर । प्रखंड के सभी सरकारी एव गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों मे बिहार के 112 वी स्थापना दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया जहा विद्यालयों मे प्रातःप्रभात फेरी के बाद विद्यालय मे स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा रंगोली,पेंटिंग,सहित वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जहा बी आर सी भवन पर बी ई ओ रामनाथ बैठा की मौजूदगी मे भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया,वही डी ए वी पब्लिक स्कूल बनियापुर एव पूछरी ग्लैंक्सी रेजिडेन्शियल विद्यालय,गोकुल पब्लिक स्कूल बतहरा सहित सभी माध्यमिक उच्च माध्यमिक मध्य प्राथमिक विद्यालयों मे बिहार दिवस का आयोजन किया गया।

# मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति किया गया जागरूक

**जिला स्वीप आइकॉन (निःशक्त) अमित कुमार सिंह एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में युवा, युवती, दिव्यांग, महिला एवं वरिष्ठ मतदाताओं ने समावेशी जागरूकता ट्रेन के माध्यम से सभी वर्गों के मतदाताओं को उनके मताधिकार के अनिवार्य उपयोग का दिया संदेश**



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संपूर्ण जिला में विभिन्न विभागों के समन्वय एवं सहयोग से अनेक तरह की मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन स्वीप कोषांग के माध्यम से किया जा रहा है। बैनर, नुक्कड़ नाटक, रैली, घर घर दस्तक, इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब, चुनाव पाठशाला, घर घर दस्तक, मतदाता जागरूकता चौपाल, खेल आदि माध्यमों से लोगों को उनके मताधिकार के अनिवार्य उपयोग हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बिहार दिवस के अवसर पर सभी वर्गों के मतदाताओं से बनी समावेशी मतदाता जागरूकता ट्रेन के माध्यम से सभी वर्गों के मतदाताओं को उनके मताधिकार के अनिवार्य उपयोग का संदेश दिया गया। इस रैली का आयोजन जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी अमन समीर की परिकल्पना के आधार पर स्वीप कोषांग द्वारा किया गया। इसमें दिव्यांगजन, युवा, युवतियां, महिलाएं, वरिष्ठ मतदाताओं ने ट्रेन के अलग अलग डब्बों के रूप में शामिल होकर एक समावेशी मतदाता जागरूकता ट्रेन बनाई। विभिन्न डब्बों को जोड़ने के लिये सांकेतिक रूप से ई-रिक्शा का उपयोग किया गया। यह जागरूकता ट्रेन रैली राजेन्द्र स्टेडियम से प्रारंभ होकर थाना चौक- नगरपालिका चौक होते हुये वापस राजेन्द्र स्टेडियम में समाप्त हुई। हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश वाली तख्तियों, मतदाता जागरूकता गीत एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित नारों के माध्यम से सारण के मतदाताओं को उनके मताधिकार के अनिवार्य उपयोग का संदेश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी अमन समीर स्वयं इसका नेतृत्व कर रहे थे। साथ में स्वीप कोषांग की वरीय प्रभारी उपविकास आयुक्त श्रीमती प्रियंका रानी, नगर आयुक्त श्री सुमित कुमार, अपर समाहर्त्ता श्री शंभु शरण पाण्डेय, अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत श्री संजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भी इसमें शिरकत किया। रैली में जिला स्वीप आइकॉन (निःशक्त) पारा एथलीट श्री अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में अन्य दिव्यांगजन, एनसीसी के कैडेट, स्काउट एंड गाइड के कैडेट, विभिन्न विद्यालय एवं कॉलेज के छात्र/छात्रायें, ए एन एम स्कूल की छात्रायें, जीविका दीदियाँ, आई सी डी एस के कर्मी, आम नागरिक, वरिष्ठ मतदाता आदि शामिल हुये। रैली का शुभारंभ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सारण जिला में मतदान प्रतिशत राज्य के औसत मतदान प्रतिशत से कम रहा है। इस मतदाता जागरूकता ट्रेन में समाज के हर वर्ग के मतदाता अलग अलग डब्बों के फॉर्म में शामिल हैं। इसके माध्यम से सारण जिला के हर वर्ग के मतदाताओं को उनके मताधिकार के अनिवार्य रूप से उपयोग हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने जिला के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार के अनिवार्य उपयोग करने का आह्वान किया।

# होली को लेकर सहाजितपुर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



प्रात: किरण संवाददाता। छपरा। बनियापुर। सहाजितपुर थाना परिसर में शुक्रवार को होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित । गया।जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी जीत मोहन कुमार ने की।बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के अलावा अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए।बैठक में थाना प्रभारी ने बताया कि होली के अवसर पर सभी के साथ भाईचारे के साथ होली मनाना है।किसी के साथ जबरदस्ती करके रंग गुलाल नही खेलना है।उन्होंने कहा कि हंगामा करने वालों पर पुलिस की सख्त नजर रहेगी।इस अवसर पर पूर्व मुखिया मोहन राय,पूर्व मुखिया उमाशंकर साह, मुखिया पति एवम पैक्स अध्यक्ष दिलीप राय, सरपंच पति कृष्णा सिंह,सतीश कुमार,जितेंद्र कुंवर,सरपंच पति सुरेंद्र पांडे,उमेश सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित हुए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना,शनिवार, 23 मार्च, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### संयुक्त ब्राह्मण मंच के बैनर तले होली मिलन समारोह का आयोजन



शेरघाटी।शहर के सत्यनारायण मंदिर में को संयुक्त ब्राह्मण मंच के बैनर तले शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन मंच के अध्यक्ष अवधेश पाठक के नेतृत्व में किया गया।उक्त कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने गायन करते हुए, खूब झूमे। उक्त दौरान कार्यक्रम के दौरान मंच के सचिव दीनानाथ पांडेय,अबधेश कुमार पाठक,हिर्दय मिश्रा, नवीन मिश्रा, राजेश मिश्रा, श्याम सुंदर पाठक, रामकृष्ण पाठक, अनुग्रह पाठक, दिलीप पांडेय, अलावा दर्जनों कार्यकर्ता रहे मौजूद।

### पोषण पखवाड़ा मे अरवल पूरे बिहार में अव्वल स्थान पर



अरवल। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निदेशानुसार 9 मार्च से 23 मार्च तक पोषण पखवाड़ा जिले भर में मनाया जा रहा है. इस 15 दिवसीय उत्सव का मुख्य उद्देश्य पोषण आहार प्रथाओं और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाना है. इस वर्ष पोषण पखवाड़ा का मुख्य तीन थीम है:1. प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा को बढ़ावा देना यानि पोषण भी पढ़ाई भी.2. स्थानीय आहार के उपयोग को बढ़ावा देना...3. गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य एवं छोटे शिशु का आहार अभ्यास(कउत्र)।इस 15 दिवसीय उत्सव का कैलेंडर भी विभाग द्वारा जारी किया गया है, जिसके अंतर्गत सभी विभागों द्वारा गतिविधियों की जानी है जिसकी एंट्री जन आंदोलन डैशबोर्ड पर भी की जा रही है।जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के कुशल नेतृत्व में अरवल पूरे बिहार में अव्वल स्थान पर है।

### आदर्श पब्लिक स्कूल में बिहार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

शेरघाटी।शहर के बसंत बाग स्थित आदर्श पब्लिक स्कूल में बिहार दिवस के मौके पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन उक्त कार्यक्रम की शुरुआत शेरघाटी थाना अध्यक्ष सह ट्रेनिंग आईपीएस अधिकारी शिवम धाकड़ नगर परिषद अध्यक्ष गीता देवी इंस्पेक्टर अजीत कुमार प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार मिश्रा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की, कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने संस्कृति कार्यक्रम करते हुए अतिथियों के मन को मोह लिया वहीं बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से मेडल एवं गिफ्ट देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया, कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सैनिकों छात्र-छात्राओं ने तरह-तरह के गाने पर खूब तालियां बटोरी कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के संचालक कौशलेंद्र कुमार शिक्षक अनुज कुमार समेत कई लोगों उपस्थित थे।

### बिहार स्थापना दिवस पर कलेक्ट्रेट से निकाली गई प्रभात फेरी

बिहार स्थापना दिवस पर कलेक्ट्रेट से प्रभात फेरी निकाली गई है।जहां प्रभात फेरी में डीएम सावन कुमार एवं कई पदाधिकारी मौजूद रहे।डीएम सावन कुमार ने बताया कि बिहार स्थापना दिवस पर आज पूरे शहर में प्रभात फेरी निकाली गई है।जो प्रभात फेरी के माध्यम से मतदाता जागरूकता में अपनी भागीदारी अहम तरीके से निभाएं। जिसको लेकर जागरूक किया गया है।वही आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर अधिक से अधिक अपने बूथ पर मतदान करें इसको लेकर सभी को जागरूक करने का काम किया गया है। वही प्रभात फेरी में जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने सदर हॉस्पिटल में घायल मिले

भोजपुर ।पीरो थाना के तिवारी डीह में 6 लोगो को ट्रक द्वारा दुर्घटना में 4 की मौत दो की स्थिति चिंताजनक हालात में पटना रेफर। सदर हॉस्पिटल में लोजपा रामविलास भोजपुर जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान सहित पूरी टीम पहुंची।घायल ओम 12 वर्ष एवम उनकी मां संजू देवी उम्र लगभग 40 वर्ष को बेहतर इलाज के लिए स्थानीय डॉक्टर लगातार संपर्क करते रहे तथा घायल ओम जी का सिटी स्कैन करवाया,लगातार भोजपुर एसपी , पीरो डीएसपी से दूरभाष पर संपर्क कर घटना की जायजा लेते रहे ।श्री पासवान ने जिला प्रशासन से मृतकों के आश्रितों उचित मुवाजा दिलाने की मांग की ।लोजपा रामविलास की टीम में जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार, उद्वंतनगर प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद,जिला मीडिया प्रभारी संजू पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

# होली पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति समिति के सदस्यों के साथ किया गया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

गया। होली पर्व, ईद एव रामनवमी पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था संधारण कराने के उद्देश्य से जिले के सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने जिला परिषद सभागार में विस्तार से समीक्षा बैठक करते हुए एक-एक सम्मानित सदस्यों से उनके क्षेत्र के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कई एहतियात के तौर पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि होलिका दहन 24 मार्च को रात्रि में 10 बजे से होना है उसके पश्चात 25 मार्च को आतर है, उसके पश्चत 26 मार्च होली तथा 27 मार्च मटका फोड़ होली तक मनाई जाएगी। जिला पदाधिकारी में सभी सम्मानित सदस्यों को कहा कि जिस तरह से पूर्व के पर्व त्यौहारों में आप सभी के सहयोग से शांति एव आपसी भाईचारा माहौल में सम्पन्न हुए हैं उसी प्रकार यह होली का पर्व भी आप सभी के सहयोग से शांति एवं भाईचारा माहौल में संपन्न होवे यह अपेक्षित है। सभी शांति समिति के सम्मानित सदस्य अपने अपने क्षेत्र में पूरी लगन के साथ मौजूद रहे तथा लोगों को शांति से पर्व को मनाने हेतु प्रेरित करें। यह पर्व हर घर में मनाया जाता है इसलिए सभी वर्गों का सहयोग काफी अहम एवं जरूरी है। होलिका दहन के दौरान अपने क्षेत्र में उपस्थित राह कर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। मटका फोड़ या होली के दिन भीड़ लगाकर मस्जिद के निकट से गुजरते समय कीचड़ और रंग रास्ते से चलने वाले व्यक्तियों पर फेंक देते हैं जिसके कारण तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिलाधिकारी ने इस तरह की घटनाओं को विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। आप सभी शांति समिति के सदस्य इन सभी बिंदुओं पर अवश्य निगरानी रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि होली पर्व के अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीतों में अश्लील गीत गाए जाने तथा डीजे पर बजने वाले संगीत में अश्लील गीतों के बजने पर पूर्णता रोक लगाएं। डीजे पर पूर्णता रोक लगाने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने कहा कि डीजे संचालकों के विरुद्ध धारा 107 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करें। किसी भी हाल में किसी भी क्षेत्र में डीजे का प्रयोग नहीं किया जाएगा इसे सुनिश्चित कराएं।

डीएम ने कहा कि भारत का महापर्व लोक सभा आम निर्वाचन 2024 का तिथि निर्धारित हो चुकी है आदर्श आचार संहिता लगा हुआ है इसी बीच तीन महत्वपूर्ण पर्व को शांति माहौल में संपन्न करना है आचार संहिता लगते है डीजे सहित अन्य लाउडस्पीकर को पूरी तरह प्रतिबंध लगा है। इस सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा आदेश पारित है कि एक निर्धारित डेसिबल के बाद ध्वनि प्रदूषण अगर होता है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बिना अनुमति के किसी भी हाल में डीजे या लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। शांति समिति की बैठक में कुछ सम्मानित सदस्यों ने बताया कि विभिन्न ऑटो रिक्शा एवं ई रिक्शा पर अश्लील गाने बजाया जा रहा है जिसे रोक लगाने की अत्यंत आवश्यक है।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने इस पर संज्ञान लेते हुए कहा कि पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जहां भी इस तरह का मामला सामने आता है तो उन पर तुरंत कठोर कार्रवाई करें जिला पदाधिकारी ने सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि बिहार राज्य में पूर्णता शराबबंदी है। चोरी-छिपे शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए तथा मादक द्रव्यों का प्रयोग करने वाले लोगों पर निगरानी तथा विधि सम्मत कार्रवाई अपेक्षित है।

# चमण्डी में लगाए गए सोलर लाइट बनी शोभा की वस्तु

## दो माह भी नही मिली सोलर लाइट की रौशनी गलियों में रहा अंधेरा


प्रात : किरण संवाददाता



वंशी, अरवल। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड के चमण्डी पंचायत में कई लाखों रुपए खर्च कर लगाए गए सोलर लाइट की गुणवत्तापूर्ण नही होने से बन्द पड़ी है। इसकी शिकायत प्रखंड डीपीआरओ मनीष कुमार से करते हुए गुणवत्तापूर्ण जांच करवाने की मांग वार्ड सदस्यों एवं ग्रामीणों ने की है। वार्ड दो के वार्ड सदस्य विनय मिस्त्री ने बताया कि 15 वीं वित्त योजना से चमण्डी पंचायत के वार्ड एक में 10 सोलर लाइट वार्ड दो में भी 10 सोलर लाइट वार्ड तीन में भी 10 सोलर लाइट लगाए गए। सोलर लाइट लगने के बाद ग्रामीणों में खुशी झलक रही थीं। अब रात्रि में गांव के गलियों रौशनी से चकाचौंध रहेगी। लेकिन लगने के बाद वार्ड एक में तीन सोलर लाइट वार्ड दो में पाँच सोलर लाइट वही वार्ड तीन में दो सोलर लाइट रौशनी देना बंद कर दी। शाम होते ही गांव की गलियों में लगा सोलर लाइट शिर्फ शोभा बढ़ा रही है. लेकिन रात्रि में रौशनी नही दे रही है. इसकी शिकायत ग्रामीणों ने डीपीआरओ समेत अन्य लोगों से किया। लेकिन लगाए गए सोलर लाइट माह भी नही जली. इस लिए ग्रामीणों ने इसकी गुणवत्ता की जांच करवाने की मांग जिला प्रशासन से की है. इस मामले में डीपीआरओ मनीष कुमार ने बताया कि लगाए गए सोलर लाइट एजेंशी को पांच वर्ष तक देख रेख में लाईट को जलाए जाएंगे. इन्होंने बताया कि चमण्डी पंचायत के पंचायत सचिव मुंगेश्वर पासवान से बन्द पड़े सोलर लाइट की सूची का मांग की गई है. बन्द पड़े सोलर लाइट को जलाने के लिए एजेंशी को लिखा जाएगा।

# शांति निकेतन एकेडमी की सभी शाखाओं में अबीर - गुलाल लगाकर छात्र - छात्राओं ने मनाई होली

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है ।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली मनाई है। विद्यालय के प्रांगण में रंगोली बनाई गई और हालिका भी तैयार किया गया क्लास प्लेग ग्रुप से ओसु, मिशीका, श्रीहरि ने प्रिटिंग में थम्ब प्रिटिंग किया गया है। नर्सरी से ओम शंकर, प्रणावी ने पिचकारी में रंग भरकर कलर किया है। जुनियर केजी से लाइबा, प्रियांक, कशीश, अदीति, अंशीका ने रंगों से रंगोली मनाई।

सीनियर के०जी० से छात्र श्रद्धा, सत्य,म, सार्थक, आणवी, सानवी ने रंगों से फुल बनाकर रंग भरे। शिक्षिका आरती मैम, लक्ष्मीय मैम, अफसार मैम ने पुतले के माध्यम से भक्त प्रहलाद की लोकप्रिय कथा सुनाई और यह बताया की भक्त प्रहलाद के पिता हिरण्यकश्यप स्वयं विष्णु भगवान को नहीं मानते थे लेकिन प्रहलाद भगवान विष्णु के भक्त थे। उन्होंने प्रहलाद को विष्णु की भक्ति करने से रोका जब वह नहीं माने तो इससे नाराज होकर उनके पिता ने प्रहलाद को आग से जलाकर कर मारने की योजना बनाई है। उसने अपनी बहन होलिका से कहा की वो प्रहलाद को गोद में लेकर आग में बैठे क्योंकि होलिका को भगवान से ये वरदान मिला था की आग उसे जला नहीं सकता । अपने भाई की बात मान होलिका प्रहलाद को गोद में लेकर आग में बैठी परन्तु प्रहलाद को इस आग से कोई नुकसान नहीं हुआ बल्कि होलिका ही इस आग में जलाकर खाक हो गई है। यह कथा इस बात का संकेत है कि बुराई पर अच्छाई की जीत हमेशा होती है। और साथ-ही-साथ जूनियर के०जी० की छात्रा ने मिलकर होली के गीत गाए हैं।

इस अवसर विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने सभी छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय परिवार को होली की शुभकामनाएँ दी एवं बच्चों को पानी की बबार्दी एवं हानिकारक रंगों का प्रयोग न करने की सलाह दी। प्रपन्न ने यह भी कहा की होली रंगों का त्योहार है और इसे सभी धर्म के लोगों को उत्साह एवं उमंग से आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। इस आयोजन को विद्यालय की प्राचार्य के. के मिश्रा एवं फरहीन सिद्धिकि की देखरेख में मनाया गया है।

# जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में होली मिलन समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर। जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन। होली मिलन समारोह के अध्यक्षता जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रविंद्र नाथ चौबे एवं संचालन महासचिव श्यामानंद उपाध्याय ने किया। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रविंद्र नाथ चौबे ने सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाला कलाकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ पत्रकार प्रसून कुमार मिश्रा, पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पांडे,लक्ष्मीकांत तिवारी,छोटेलाल शुक्ला,अरविंद पांडे,दयाशंकर तिवारी, संजय तिवारी, प्रमोद पांडे, सदानंद पांडे, नरेंद्र पांडे, छोटू राम, सुरेश राम, गिरेंद्र सिंह, देव शंकर दुबे, भानु प्रकाश शुक्ला, गुलाब शंकर सिंह, छठू राम, पूर्व महासचिव ओम प्रकाश उर्फ मंटू सिंह, गिरीश कुमार श्रीवास्तव, प्रभात पांडे, अजीत कुमार सिंह, सच्चिदानंद राय, प्रदीप कुमार, अशोक कुमार सिंह,तबला वादक राकेश कुमार, आदि लोगों ने एक दूसरे के ऊपर गुलाल लगाकर नव वर्ष की बधाई दिया। होली मिलन समारोह में न्याय प्रक्रिया से जुड़े हुए लोग एक दूसरे को गले लगा कर ढेर सारे बधाई दिया। होली मिलन समारोह पर फाग गीतों को प्रस्तुत किया। फगुआ गीत के माध्यम से सभी को मनमोहन कर दिया।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के द्वारा कालीबाड़ी स्तिथ रूखैयार पैलेस में बिहार दिवस सह होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया है। सर्व प्रथम आये हुए अतिथियों द्वारा बिहार दिवस की शुभकामनाएं दिया गया है। एवं रंगों का त्योहार होली मिलन समारोह मनाया गया है। इस समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी आकर सभी को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाए दिया।

अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह ने आये हुए अतिथियों का अबीर गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए कहा कि यह त्योहार एक दूसरे को प्रेम बाटने का काम करता है और खुशीयों का सौगात देता है आज हमलोग सो भाग्यशाली हैं कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री हमलोगों के अभिवावक जीतन राम मांझी ने आकर आशिर्वाद दिये।प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि बिहार का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है यहाँ चन्द्र गुप्त, सम्राट अशोक, महात्मा बुद्ध की ज्ञान स्थली, महावीर स्वामी जी कि जन्म,गुरु नानक जी के जन्म स्थान के साथ साथ कई सूफी संतों , महापुरुषों कि कर्म भूमि बिहार अपने शांति एवं क्रांति के लिए सारे विश्व में प्रसिद्ध रहा है। बिहार के गौरवशाली इतिहास को बनाये रखने के लिए युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं को लगातार प्रयास जारी रखना होगा। होली मिलन समारोह में शामिल लौगों को प्रदेश अध्यक्ष मनीष पंकज मिश्रा एवं राणा रंजीत सिंह द्वारा फूलों का वर्षा करते हुए होली मिलन समारोह का गणेश किया गया सभी एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व को शांति, प्रेम और भाईचारा के साथ मिलकर मनाने की अपील अपने अभिवावकों, मानवाधिकार प्रेमीयों, बिहार के सभी नागरिकों से किया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष-डां पंकज मिश्रा, राणा रंजीत सिंह, सुनील बम्बई, क्षितिज मोहन सिंह, राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता,संतोष ठाकुर, गोपाल यादव,,महेश यादव, सेवक जी, पिंटू सिंह,सुबोध सिंह, सारिका वर्मा, बिंदु बाला सिंह, इन्दु प्रजापत, सुषमा देवी, स्विटी कुमारी, मुन्नी देवी,रेखा वर्णवाल,अन्नु वर्णवाल, मधु शर्मा, शर्मिला देवी, पूजा सिंह,सुषमा देवी समेत काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया है। होली गीतों पर महिलाओं द्वारा मोहक नृत्य से समारोह में उपस्थित लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया है।

# जिलाधिकारी ने शेरघाटी , बाराचट्टी,बोधगया विधानसभा के डिस्पैच सेन्टर का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



गया। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर जिले में निष्पक्ष एव शांति वातावरण में चुनाव कार्य सम्पन्न करवाने के लिये कई आवश्यक कार्य किये जा रहे। मतदाताओं को भी जागरूक करवाने के उद्देश्य के अनेकों काम किये जा रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा आज मगध यूनिवर्सिटी कैंपस में बनाये जाने वाले शेरघाटी विधानसभा, बाराचट्टी विधानसभा एव बोधगया विधानसभा के डिस्पैच सेन्टर का निरीक्षण किया गया है। शेरघाटी विधानसभा में कुल 305 बूथ हैं। बाराचट्टी विधानसभा में कुल 332 बूथ हैं। बोधगया विधानसभा में कुल 170 बूथ हैं। इसी मगध यूनिवर्सिटी में इन तीनो विधानसभा का ईवीएम कमिसनिंग भी किया जाएगा। डीएम ने कहा कि वाहन पड़ाव के लिये इसी कॉलेज के विपरीत दिशा में बड़े मैदान में एक तरफ बूथ वार वाहनों को टैग कर खड़ा करवाये। ईवीएम डिस्पैच के दौरान पर्याप्त कर्मियों एव मैन पावर की व्यवस्था रखे साथ ही सामग्रियों की भी व्यवस्था प्रॉपर रखे। कम से कम 10-10 काउंटर का निर्माण कर ईवीएम डिस्पैच करे, ताकि काम समय मे सभी को ईवीएम सहित अन्य सामग्री का वितरण किया जा सके। माइक,पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से अनाउंसमेंट की पूरी व्यवस्था रखे हैं। मैदान में पेयजल व्यवस्था एव टॉयलेट की पूरी व्यवस्था रखे। बैरिकेडिंग मजबूती से बनवाये। इस निरीक्षण में अनुमंडल पदाधिकारी शेरघाटी, अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता लोक शिकायत, प्रखंड विकास पदाधिकारी शेरघाटी, बाराचट्टी, बोधगया, अंचलाधिकारी शेरघाटी,डोभी, बाराचट्टी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पत्रकारों ने केमिकल फ्री रंगो का प्रयोग करते हुए होली मनाने की बात कही

प्रात : किरण संवाददाता




गया। गया के कोयरीबारी में पत्रकार समूह के द्वारा होली पर्व को लेकर बच्चो के बीच होली सामग्री का वितरण किया गया है।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार कंचन सिन्हा,जितेंद्र मिश्रा, नीरज कुमार, नीरज कुमार गिरी,सादात अनवर, पंकज कुमार, जय प्रकाश कुमार, अजीत कुमार ,कुंदन कुमार सहित कई पत्रकार शामिल हुए हैं।

होली पर्व को लेकर बच्चो में खुशियां बढ़ाने के लिए होली सामग्री का वितरण किया गया है। वहीं केमिकल फ्री रंगो का प्रयोग करते हुए होली मनाने की बात बताई गई है। इस अवसर पर 100 से अधिक बच्चो के बीच पिचकारी,रंग,गुलाल आदि सामग्रियों का वितरण किया गया है।

# भारी मात्रा में शराब का विनष्टीकरण का कार्य किया गया

प्रात : किरण संवाददाता




गया। जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम के निर्देश पर 22 को डोभी चेकपोस्ट के परिसर में उत्पाद विभाग एवं जिला पुलिस विभाग द्वारा जब्त भारी मात्रा में शराब का विनष्टीकरण का कार्य किया गया है। इसमें करीब 12,700 लीटर विदेशी शराब, करीब 2250 लीटर चुलाई शराब तथा 5000 किग्रा महुआ फूल को जेसीबी मशीन से विनष्ट किया गया है। जिसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपए से अधिक है। जिला पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव एवं होली पर्व के मद्देनजर अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए सघन छापेमारी करने का निर्देश दिया है।

# दानिका संगीत महाविद्यालय में होली मिलन समारोह

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में सनातनी परंपरा का महान पर्व होली के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार उर्फ दानिका महाराज ने किया जबकि संचालन निरंजन कुमार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी की गरिमामई उपस्थिति रही।उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया एवं होली की शुभकामनाएं दी। संबोधन के क्रम में संस्था के निदेशक डॉ रविंद्र कुमार ने कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है जो पूरे वर्ष में एक बार आती है और आपसी वैचारिक दूरियों को दूर कर आपस में समन्वय का राह बन जाती है। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह सनातन संस्कृति को ऊर्जा प्रदान करती है ।बच्चों के द्वारा होली के गीत भी गए गए ।रंजन कुमार ने पनिया लाले लाल ए गौरा हमरा के चाही गाया ।सविता सिंह द्वारा भोला मांगे गवनवा होली में गाई। ए आर कुंदन ने बाबा भोला हमर जटाधारी गाकर सबको सराबोर कर दिया।

# अपर समाहर्ता द्वारा मैराथन फॉर बिहार कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



गया ।बिहार का 112वां स्थापना दिवस के अवसर पर आज सर्वप्रथम पूर्वाहन 7:00 बजे टावर चौक से गांधी मैदान तक मैराथन फॉर बिहार का आयोजन किया गया है, जिसके शुभारंभ अपर समाहर्ता, विधि व्यवस्था शशि शेखर द्वारा किया गया है ।अपर समाहर्ता द्वारा मैराथन फॉर बिहार कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर टावर चौक से रवाना किया गया, जो गांधी मैदान के स्टेडियम में जाकर समाप्त हुआ है। इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं की अच्छी भागीदारी देखी गयी है। इसके साथ ही लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर स्वीप कोषांग द्वारा जन जागरूकता हेतु मैराथन के साथ स्वीप गतिविधि का भी आयोजन किया गया है, जिसमें डीपीओ आईसीडीएस, सीडीपीओ सहित सेविका,सहायिका भी शामिल हुई है ।गांधी मैदान में अपर समाहर्ता ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं छात्र छात्राओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि बिहार दिवस के अवसर पर लोगों को संदेश दिया जा रहा है कि बिहार के गौरवशाली इतिहास को बनाए रखते हुए संकल्प ले कि सभी प्रकार से गया जिला को पूरे बिहार में अव्वल रखे। पूरे बिहार में संरचनाओं का विकास हो रहा है। साथ ही विभिन्न वार्डो में योजनाएं का निरंतर विकास किया जा रहा है। बिहार अपने ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं मोक्ष प्रदाता के रूप में जाना जाता है। इस राज्य ने सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक समन्वय स्थापित कर मानवता को प्रकाशित किया है। बिहार को वीर शहीदों, बुद्धिजीवियों, किसानों, युवाओं ने अपने प्रेम और सद्भाव से सींचा है। यह ऐसी धरती है जो दिखाता है कि एक अकेला इंसान पहाड़ को काटकर सुगम रास्ता बना सकता है ।अपर समाहर्ता ने जिलेवासियों से अपील किया कि लोकसभा चुनाव में अपने मतों का अधिक से अधिक प्रयोग करें। इस कार्यक्रम में जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी श्री राहुल कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी दीपक चंद्र देव, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी समाजसेवी शामिल थे।

# लोकसभा चुनाव निपक्ष व शांति वातावरण में कराने को लेकर डीएम ने किया डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण


शेरघाटी। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर जिले में निष्पक्ष एव शांति वातावरण में चुनाव कार्य सम्पन्न करवाने के लिये कई आवश्यक कार्य किये जा रहे। मतदाताओं को भी जागरूक करवाने के उद्देश्य के अनेकों काम किये जा रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा आज मगध यूनिवर्सिटी कैंपस में बनाये जाने वाले शेरघाटी विधानसभा, बाराचट्टी विधानसभा एव बोधगया विधानसभा के डिस्पैच सेन्टर का निरीक्षण किया गया। शेरघाटी विधानसभा में कुल 305 बूथ हैं। बाराचट्टी विधानसभा में कुल 332 बूथ हैं। बोधगया विधानसभा में कुल 170 बूथ हैं। इसी मगध यूनिवर्सिटी में इन तीनो विधानसभा का ईवीएम कमिसनिंग भी किया जाएगा। डीएम ने कहा कि वाहन पड़ाव के लिये इसी कॉलेज के विपरीत दिशा में बड़े मैदान में एक तरफ बूथ वार वाहनों को टैग कर खड़ा करवाये। ईवीएम डिस्पैच के दौरान पर्याप्त कर्मियों एव मैन पावर की व्यवस्था रखे साथ ही सामग्रियों की भी व्यवस्था प्रॉपर रखे।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

गया। शहर के एक निजी होटल में शुक्रवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई गयाजी के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ है। यह होली मिलन समारोह महासभा के जिलाध्यक्ष अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव के देखरेख में किया गया है। जिसमें चित्रांश परिवार लोग शामिल हुए हैं। उस दौरान बाहर से आए कलाकारों ने होली के गीतों पर जमकर झुमाया। मौके पर अबीर-गुलाल के साथ फूलों की होली खेली गई। वहीं समाज के लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी है ।महासभा के जिलाध्यक्ष मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि होली खुशियों का पर्व है। लोग होली के दिन अपने परिवारों के साथ होली शांति पूर्वक मनाए। होली का आंनद परिवारों के साथ रहकर ही मनाना चाहिए।

# होली के मौके पर छात्र छात्राओं ने किया कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




शेरघाटी ।बिहार दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड के बीटी बिगहा गांव स्थित मिशन अचीवमेंट नेशनल स्कूल में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें स्कूली बच्चों ने विभिन्न गीत एवं संगीत के साथ नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरी ।वही इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि सुदूरवर्ती इलाके में शिक्षा का अलख जगाने के उद्देश्य से विद्यालय की स्थापना की गई है ।विद्यालय में पढ़ लिखकर बच्चे गांव शहर राज्य एवं देश का नाम रोशन करेंगे ।इसी उद्देश्य के साथ स्कूल की स्थापना की गई है ।इस मौके पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया ।प्रथम स्थान पर रही साक्षी, द्वितीय स्थान पर रही मुस्कान जबकि तृतीय स्थान सुलेखा ने प्राप्त किया ।इस मौके पर नितेश कुमार सिंह, छोटु कुमार, मोहम्मद सईद, चंदन कुमार मिश्रा, एहसान अली आदि मौजूद रहे।

वहीं शहर के जेपी चौक स्थित जेपी मेमोरियल स्कूल में स्कूली छात्र-छात्राओं ने होली खेले रघुवीरा के गाने पर ठुमका लगाते हुए खूब झूम और एक दूसरे को आमिर गुलाल लगाकर होली के बधाई उक्त कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य चंदन कुमार मिश्र शिक्षक रोशन कुमार शिक्षिका तलत प्रवीण टुनटुन कुमार मोहित कुमार इम्तियाज अहमद आशिया परवीन निखत परवीन लता कुमारी समेत स्कूली छात्र-छात्राओं एक दूसरे को अमीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।


# शहर के विभिन्न चौक चौराहों से जिला प्रशासन के नेतृत्व में सड़क किनारे से हटाया गया अतिक्रमण

प्रात : किरण संवाददाता



भभुआ शहर के विभिन्न चौक चौराहा से जिला प्रशासन के नेतृत्व में सड़क किनारे से अतिक्रमण को हटाया गया है। वही अतिक्रमण हटाने के दौरान भभुआ थानाध्यक्ष मुकेश कुमार नप के कार्यपालक पदाधिकारी संजय उपाध्याय के साथ नप के कर्मी मौजूद रहे। कार्यपालक पदाधिकारी संजय उपाध्याय ने बताया कि सड़क किनारे ठेला दुकानदार या फल दुकानदार जो भी अतिक्रमण किए हैं उनको सूचना देते हुए अतिक्रमण को हटाया गया। ताकि शहर में आने जाने वाले लोगों को भीड़भाड़ से बचे रहे। इसको ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण हटाया गया है। जिनका जितना एरिया दिया गया है उसके अंदर ही अपना दुकान को लगा सकते हैं इसको लेकर नितेश दिया गया। कुछ अतिक्रमण करने वाले ठेला दुकानदारों पर चालान काटकर जुमार्ना भी लगाया गया है।

# रामगढ़ पुलिस ने लाइनर एव प्राप्तकर्ता सहित पांच शराब कारोबारी को किया गिरफ्तार



रामगढ़। पुलिस को लगी बड़ी सफलता भारी मात्रा में शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार कार मोटरसाइकिल और मोबाइल जप्त। उत्तर प्रदेश से शराब का भारी मात्रा में खेप लेकर बिहार में होली के त्यौहार रंग में भंग डालने के लिए बिहार में प्रवेश कर रहे थे। रामगढ़ पुलिस ने उनके मंसूबों पर फेरा पानी थानाध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में लगातार शराब तस्करों एवं कारोबारीयों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है वही इस संबध थानाध्यक्ष ने बताया की छेवरी पुल के पास से पांच कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया जिसमें मोहम्मद सैफ खान 21 वर्ष , टीपू सिंह यादव उम्र 26 वर्ष, सैफ अली उम्र 25 वर्ष, अजहर खान सभी ग्राम दवैथा थाना जमानिया जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश के निवासी हैं।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शनिवार, 23 मार्च, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### कायस्थ महासभा ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

गया। शहर के एक निजी होटल में शुक्रवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई गयाजी के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ है। यह होली मिलन समारोह महासभा के जिलाध्यक्ष अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव के देखरेख में किया गया है। जिसमें चित्रांश परिवार लोग शामिल हुए हैं। उस दौरान बाहर से आए कलाकारों ने होली के गीतों पर जमकर झुमाया। मौके पर अबीर-गुलाल के साथ फूलों की होली खेली गई। वहीं समाज के लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी है। महासभा के जिलाध्यक्ष मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि होली खुशियों का पर्व है। लोग होली के दिन अपने परिवारों के साथ होली शांति पूर्वक मनाए। होली का आंनद परिवारों के साथ रहकर ही मनाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने पूरे गया शहरवासियों को होली पर्व की बधाई दी है। इस मौके बिपिन कुमार सिन्हा, डॉ. मनोज, डॉ. नवनीत बिहारी शरण, कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा, मनोज कुमार, सुनीता रानी, रीता रानी, रंजना सिन्हा, मीना सिन्हा, अन्तन धीश अमन, गौरव श्रीवास्तव, किशन राज सिन्हा आदि मौजूद रहे हैं।

### दुकानदार का पर्स छीन बाइक सवार ने मारपीट कर किया घायल

अमनौर। दुकान बंद कर घर लौट रहे एक ब्यवसाई से कुछ उच्चको ने घेर कर मारपीट कर किया घयाल। दुकानदार से बाइक व पर्स छीन हुए फरार। घटना शुक्रवार की देर संध्या की है। घायल ब्यक्ति को स्थानीय लोगो ने उठाकर सामुदायिक अस्पताल लाया जहाँ उपच्चार के बाद डॉक्टर ने पटना रेफर कर दिया। घयाल ब्यक्ति स्थानीय थाना क्षेत्र के पकड़ी दीह गांव निवासी बताया जा रहे है। पीड़ित ब्यक्ति तीन अज्ञात के बीरुद्ध थाना में लिखित शिकायत कर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित ब्यक्ति का दुकान बिशुनपुर चौक पर स्थित है। प्रतिदिन की तरह नौ बजे रात्रि को दुकान बंद कर टी भी एस एक्स एल से घर लौट रहा था। लखना मोड़ से पूरब 20 से 25 वर्ष के तीन अज्ञात युवक घेर लिया। एक के कहने पर सभी डांटे से दनादन मारने पीटने लगे। जिससे इनका सर फट गया। तीनो पॉकेट से पर्स कागजात निकाल लिया तथा बाइक छीन फरार हो गए। एक चाकू मारने की कोशिश किया तभी जोरो से चिल्लाया, शोर मचाते देख फरार हो गए। थाना अध्यक्ष पिन्टू कुमार ने बताया प्राथमिकी दर्ज लिया गया है। अपराधियो के बीरुद्ध छापेमारी जारी है जल्द गिरफ्तार करने की बात कही।

### किशोरी ने जहर खाकर दी जान

पीरपैंती, भागलपुर। थाना क्षेत्र के सलेमपुर पंचायत निवासी प्रेमदेव पासवान की 15 वर्षीय पुत्री सोनी कुमारी ने जहर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनो ने बताया कि नौवी कक्षा की छात्रा सोनी कुमारी पढ़ाई में कमजोर रहने की वजह से उन्हें पिता के पढ़ने कहने पर उसने जहर खाकर जान दे दी। घटना की सूचना पाकर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि घनश्याम दास व पीरपैंती थाना के पुअनि अरविंद कुमार दल बल के साथ पहुंचे व शव को पोस्टमार्टम हेतु भागलपुर भेज दिया।

### बाइक से धक्का लगने से बृद्ध की हुई मौत

चांद। प्रखंड में शुक्रवार को सायं पांच बजे के आसपास चांद से कर्मनाशा जाने वाली मुसाखाड नहर वाली रोड पर घर जा रहे बृद्ध की मोटरसाइकिल से धक्का लगने से मौत हो गई। सांय पांच बजे के आस पास गांव चंदोस के रहने वाले 69 वर्षीय बिन्देश्वरी बिंद गांव चंदोस जाते समय मोटर साइकिल से धक्का लगने से मौत हो गई। मुसाखाड नहर वाली रोड पर भटानी पुल एवं नौकटा गांव के बीच में मोटर साइकिल ने पीछे से धक्का मार दिया। धक्का लगने से बिंदेश्वरी बिंद को गंभीर चोंट आई। धक्का लगने के बाद मोटरसाइकिल सवार भागने में सफल रहा। राहगीरों के द्वारा हल्ला करने के बाद परिजनों ने बिंदेश्वरी बिंद को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांद में ले आए। स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान बिंदेश्वरी बिंद की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे समाजिक कार्यकर्ता विकी सिंह ने घायल बृद्ध का मदद किया एवं इलाज कराने के समय हर संभव मदद किया।

### राष्ट्रीय जनतांत्रिक गंठबंधन राजग का बैठक सम्पन्न

शेरघाटी। शहर के एक निजी होटल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की एक संयुक्त बैठक जदयू के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन भाजपा के नगर अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने किया। बैठक में गया संसदीय क्षेत्र से जीतन राम मांझी जी के जीत का संकल्प लिया गया। कार्यकताओं ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आग्रह पर जीतन राम मांझी जी गया संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। मांझी जी चुनाव जीतकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करेंगे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस विभाग सख्त, रात्री मे एसडीओ और डीएसपी ने चलाया चेकिंग अभियान



● चेकिंग अभियान चलाते एसडीओ और डीएसपी

**प्रात: किरण संवाददाता**

मशरक। लोकसभा चुनाव स्वच्छ व शांतिपूर्ण सम्पन्न करानें को लेकर प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह और मशरक डीएसपी अमरनाथ ने मशरक थाना पुलिस की मौजूदगी में मशरक के महावीर चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। मौके पर बीडीओ पंकज कुमार, सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष धनंजय राय मौजूद रहे। वाहन चेकिंग अभियान में अवैध हथियार, अवैध साम्रागी, वाहनों के कागजात, शराब, नकदी आदि के परिवहन के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान किया गया। मढ़ौरा एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत मशरक में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वाहनों के कागजात जांच में जुमार्ना लगानें की प्रक्रिया की जाएंगी। वहीं मशरक डीएसपी अमरनाथ ने वाहन जांच के दौरान चेतावनी दी कि सड़कों पर किसी भी तरह के वाहन उतारने से पहले यातायात नियमों का पालन करें।

## लोकसभा चुनाव को ले एसडीपीओ व बीडीओ ने किया बूथ निरीक्षण



**प्रात: किरण संवाददाता**

पीरपैंती, भागलपुर। पीरपैंती प्रखंड के मधुवन में एसडीपीओ अर्जुन गुप्ता व बीडीओ अभिमन्यु कुमार ने कई बूथ का निरीक्षण किया साथ ही साथ दियारा इलाका का मुआयना भी किया। लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण तरीके से कराने को लेकर एसडीपीओ2 अर्जुन गुप्ता व बीडीओ अभिमन्यु कुमार ने बूथ पर मिलने वाली मूलभूत सुविधा होने की जानकारी लिए, जहां कमी है उसको जल्द ही पूरा करने का संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिया। पदाधिकारियों ने दियारा इलाके का मुआयना कर मतदाताओं से मतदान करने की अपील भी की। मौके पर बाखरपुर के पुअनि आसिफ अहमद सहित कई लोग मौजूद रहे।

## पीरपैंती में मनाया गया विश्व जल दिवस

**प्रात: किरण संवाददाता**




पीरपैंती, भागलपुर। पीरपैंती प्रखंड के पीरपैंती बाजार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विश्व जल दिवस के अवसर पर संजीवनी गंगा संस्था ने लोगों से की जल बचाने कि अपील। जल के सभी स्त्रोतों को बचाने और उसे स्वच्छ रखने हेतु स्वयंसेवी संस्था संजीवनी गंगा के लिए जल का लाभ ह्लविषय पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता कवि राजेंद्र सिंह नमन ने कहा कि जल नहीं रहेगा तो वृक्ष नही होगा, वृक्ष नही रहेगा तो आक्सीजन नहीं मिलेगा और आक्सीजन नहीं मिलेगा तो इस सृष्टि में रहने वाले जीव नही रहेंगे। इसलिए जल को बचाना और जल स्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य रघुनंदन पंडित ने कहा पानी बोल रहा है मैं ही जीवन हूं, मुझे बचाइए। पर्यावरण प्रेमी मनोज यादव ने कहा आज संकट 3 प्रतिशत स्वच्छ पेय जल को बचाने की है। समाजसेवी आरती कुमारी ने कहा भारत में जल संकट का ताजा उदाहरण बैंगलोर सिटी है। बच्चों के बीच जल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश से भाषण और निबंध प्रतियोगिता आयोजित किया गया। भाषण में जल को बचाने के महत्वपूर्ण सुझाव देने पर जूली कुमारी को प्रथम और निबंध में आदित्य कुमार को प्रथम आने पर मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था ने विद्यालय की दीवार पर वॉल पेंटिंग बनाकर चुल्लू भर पानी का संदेश दिया तथा सभी ने सामूहिक रूप से धरती रूपी घड़े में चुल्लू भर पानी देकर भूगर्भ जल को ऊपर उठाने और बचाने का संकल्प भी लिया। मौके पर शिक्षक शिवनंदन कुमार, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, शिक्षिका पूनम कुमारी, सोनी कुमारी तथा संस्था के सदस्य मोह्णरशीद, राजीव कुमार उपस्थित थे। जबकि मंच संचालन संस्था के संस्थापक मोह्ण अयाज ने किया।

## बिहार दिवस पर मशरक में स्कूली छात्र-छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी




**प्रात: किरण संवाददाता**

मशरक। मशरक प्रखंड के अलग-अलग विद्यालयों में बिहार स्थापना दिवस को समारोह पूर्वक मनाया गया। नगर पंचायत अवस्थित रजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक बोर्ड मिडिल स्कूल में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी के नेतृत्व में स्कूली छात्र-छात्राओं एवम शिक्षको ने प्रभात फेरी निकाल नारे लगाए। इसके अलावे उत्क्रमित मध्य विद्यालय सियरभुक्का, उच्च विद्यालय चैनपुर समेत विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित छात्र छात्राओं के बिहार स्थापना दिवस के मौके पर बिहार की विशेषता, धार्मिक व पौराणिक स्थल, संस्कृति, सभ्यता आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच भाषण, क्विज, निबंध, पेंटिग, रंगोली व सुगम संगीत आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित किए गए विभिन्न प्रतियोगिता में सफल रहने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## एलएस व सेविका ने मनाया बिहार दिवस



**प्रात: किरण संवाददाता**

पीरपैंती, भागलपुर। पीरपैंती प्रखंड कार्यालय परिसर में बाल विकास परियोजना की ओर से बिहार दिवस के अवसर पर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली में एलएस अनीता कुमारी 1 व 2, रेखा कुमारी व अन्नू कुमारी सहित सेविका ने भाग लिया। रैली में शामिल लोग मतदान और मतदाता जागरूकता को लेकर नारे बाजी कर लोगों को जागरूक किया। अनु कुमारी ने बताया कि बिहार दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय में बिहार का भू चित्र बनाकर बिहार दिवस मनाया। जागरुकता रैली के माध्यम से लोगों को प्रेरित करते हुए अपने अपने मत के प्रयोग की अपील की। मौके पर अल्पना गोस्वामी, शितांजलि, सीता, पूजा, टोनी व रश्मि उपस्थित रहीं।

# विश्व गौरैया दिवस: पटना जू में मनाया गया



● गौरैया संरक्षण पर केंद्रित संजय कुमार लिखित आओ गौरैया पुस्तक का हुआ लोकार्पण

**प्रात: किरण संवाददाता**

विश्व गौरैया दिवस के मद्देनजर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बिहार सरकार द्वारा पटना जू में गौरैया दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार की सचिव बंदना प्रेयषी ने गौरैया संरक्षण पर केंद्रित पीआईबी-सीबीसी के उपनिदेशक और गौरैया संरक्षणविद् संजय कुमार लिखित पुस्तक ह्लआओ गौरैयाह्व का लोकार्पण किया। साथ ही गौरैया ब्रोशर, गौरैया मोबाईल एप एवं बाल पुस्तक पत्रिकाह्व का भी विमोचन किया। इस अवसर पर पी. के. गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-मुख्य वन्यप्राणी, प्रतिपालक, बिहार, अभय कुमार, निदेशक, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण, पटना, सत्यजीत कुमार, निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, लेखक संजय कुमार, अजित झा, प्रो. डॉ मो नाजिम, विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग, पटना विद्यालय मौजूद रहे। मौके पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार की सचिव बंदना प्रेयषी ने कहा कि गौरैया संरक्षण की दिशा में लगातार प्रयास होना चाहिए और इस दिशा में विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। हम लोगों तक पहुँच रहे हैं। जागरूकता अभियान चल रहा है। ऐसे में गौरैया संरक्षण पर पुस्तक का आना महत्वपूर्ण है। पी.के.गुप्ता, प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-मुख्य वन्यप्राणी, प्रतिपालक, बिहार ने कहा कि संजय कुमार लगातार गौरैया संरक्षण को लेकर प्रयास कर रहे हैं। इस अभियान में हर लोगों को जुड़ने की जरुरत है। क्योंकि गौरैया इन्सान के बिलकुल पास रहती है और इसके रहने से सुख, शांति और समृधि मिलती है। अभय कुमार, निदेशक, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण, पटना ने कहा कि गौरैया बिहार की राजकीय पक्षी है और इसका संरक्षण करना हमारा दायित्व है। पुस्तक के लेखक पीआईबी-सीबीसी के उपनिदेशक और गौरैया संरक्षणविद् संजय कुमार ने कहा कि घर आंगन में चहकने-फुदकने वाली गौरैया धीरे- धीरे गायब हो रही हैं। गौरैया की कमी के कई कारण है। हालांकि स्टेट ऑफ इंडियनस बड्र्स 2020 की रिपोर्ट को देखें तो भारत में गौरैया की संख्या पिछले 25 साल से स्थिर है लेकिन चौंकाने वाले आंकड़े भी हैं कि यह गायब होती जा रही है। इसके लिए मोबाइल टावर को लोग दोषी करा देते हैं, लेकिन जानकार आश्चर्य होगा कि 1950 और 70 के बीच गौरैया की संख्या बढ़ी थी और 1970- 90 के बीच इसकी संख्या में गिरावट आई थी, उसे वक्त मोबाइल टावर नहीं था। रूठने या गायब होने के कारण को तलाशे तो इसके लिए जिम्मेवार हम इंसान ही हैं। इसके वापसी का प्रयास जरुरी है। गौरैया की घर वापसी के लिए दाना पानी रखें, बॉक्स-पेड़ लगायें, साथ ही थोड़ा प्यार दें, अभियान ने असर छोड़ा है। ह्लआओ गौरैयाह्व पुस्तक में घर वापसी की कहानियां संयोजित है जो सन्देश देती है। संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के निदेशक सत्यजीत कुमार ने कहा कि आओ गौरैया पुस्तक गौरैया संरक्षण के लिए लोगों को जोड़ेगी। मौके पर पटना जू द्वारा गौरैया स्टूडियो का निर्माण कराया गया जिसमें प्रदर्शनी लगाई गयी।

## होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन



**प्रात: किरण संवाददाता**

हाजीपुर। होली के अवसर पर पूर्व में घोषित ट्रेनों के अलावा और 04 जोड़ी होली स्पेशल एवं 04 वन-वे होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1. गाड़ी सं. 07647/07648 हैदराबाद-दानापुर-हैदराबाद होली स्पेशल (नागपुर-जबलपुर-प्रयागराज छिवकी-डीडीयू के रास्ते) - गाड़ी सं. 07647 हैदराबाद-दानापुर होली स्पेशल से हैदराबाद से 23.03.2024 (शनिवार) को 20.20 बजे प्रस्थान कर सोमवार को 05.50 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 07648 दानापुर-हैदराबाद होली स्पेशल दानापुर से 26.03.2024 (मंगलवार) को 18.10 बजे खुलकर गुरूवार को 04.30 बजे हैदराबाद पहुंचेगी। 2. गाड़ी सं. 01151/01152 सीएसएमटी, मुंबई-पटना-सीएसएमटी, मुंबई होली स्पेशल (जबलपुर-प्रयागराज छिवकी के रास्ते) - गाड़ी सं. 01151 सीएसएमटी, मुंबई -पटना होली स्पेशल से मुंबई से 23.03.2024 (शनिवार) को 11.05 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 13.50 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 01152 पटना-सीएसएमटी, मुंबई होली स्पेशल पटना से 24.03.2024 (रविवार) को 17.00 बजे खुलकर मंगलवार को 06.00 बजे सीएसएमटी, मुंबई पहुंचेगी।

## देशभर में होली त्यौहार पर 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का हुआ व्यापार

**प्रात: किरण संवाददाता**

इस वर्ष होली के त्यौहार से बिहार सहित देश भर के व्यापारियों में एक नई उमंग और उत्साह का संचार हुआ है और व्यापार के भविष्य को लेकर एक बार फिर नई आशा जगी है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष होली के त्योहारी सीजन में देश भर के व्यापार में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है जिसके कारण देश भर में 50 हजार करोड़ से ज्यादा का व्यापार हुआ है। अकेले पटना में ही यह 200 करोड़ रुपये के व्यापार की संभावना है। पिछले वर्षों की तरह चीनी सामान का न केवल व्यापारियों ने बल्कि आम लोगों ने भी पूर्ण बहिष्कार किया। होली से जुड़े सामान का देश में आयात लगभग 10 हजार करोड़ का होता है जो इस बार बिल्कुल नगण्य रहा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) बिहार चेयरमैन राजेश गुप्ता व प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने कहा की इस बार होली की त्यौहारी बिक्री में चीन का बने हुए सामान का व्यापारियों एवं ग्राहकों ने बहिष्कार किया और केवल भारत में ही निर्मित हर्बल रंग एवं गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, चंदन, पूजा सामग्री, परिधान सहित अन्य सामानों की जमकर बिक्री हो रही है वहीं मिठाइयां, ड्राई फ्रूट, गिफ्ट आइटम्स, फूल एवं फल, कपड़े, फर्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी प्रोडक्ट, कंज्यूमर ड्युरेबल्स सहित अन्य अनेकों उत्पादों की भी जबरदस्त माँग बाजारों में दिखाई दे रही है। श्री वर्मा ने बताया की इस वर्ष पटना सहित देश भर में बड़े पैमाने पर होली समारोहों का आयोजन हो रहा है जिसके चलते बैंक्वेट हाल, फार्म हाउस, होटलों, रेस्टोरेंट एवं सार्वजनिक पार्कों में होली समारोहों आयोजनों का तांता लगा हुआ है और इस सेक्टर ने दो वर्ष के बाद अच्छा व्यापार के दिन देखे हैं। अकेले दिल्ली भर में छोटे बड़े मिलाकर 3 हजार से ज्यादा होली मिलन समारोह आयोजित हो रहे हैं और सभी कार्यक्रमों में शामिल लोगों को चेहरों पर एक नई खुशी तथा उत्साह का वातावरण देखने को मिल रहा है। होली का पर्व नजदीक आते ही दिल्ली के सभी थोक एवं खुदरा बाजार पूरी तरह सजे हुए हैं। सभी बाजारों में दुकानों पर गुलाल और पिचकारी के साथ होली के अन्य सामानों की खरीदारी के लिए भीड़ लगी है। मिठाई की दुकानों पर खास तौर से होली पर बनने वाली गुंजिया आदि के बड़े स्तर पर बिक्री हो रही है।

## उप विकास आयुक्त सारण के द्वारा पोषण अभियान कार्यक्रम सम्पन्न

**प्रात: किरण संवाददाता**

प्रियंका रानी उप विकास आयुक्त सारण के द्वारा पोषण अभियान अंतर्गत पोषण पखवाड़ा 2024 का पोषण मेला स्टॉल प्रदर्शनी मिलेट रेसिपी प्रतियोगिता एवं स्वस्थ बालक बालिका पारितोष वितरण का कार्यक्रम सारण समाहरणालय परिसर में किया गया! जिसमें सभी प्रखंड से स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा हेतु नामित एक-एक बच्चे एवं मिलेट रेसिपी प्रतियोगिता हेतु सभी प्रखंड के एक-एक सेविका को पुरस्कृत किया गया! कुमारी अनुपमा जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस के द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम आंगनबाड़ी केदो पर की जाने वाली गतिविधियों तथा पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी स्टॉल प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को दी गई ! पोषण भी पढ़ाई भी थीम के तहत आंगनबाड़ी केदो पर 3 से 6 वर्ष के बच्चों को पोषण के साथ-साथ शिक्षा भी दी जा रही है! पोषण पखवाड़ा 2023 में जिलास्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले टॉप तीन परियोजना प्रथम स्थान दिघवारा, द्वितीय स्थान नगरा एवं तृतीय स्थान पानापुर के प्राप्त करने के लिए तीनों परियोजना के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं सभी महिला पर्यवेक्षिका को सम्मानित किया गया! सिद्धार्थ सिंह जिला समन्वयक पोषण अभियान सारण के द्वारा बताया गया कि पोषण पखवाड़ा 2024 विभाग द्वारा जारी कैलेंडर के अनुरूप जिला, प्रखंड, पंचायत एवं आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर 9 से 23 मार्च तक विभिन्न प्रकार के गतिविधियों आयोजित करते हुए इसकी इंट्री जन आंदोलन डैशबोर्ड पर की जा रही है, जिससे जिला और परियोजना का रैंकिंग निर्धारित होता है! वर्तमान में सारण जिला पोषण पखवाड़ा 2024 में राज्य स्तर पर आठवें स्थान पर है' इस कार्यक्रम में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक एवं जिला परियोजना सहायक पोषण अभियान सारण, प्रखंड समन्वयक, महिला पर्यवेक्षिका डाटा इंट्री ऑपरेटर सेविका सहायिका एवं आईसीडीएस के अन्य उपस्थित थे!

# बिहार दिवस के 112 वें स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**प्रात: किरण संवाददाता**



परसाः-बिहार के 112 वें स्थापना दिवस के मौके पर शुक्रवार को परसा प्रखंड के परसौना पंचायत स्थित जे डी प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्तरीय विद्यालय के परिसर में बिहार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छात्राओं ने बिहार के सुप्रसिद्ध कत्थक नर्तक एवम विद्यालय के नृत्य शिक्षक बक्शी विकाश के निर्देशन में प्रस्तुत आकर्षक होली नृत्य एवम बिहार गीत की प्रस्तुति कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावे छात्राओं ने फाइन आर्ट्स के शिक्षक विकास कुमार के संयोजन में लगी पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश देकर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। इससे पूर्व बिहार दिवस समारोह का उद्घाटन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार आलोक एवम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विद्यालय के पूर्व शिक्षक सत्य नारायण राय ने शिक्षक अभय कुमार तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार आलोक ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के बारे दर्शकों को विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं ने की मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति-कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की छात्राओं ने इंद्रधनुषी होली गीत से की। कार्यक्रम के दौरान पूरा विद्यालय परिसर अबीर-गुलाल के रंगों से सराबोर हो गया। छात्राओं के इस मनमोहक नृत्य पर दर्शकों की देर तक तालियां बजती रही। वही विद्यालय की छात्राओं ने बिहार गीत हम धरती पुत्र बिहारी है कि प्रस्तुति कर समा बांध दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक अजय कुमार एवम पुलिस कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विद्यालय के संगीत शिक्षक गोविंद वल्लभ ने भी बिहार गीत ये है मेरा बिहार की प्रस्तुति की। वही अतिथि कलाकार के रूप में आरा से आई नृत्यांगना स्नेहा पांडेय अपनी कत्थक नृत्य की प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दी। इन्होंने भगवान कृष्ण एवम राधा रानी के नोक झोंक पर आधारित होली गीत पर भावपूर्ण नृत्य की प्रस्तुति की। इनका रहा अहम योगदान-बिहार दिवस समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक अवधेश कुमार लाल कर्ण, अरुण कुमार झा, पुलिस कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, अमित रंजन, राकेश कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, जमशेद आलम, अजय कुमार, अभय कुमार तिवारी, संतोष कुमार यादव, चंदन कुमार ठाकुर, दीप कुमार पाल, बक्शी विकास, विकास कुमार, शिक्षिका स्मिता सिंह, कविता कुमारी, विवू कुमारी, पल्लवी कुमारी, सृष्टि कुमारी, कुमारी निशा एवम लिपिक इंदू कुमारी ने अहम भूमिका निभाई। समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के वरीय शिक्षक पुलिस कुमार ने किया।

## नगरा में होली पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक, दिए गए कई दिशा निर्देश

**बैठक के बाद जन प्रतिनिधियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर दी बधाई**

**प्रात: किरण संवाददाता**

नगरा। ओपी थाना परिसर में शुक्रवार को होली को लेकर शांति समिति की बैठक की गई. जिसकी अध्यक्षता नगरा ओपीध्यक्ष विजय रंजन कुमार की. बैठक में उपस्थित लोगों ने अपनी बात और होली पर्व में उत्पन्न समस्याओं को थानाध्यक्ष के समक्ष रखा. लोगों की बात सुनने के बाद ओपीध्यक्ष ने कहा कि होली के बहाने हुडदंग करने वाले व अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी. डीजे नहीं बजेगा. डीजे बजाते हुए पकड़े जाने पर साउंड बॉक्स, मशीन सेट जब्त कर उसके संचालक व अन्य पर कानूनी कार्रवाई होना तय है. उन्होंने जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से शांति ब्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक मामले में आप सभी के सहयोग की अपेक्षा है. वहीं बैठक के बाद लोगो ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी. वहीं इस अवसर पर कादीपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार मिश्रा, सरपंच तम्मन्ना आलम, अरुण कुमार बयाहुत, रवि प्रकाश, चितरंजन कुमार, संजीत कुमार राय, मो. रेयाजुद्दिन, जयप्रकाश मिश्रा, नीरज कुमार, ओपी थाना के अपर थानाध्यक्ष सूची कुमारी, शिवशंकर राय, भागीरथ कुमार, शुनिल कुमार पुलिस कर्मी सहित कई अन्य गणमान्य लोग थे।

# सुनीता को मिलेगी आप की कमान? केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली की सीएम बन सकती हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी ने आम आदमी पार्टी के साथ-साथ दिल्ली सरकार के सामने नेतृत्व संकट पैदा कर दिया है। आप को पार्टी का नेतृत्व करने के लिए जल्द केजरीवाल का विकल्प ढूंढना होगा। अब केजरीवाल के संभावित रिप्लेसमेंट के रूप में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज के नामों के बारे में चर्चा चल रही है।

अब आप के सामने एक योग्य नेता उतारने की चुनौती है जो केजरीवाल की गैरहाजिरी में दिल्ली में पार्टी और सरकार दोनों को संभाल सके। हालांकि, आप नेतृत्व के लिए एक ऐसा नाम ढूंढ पाना वास्तव में एक बड़ा काम है जो 2012 में पार्टी की स्थापना के बाद से पार्टी के संयोजक और तीन बार दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे केजरीवाल के कद के करीब आता हो। पार्टी के लिए विकल्प काफी सीमित हैं।

आप के लिए केजरीवाल का रिप्लेसमेंट जल्द तलाशना और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि आम आदमी पार्टी दिल्ली, पंजाब, गुजरात, असम और हरियाणा में लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है, जहां केजरीवाल को पार्टी का स्टार प्रचारक होना था। पूर्व आईआरएस अधिकारी सुनीता केजरीवाल के अलावा आप मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज के नाम भी इस शीर्ष पद के लिए चर्चा में हैं।



दिल्ली सरकार में शिक्षा, वित्त, पीडब्ल्यूडी, राजस्व और सेवाओं सहित सबसे अधिक विभाग रखने वाली आतिशी को अरविंद केजरीवाल का करीबी सहयोगी माना जाता है। वह पार्टी प्रवक्ता भी हैं, जो आप सरकार और अरविंद केजरीवाल का बचाव करती रही हैं। वह अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस और समाचार चैनलों पर भाजपा पर हमले करती रही हैं।

सौरभ भारद्वाज भी दिल्ली सरकार के एक बड़े मंत्री हैं। उन पर स्वास्थ्य और शहरी विकास सहित कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी है। वह पार्टी का एक जाना-माना चेहरा भी हैं, जो अक्सर पार्टी और उसके नेताओं का बचाव करने और शासन और राजनीति के मुद्दों पर केंद्र में भाजपा और उसकी सरकार पर जवाबी हमला करने में लगे रहते हैं।

हालांकि, पिछले साल दिसंबर में आप ने एक हस्ताक्षर अभियान ÷मैं भी केजरीवाल÷ चलाया था, जिसमें लोगों से पूछा गया था कि क्या उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए या गिरफ्तार होने पर जेल से सरकार चलानी चाहिए। इस अभियान के दौरान, आप प्रमुख ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया के लिए पार्टी विधायकों और दिल्ली नगर निगम पार्षदों से मुलाकात की थी। भारद्वाज ने हाल ही में एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, ÷इस अभियान में लगभग 90त्न लोगों ने राय दी कि केजरीवाल के पास दिल्ली का जनादेश है और उन्हें चुना गया है।

## रडार पर एल्विश के कई दोस्त, फाजिलपुरिया से पूछताछ की तैयारी में नोएडा पुलिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेव पार्टी करने और उसमें सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव के कई और दोस्त पुलिस के रडार पर हैं। पुलिस उनसे भी पूछताछ कर सकती है। पुलिस ने बुधवार को एल्विश के दो दोस्तों ईश्वर और विनय यादव को गिरफ्तार किया था। विनय यूट्यूबर एल्विश यादव का पुराना दोस्त है। विनय गिरफ्त में आए ईश्वर का भी दोस्त है। विनय पहले एल्विश के साथ ही रहता था। ईश्वर का बैंक्वेट हॉल और टेंट हाउस का काम है। ईश्वर की पूर्व में गिरफ्तार हुए राहुल सपेरा से दोस्ती है।

विनय के कहने पर राहुल ही बुकिंग पर सांप और उनके जहर के साथ संपेरों की टोली लेकर पहुंचता था। पुलिस ने एनडीपीएस की छह धाराओं को केस में बढ़ाया था। इनमें से दो धाराएं 27 और 27ए कमजोर पड़ गई हैं। अब एनडीपीएस की चार धाराएं एल्विश पर लगी रहेंगी।

एल्विश की मां सुषमा यादव और पिता राम अवतार ने बताया कि उनका बेटा अक्सर वीडियो शूट के लिए दोस्तों से कार उधार लेता है। उन्हें वापस करने से पहले वीडियो बनाता था। उन्होंने अपने बेटे के पास प्रॉपर्टी होने की बात को भी खारिज किया है। यूट्यूबर एल्विश यादव को मारपीट मामले में 27 मार्च को गुरुग्राम कोर्ट में पेश किया जाएगा। गुरुग्राम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने पुलिस द्वारा दायर प्रोडक्शन वारंट के आवेदन पर एल्विश को उपस्थिति होने को कहा है।

सांपों का जहर सप्लाई करने के मामले में गुरुवार सुबह एक खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई।

## भले ही प्रधानमंत्री मोदी मेरे पास आएं ..., केएस ईश्वरप्पा ने लोकसभा चुनाव निर्दलीय लड़ने व जीतने का किया दावा

**बेंगलुरु , एजेंसी।** कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री व भाजपा नेता केएस ईश्वरप्पा ने कहा कि वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आएं और उन्हें मनाने का प्रयास करें। शिमोगा में आयोजित सार्वजनिक सभा में एक महिला समर्थक के सवाल पर उन्होंने यह जवाब दिया। वह हावेरी-गडग लोकसभा सीट से अपने बेटे केई कांतेश को टिकट नहीं दिए जाने से पार्टी नेतृत्व से नाराज हैं।

कर्नाटक के पूर्व मंत्री ने महिला समर्थक के सवाल के जवाब में कहा कि समर्थकों की इस भीड़ में मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि भले ही मोदी मेरे घर आने का भी प्रयास करें तो भी मैं उनकी बात नहीं मानूंगा। मैं अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं का अपमान नहीं करूंगा और मुझे विश्वास है कि मैं सफलतापूर्वक चुनाव लड़ूंगा और जीतूंगा।



इससे पहले उन्होंने कहा था कि मैंने 40 साल तक पार्टी की ईमानदारी सेवा की है। इसके बावजूद मेरे बेटे को टिकट नहीं मिला और पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा के बेटे को दोबारा टिकट मिल गया। सीटी रवि, सदानांद गौड़ा, नलिन कुमार कटील और प्रताप सिम्हा ने भी मेरे समर्थन में पार्टी के फैसले को अनुचित बताया। इस सूची में बेटे कांतेश को टिकट नहीं मिलने से नाराज ईश्वरप्पा ने पार्टी के ही खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया था।

सदानंद गौड़ाभाजपा से नाराज कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद डीवी सदानंद गौड़ा ने कहा कि वह कांग्रेस में शामिल होने के लिए भाजपा नहीं छोड़ रहे हैं और वह पार्टी की राज्य इकाई के शुद्धिकरण के लिए काम करेंगे। किसी का नाम लिए बिना राज्य भाजपा में परिवारवाद का आरोप लगाते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में पार्टी की जिम्मेदारी लेने वाले लोग स्वार्थी हो गए हैं। 71 वर्षीय नेता बेंगलुरु उत्तर से लोकसभा चुनाव का टिकट दोबारा नहीं दिए जाने से नाराज है।

### भाजपा नेता सीटी रवि पर चला चुनाव आयोग का चाबुक

बेंगलुरु , एजेंसी । निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लेकर आपत्तिजनक ट्वीट मामले में भाजपा नेता सीटी रवि के खिलाफ चिक्कमगलुरु पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है । कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी । समाचार एजेंसी एएनआई ने कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के एक पोस्ट के हवाले से बताया कि ( भाजपा नेता ) सीटी रवि द्वारा एक्स पर पोस्ट के संबंध में चिक्कमगलुरु डीईओ ने 20 मार्च, 2024 को आईपीसी की धारा 153ए और आरपी अधिनियम की धारा 126 के तहत चिक्कमगलुरु टाउन पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई । चुनाव आयोग की कार्रवाई पर भाजपा नेता सीटी रवि की प्रतिक्रिया सामने आई । उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ कांग्रेस की ओर से की गई एफआईआर की डीटेल मुझे मिली है । एक सनातनी के रूप में मैंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा की गई गैरजिम्मेदार और असंवेदनशील टिप्पणियों का जवाब दिया ।

## एनकाउंटर पर पत्नी का सवाल, बोली- नक्सली नहीं किसान था पति

दंतेवाड़ा, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में माओवादी के एनकाउंटर को लेकर एक बार फिर सवाल खड़ा हो गया है। दंतेवाड़ा में कथित नक्सली की पत्नी ने जवानों पर लूटपाट और किसान पति को नक्सली बताकर हत्या करने का आरोप लगाया है। छत्तीसगढ़ में यह कोई पहली बार नहीं है कि नक्सलियों के एनकाउंटर पर सवाल खड़ा किया जा रहा हो। इससे पहले भी इस तरह के एनकाउंटर पर कभी परिजन तो कभी भी नेताओं ने सवाल खड़े किए। बीते दिनों कांकेर जिले में फर्जी एनकाउंटर को लेकर सवाल खड़ा किया गया था, तो वही इस बार दंतेवाड़ा जिले में कथित नक्सली की पत्नी ने जवानों पर फर्जी एनकाउंटर करने का आरोप लगाया है। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में नक्सली मुठभेड़ की घटना को 24 घंटे का वक्त भी पूरा नहीं हुआ था कि इस मुठभेड़ में मारे गए कथित नक्सली की पत्नी ने फर्जी मुठभेड़ बताते हुए इसे नक्सली नहीं बल्कि किसान की हत्या बताया है। यह मामला किरंदुल थाना क्षेत्र के गमपुर का है?। जहां ग्रामीणों ने सुरक्षा बलों पर गंभीर आरोप लगाते हुए जवानों की इस मुठभेड़ को फर्जी मुठभेड़ बताकर किसान की हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। बीते दिनों दंतेवाड़ा में जवानों के द्वारा मुठभेड़ में एक पुरुष और एक महिला नक्सली का एनकाउंटर किया था। जिसमें एक महिला नक्सली को मार गिराया गया था उसके ऊपर 5 लाख के इनाम का का दावा किया था। वही दूसरा पुरुष नक्सली बताया जा रहा था जिसके ऊपर 1 लाख का इनाम घोषित होना बताया जा रहा था। जिसको लेकर पुलिस ने यह दावा किया था कि यह दोनों नक्सली कई बड़ी घटनाओं में भी शामिल थे। बाद में पुलिस ने सर्चिंग अभियान चलाते हुए दोनों ही नक्सलियों के शव को जंगल से बरामद करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। वही जब नक्सली मुठभेड़ की जानकारी लगी तो पुरुष नक्सली की पत्नी और गांव के लोग जिला अस्पताल पहुंचे और वहां जमकर बवाल मचाना शुरू कर दिया। वहीं परिजनों ने शव को लेने से भी मना कर दिया था।

पुलिस एनकाउंटर में मारा गया पुरुष नक्सली को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीण लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया है। उनका आरोप है कि वह किसान है और उसका नाम लचछु है। वह जंगल में महुआ बिनने के लिए गया हुआ था। इस दौरान फोर्स ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी है। इसके अलावा ग्रामीण लोगों ने जवानों पर गांव में उत्पाद मचाने और घरों में घुसकर लूटपाट करने का आरोप भी लगाया है। इसके अलावा जवानों पर 45000 रुपए लूटने के आरोप भी लगे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों से यह कहा है कि उनके पैसे भी वापस किए जाने चाहिए। वहीं पूरे मामले को लेकर बस्तर इलाके में लंबे समय से सक्रिय समाजसेवी सोनी सोढ़ी ने कहा कि मृतक का भाई सोमडू डीआरजी का जवान है। इसके अलावा उसका चचेरा भाई भी फोर्स में है।

## तालिबान की धमकी के बाद पाकिस्तान देने लगा शांति की दुहाई कहा - हम जंग नहीं चाहते


**इस्लामाबाद, एजेंसी।** कुछ दिनों से पाकिस्तान और तालिबान के बीच युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। पहले खुद पर आतंकी हमले का आरोप लगाते हुए पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में घुसकर एयरस्ट्राइक की। जिसमें तीन बच्चों समेत आठ की जान चली गई। जानकारी मिली है कि पाक-अफगान बॉर्डर पर तालिबान की तरफ से पाकिस्तानी सेना पर फायरिंग की गई है। गुरुवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का बड़ा बयान सामने आया। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इस्लामाबाद काबुल के साथ जंग नहीं चाहता है। पाकिस्तानी सरकार का यह बयान तालिबान की धमकी के बाद आया है, जिसमें तालिबान ने अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गुरुवार को कहा कि इस्लामाबाद काबुल के साथ किसी तरह का युद्ध नहीं चाहता है। आसिफ ने वॉयस ऑफ अमेरिका से कहा, हम अफगानिस्तान के साथ जंग नहीं चाहते हैं और बल प्रयोग



अंतिम उपाय है। रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अफगानिस्तान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य प्रतिबंधित संगठनों द्वारा पाकिस्तान में बढ़ते आतंकवादी हमलों के कारण दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। इससे पहले पाकिस्तान ने सोमवार को खुफिया सूचना के आधार पर अफगानिस्तान में एक ऑपरेशन चलाया था। टीटीपी के हाफिज गुल बहादुर ग्रुप को निशाना बनाया। पाकिस्तानी सेना का आरोप है कि 16 मार्च को उत्तरी वजीरिस्तान में किए गए हमलों और कई आतंकवादी हमलों के लिए टीटीपी जिम्मेदार है।

## नवलनी की मां को अदालत से झटका, जेल में बेटे की अनुचित देखभाल का आरोप वाला मुकदमा खारिज

**मॉस्को, एजेंसी।** दिवंगत रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में संदिग्ध तरीके से हुई मौत को लेकर हंगामा जारी है। उनका परिवार लगातार रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जिम्मेदार ठहरा रहा है। इस बीच, नवलनी की मां ल्यूडमिला नवलनया को झटका लगा है। मॉस्को की एक अदालत ने नवलनया की उस मुकदमे को खारिज कर दिया है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि नेता को आर्कटिक दंड कॉलोनी में सही से चिकित्सा देखभाल नहीं मिली, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। नवलनी के 'फाउंडेशन फॉर फाइटिंग करप्शन' के पूर्व निदेशक इवान झदानोव ने गुरुवार को कहा कि लेबितनांगी की अदालत ने यह कहते हुए मुकदमा खारिज कर दिया कि केवल नवलनी ही इस बारे में शिकायत कर सकते थे। झदानोव ने कहा कि एलेक्सी नवलनी ने जेल में चिकित्सा देखभाल के खिलाफ कई बार मामले दायर किए थे। अब जब वह मारे गए, तो उनके



परिवार की भी नहीं सुनी जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, नवलनी के परिवार और समर्थकों ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर उनकी हत्या करने का आरोप लगाया है, हालांकि क्रेमलिन ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। नवलनी की विधवा यूलिया नवलनया ने गुरुवार को कहा कि अदालत ने मुकदमा इसलिए खारिज कर दिया क्योंकि सुनवाई होती तो मौत की परिस्थितियों के बारे में वीडियो और अन्य जानकारी का खुलासा हो जाता।

एलेक्सी नवलनी की 47 वर्ष की आयु में मॉस्को से लगभग 1900 किमी उत्तर-पूर्व में आर्कटिक सर्कल के उत्तर में एक शहर खारप में आईके -3 अधिकतम सुरक्षा जेल कॉलोनी में मृत्यु हो गई थी। उन्हें उग्रवाद के आरोपों पर 19 साल की सजा मिली थी। उनके मृत्यु प्रमाण पत्र में कहा गया है कि मौत प्राकृतिक कारणों से हुई थी। यमालो-नेनेट्स ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट प्रशासन ने कहा था कि जेल में टहलने के बाद नवलनी का स्वास्थ्य ठीक नहीं था। टहलने के दौरान बेहोश हो गए थे। इसके बाद मेडिकल स्टाफ को बुलाया गया, लेकिन वह होश में नहीं आए।

उनकी मृत्यु के तीन दिन बाद भी उनके परिवार को उनका शव देखने की इजाजत नहीं दी गई है। उनके शव को रासायनिक जांच के लिए भेजा गया है और इस वजह से उनके परिजनों को शव के लिए 14 दिन का इंतजार करना पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निकुल ने तकनीकी कारण से स्थगित की अपने पहले रॉकेट की लॉन्चिंग

**चेन्नई , एजेंसी।** स्टार्टअप कंपनी अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीकी समस्या के कारण अपने पहले राकेट की लॉन्चिंग को स्थगित कर दिया है। कंपनी ने गुरुवार को इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर लॉन्चिंग स्थगित किए जाने की जानकारी दी। मिशन अग्निबाण एसओआरटीईडी (सब आर्बिटल टेक्नोलाजी डिमान्स्ट्रेटर) को 22 मार्च को सुबह सात बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो परिसर में स्थित अग्निकुल के प्राइवेट लांच पैड से लांच करने की योजना थी। प्रेस सूचना ब्यूरो की ओर से बताया गया है कि लांच की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। इस राकेट में दुनिया का पहला 3डी-प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक राकेट इंजन है।

### त्यौहार के लिये बादाम को अपना भरोसेमंद स्नैक बनाइये

**भोपाल।** होली एक खुशनुमा त्यौहार है, जिसे चटकीले रंगों से मनाया जाता है। त्यौहार के इस मौके पर अपने प्रियजनों के साथ उपहारों का आदान-प्रदान करना और स्वादिष्ट पकवानों पर टूट पड़ना लोकप्रिय परंपरा है। हालांकि, त्यौहार के बीच अस्वास्थ्यकर स्नैक्स और खाद्य पदार्थों को जरूरत से ज्यादा न खा लेने की सावधानी रखना भी महत्वपूर्ण होता है। यह चीजें लंबे समय तक सेहत पर असर डाल सकती हैं। ऐसे में मुट्ठीभर बादाम को अपने आहार में शामिल करने से स्वाद तो बढ़ेगा ही, सेहत को फायदे भी मिलेंगे। इस तरह से उत्सव संतुलित और मजेदार हो जाएगा। होली के उत्सव पर अपने विचार रखते हुए, बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने कहा, ''हर किसी की तरह, मुझे भी अपने प्रियजनों के साथ होली मनाना पसंद है। मुझे घर पर होली पार्टी रखना पसंद है, जहाँ परिवार इकट्ठा होकर त्यौहार के पकवानों पर टूट पड़ता है। मैक्स हेल्थकेयर-दिल्ली में डायटेटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दर ने कहा, ''होली मनाने के दौरान स्नैक्स को लेकर सोच-समझकर फैसले करने से हमारी सेहत पर बड़ा असर हो सकता है। अस्वास्थ्यकर स्नैक्स के बजाए बादाम जैसे पोषक विकल्पों को चुनकर आप न सिर्फ त्यौहार का उत्साह बढ़ा सकते हैं, बल्कि अपनी सेहत भी अच्छी कर सकते हैं। बादाम अच्छे फैट्स और प्रोटीन्स से भरी होती हैं। वह वजन कम करने वाले मील प्लान के लिये आदर्श हैं। उनसे संतोष और पोषक-तत्व मिलते हैं।

### मंगलागिरी सीट से लड़ेंगे नायडू के बेटे नारा लोकेश

**अमरावती , एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के छह पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। पुलिवेंदुला निर्वाचन क्षेत्र से मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी चुनाव लड़ रहे हैं। वह पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी के बेटे हैं। वाईएसआर परिवार का गढ़ माने जाने वाले पुलिवेंदुला निर्वाचन क्षेत्र का राजशेखर रेड्डी ने 1978 से 2009 के बीच छह बार प्रतिनिधित्व किया था। तीन बार मुख्यमंत्री रहे और तेदेपा के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश मंगलागिरी सीट से दूसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। 2019 के चुनाव में वह इस सीट से हार गए थे।

### शरद पवार की पार्टी को सबसे ज्यादा क्विक सप्लाई ने दिया चंदा

**मुंबई, एजेंसी।** मराठा छत्रप और वरिष्ठ नेता शरद पवार की पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) को क्विक सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड ने सबसे ज्यादा चंदा दिए हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, एनसीपी को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए कुल 28.5 करोड़ रुपये का दान मिला है। इनमें क्विक सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड का अंशदान 10 करोड़ रुपये है, जो एनसीपी को मिले कुल चंदा का करीब 35 फीसदी है। क्विक सप्लाई के अलावा एनसीपी को चंदा देने वालों में राहुल भाटिया (3.8 करोड़ रुपये), टोरेंट पावर लिमिटेड (3.5 करोड़ रुपये), और मगरपट्टा टाउनशिप डेवलपर्स एंड कन्सट्रक्शन कंपनी (3 करोड़ रुपये) बड़े दानदाता के तौर पर शामिल हैं। एनसीपी के अन्य दानदाताओं में महालक्ष्मी विद्युत प्राइवेट लिमिटेड, नांदेड़ शहर विकास और निर्माण, अंबुजा हाउसिंग एंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर, साइज़ाकेम प्राइवेट लिमिटेड, एसईजेड बायोटेक सर्विसेज, चंदा इन्वेस्टमेंट ट्रेडिंग.कॉम लिमिटेड और गोवा कार्बन लिमिटेड भी शामिल है।

## सिख विवाह अधिनियम में संशोधन की तैयारी, 18 साल से कम उम्र के लोग नहीं कर सकेंगे शादी

**लाहौर , एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पहले सिख मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा है कि प्रांतीय सिख अधिनियम में संशोधन होंगे, जिसके तहत 18 साल से कम उम्र के सिख शादी करने के लिए अयोग्य होंगे। बुधवार को पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (पीएसजीपीसी) की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए रमेश सिं अरोड़ा ने कहा कि पाकिस्तान के सिख अधिनियम में नए संशोधन अल्पसंख्यक समुदाय के पक्ष में होने जा रहे हैं।

अल्पसंख्यक मामलों के प्रांतीय कैबिनेट मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा कि सिख आनंद विवाह अधिनियम 2018 में 18 वर्ष से कम उम्र के सिखों को विवाह के लिए अयोग्य बनाने समेत कुछ संशोधन किए जाएंगे और इसे जल्द ही कैबिनेट द्वारा मंजूरी दे दी जाएगी। बैठक में लाहौर, ननकाना साहिब, पांजा साहिब, डेरा साहिब और पेशावर से हेड ग्रांटी भी शामिल हुए। बैठक के दौरान सिख एक्ट में कई संशोधनों की सिफारिश की गई।

संशोधित कानून के मुताबिक, विवाह गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं के अनुसार होगा। जोड़े को एक फॉर्म भरना होगा और शादी के 30 दिनों के भीतर अधिकृत रजिस्ट्रार को जमा करना होगा। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के सदस्य रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा कि यूनियन काउंसिल सभी विवाहों का रिकॉर्ड रखेगी। बैठक के दौरान सुलह परिषद, विवाह रजिस्ट्रार और रजिस्ट्रार की नियुक्ति के संबंध में विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक के नतीजे के मुताबिक, विवाह के लिए सिख लड़के और लड़कियों की उम्र 18 वर्ष होनी चाहिए। इस दौरान इस बात पर भी सहमति बनी कि पांच सदस्यीय संगत किसी भी मुद्दे पर अपने प्रस्ताव पेश करेगी। यह भी निर्णय लिया गया कि तलाक चाहने वाले जोड़े को यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष को एक लिखित नोटिस भेजने के लिए बाध्य किया जाएगा,



जो नोटिस प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर एक सुलह समिति का गठन करेगा। यदि जोड़ा 90 दिनों के बाद मेल-मिलाप करने में विफल रहता है, तो एक प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार, नौकाएं की जब्त

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंकाई नौसेना ने अपनी समुद्री सीमा में घुसपैठ और गैरकानूनी तरीके से मछली पकड़ने की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में दो अलग घटनाओं में गुरुवार को 32 और भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछली पकड़ने वाली पांच मशीनीकृत नौकाएं जब्त कर ली। तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने प्रारंभिक रिपोटरं के हवाले से बताया कि गिरफ्तार मछुआरे रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम के रहने वाले हैं।

रामेश्वरम से बुधवार सुबह 2000 से अधिक मछुआरे नियमित रूप से मछली पकड़ने के लिए निकले थे। उनमें से तीन नौकाओं पर सवार 25 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने उस समय हिरासत में ले लिया, जब वे कथित तौर पर डेल्फ़्ट द्वीप के पास मछली पकड़ रहे थे। उन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मन्नार ले जाया गया है। एक अन्य घटना में, पाक जलडमरूमध्य में मछली पकड़ने के आरोप में सात मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। कथित तौर पर दो नौकाओं पर सवार मछुआरों को कानूनी कार्रवाई के लिए कांकेसंतुरई बंदरगाह ले जाया गया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129